

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबरमन्त्र

सबकी बात सबके साथ

## न्यूज डायरी

### विपक्ष को होमवर्क करना चाहिए : धनखड़

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल के बयान पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर दूं कि उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति को देश में सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। कोई संवैधानिक उल्लंघन नहीं हुआ है। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति या अध्यक्ष का पद उनके स्तर पर ही रखा जाना चाहिए। प्रमुख विपक्षी दल के सदस्य के रूप में मैं आपसे अपील करूंगा, आपको अपना होमवर्क करना चाहिए।

### उपाध्यक्ष पैनल में जया समेत 13 महिला सदस्य

**नयी दिल्ली।** सपा से राज्यसभा सांसद और मशहूर अभिनेत्री जया बच्चन ने गुरुवार को राज्यसभा में उपाध्यक्ष की भूमिका निभायी। बता दें कि उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने 13 महिला राज्यसभा सदस्यों को शामिल करते हुए उपाध्यक्षों के पैनल का पुनर्गठन किया।

### 10 खालिस्तानी समर्थकों की तस्वीरें की जारी

**अमृतसर।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर मार्च 2023 में हुए हमले के मामले में जांच के बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 10 आरोपियों की तस्वीरें जारी की हैं। आम जनता से आरोपियों के बारे में जानकारी मांगी है।

### पीएम पद पर फैसला चुनाव के बाद : येचुरी

**नालंदा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद इंडिया गठबंधन के नेता मिलकर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का फैसला लेंगे। श्री येचुरी ने गुरुवार को राजगीर में पार्टी के तीन दिवसीय शिविर के अंतिम दिन संबोधित कर रहे थे।

### कोडरमा स्टेशन से तीन बच्चियां तस्कर से मुक्त

**कोडरमा।** मानव तस्करी कर दिल्ली ले जायी जा रही तीन बच्चियों को कोडरमा रेलवे स्टेशन पर झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-4 से मुक्त कराया गया। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है।

### झारखंड दौरे पर चुनाव आयोग की टीम

**रांची।** चुनाव की तैयारी का जायजा लेने भारत निर्वाचन आयोग की टीम दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार देर शाम रांची पहुंची। नई दिल्ली से रात 9 बजे के करीब रांची पहुंचे चुनाव आयोग के अधिकारी आज राज्य के डीसी संग रणनीति बनायेंगे।

## गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




# भारी बारिश से रांची समेत कई शहर जलमग्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से रांची समेत झारखंड के कई जिलों में गुरुवार को जोरदार बारिश हुई। राजधानी रांची में दोपहर बाद हुई तेज बारिश ने शहर की सूरत ही बिगाड़ दी। झारखंड के अन्य तमाम जिलों के भी यही हाल रहे। अगले दो दिनों तक बारिश के आसार हैं। मुख्य मार्गों समेत गली मुहल्ले जल मग्न हो गये। कई इलाकों के घरों में पानी घुस गया। तमाम सड़कों पर कहीं घुटने तो कहीं जांघ तक जलजमाव हो गया। सड़कें तालाब नजर आने लगीं। लोगों का आना जाना घंटों मुश्किल रहा। वीआइपी रोड (हरमू रोड) भी पानी से भर गया। इसी सड़क से राज्यपाल,

**तमाम सड़कों पर कहीं घुटने, तो कहीं जांघ तक जलजमाव**

सीएम समेत तमाम मंत्री और प्रतिनिधि सचिवालय समेत विधानसभा जाते आते हैं। लगता था जैसे रांची की सड़कों पर नदी बह रही हो। रातू रोड, मेन रोड, बाइपास रोड का भी यही हाल था। गुदड़ी स्थित बलदेव सहाय लेन, हरमू रोड, कांके रोड, (कृषि भवन) के पास, हरमू कॉलोनी, नीचे कांटा टोली, हिंदपीढ़ी खेत मुहल्ला, नेजाम नगर, मोजाहिद नगर, करम चौक, विद्यानगर, पुराना अरगोड़ा, बली बगीचा, पुंदाग, ढीपाटोली आदि क्षेत्र के लोग भी जलजमाव से परेशान रहे। शहर में बने बेतरतीब ड्रेनेज सिस्टम की वजह से हल्की बारिश में भी स्थिति नारकीय रही।



बारिश के बाद कांटाटोली फ्लाईओवर के पास का नजारा

# आज से डॉक्टरों की हड़ताल बढ़ेगी मरीजों की परेशानी

## मारपीट के दोषियों की गिरफ्तारी तक होगा कार्य बहिष्कार

- सुबह छह बजे से ठप की जायेगी चिकित्सा सेवा
- एमजीएम जमशेदपुर में डॉ कमलेश के साथ परिजनों ने की थी मारपीट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के विभिन्न अस्पतालों में इलाजरत और इलाज को पहुंचे मरीजों की परेशानी आज से बढ़ सकती है। ऐसा इसलिए कि प्रदेश के चिकित्सकों ने शुक्रवार से बेमियादी हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। उनका कहना है कि डॉक्टर से मारपीट के दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने तक अस्पतालों में कार्य बहिष्कार किया जायेगा। मालूम हो कि एमजीएम जमशेदपुर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कमलेश उरांव के साथ मरीज के परिजनों ने पिछले दिनों मारपीट की थी।

घटना के बाद दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण राज्यभर के चिकित्सक आक्रोशित हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) और झासा ने शुक्रवार को सुबह 6 बजे से घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी नहीं होने तक राज्य भर में चिकित्सा सेवा ठप करने का ऐलान कर दिया है। इसे लेकर आईएमए और झासा ने संयुक्त रूप से राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह और रिम्स निदेशक डॉ आरके गुप्ता को पत्र लिख कर कार्य बहिष्कार की सूचना दी है।

### एमजीएम में प्रदर्शन जारी



एमजीएम जमशेदपुर में इस घटना के बाद से चिकित्सक कार्य बहिष्कार पर हैं। भारी बारिश के बीच एमजीएम के चिकित्सक दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन कर रहे हैं।

### मरीज का अहित नहीं चाहते : डॉ प्रदीप

आईएमए के सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने कहा कि मारपीट की घटना का वीडियो फुटेज वायरल हो रहा है और यह प्रशासन के पास भी है। दोषियों को चिन्हित किया गया है। बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से राज्य भर के चिकित्सकों में आक्रोश है। हम मरीजों का अहित नहीं चाहते, लेकिन मरीजों की सेवा करने वाले चिकित्सकों के साथ मारपीट की घटना से हम सब का मनोबल टूटता है। उन्होंने कहा कि कार्य बहिष्कार के दौरान इमरजेंसी सेवा पर असर नहीं पड़ेगा।

## मातृशक्ति का भरोसा देश को नयी दिशा देगा : मोदी

# राज्यसभा ने सर्वसम्मति से महिला आरक्षण बिल पास किया

- बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े, किसी ने नहीं किया बिल का विरोध

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाला संविधान संशोधन विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गयी। राज्यसभा ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल सर्वसम्मति से पास कर दिया। विपक्ष द्वारा लाये सभी संशोधन गिर गये। बिल के समर्थन में 215 वोट पड़े, किसी भी सदस्य ने बिल का विरोध नहीं किया। लोकसभा ने बुधवार को ही पास कर दिया था। राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर करीब 10 घंटे तक चर्चा चली। कानून मंत्री



अर्जुन राम मेघवाल ने चर्चा का जवाब देते हुए कहा, हम बिल लटकाने, भटकाने के लिए नहीं लाये हैं। यह बिल लागू होकर रहेगा। राज्यसभा में अपने संबोधन में पीएम मोदी ने सभी से आग्रह किया था कि इसे सर्वसम्मति से पास करायें। इस बिल का समर्थन करने के लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं। इससे पूर्व लोकसभा में पीएम ने इसे भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल करार देते हुए कहा कि मातृशक्ति का भरोसा देश को नयी दिशा देगा। इससे पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक पेश किया था।

(शेष पेज 11 पर)

### कोई राजनीति नहीं : वित्त मंत्री

चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भाजपा के महिलाओं के सम्मान के प्रति सदैव प्रतिबद्ध है। उनकी पार्टी महिलाओं के मामले में कोई राजनीति नहीं करती। वित्त मंत्री ने कहा कि इस विधेयक का मसौदा बहुत सोच-समझकर बनाया गया है। यह विधेयक काफी समय से प्रतीक्षित था। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने जो रास्ता चुना है, वह सबसे छोटा और सही रास्ता है। हम यह मानते हैं कि आज अगर यह विधेयक पारित करते हैं तो 2029 में 33 प्रतिशत महिलाएं सांसद बनकर आ जायेंगी। यह बात पक्की है। विपक्षी दलों द्वारा इस विधेयक को अभी ही लागू किये जाने की मांग का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि कुछ संवैधानिक व्यवस्थाएं होती हैं।

## ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट का आदेश रद्द, हाइकोर्ट ने कहा

# ...ये कानून नहीं जानते इन्हें ट्रेनिंग की जरूरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने रांची सिविल कोर्ट के जेएमएफसी (ज्यूडिशयल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास) अशोक कुमार के आदेश पर कड़ी टिप्पणी करते हुए उनका आदेश रद्द कर दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि जेएमएफसी का आदेश कानून को दरकिनार कर दिया गया प्रतीत होता है। इसके साथ ही हाइकोर्ट ने कहा कि जेएमएफसी अशोक कुमार को लॉ की बेसिक जानकारी नहीं है और इन्हें ट्रेनिंग की आवश्यकता है। इसलिए वे हर रविवार ज्यूडिशल एकेडमी में जाकर ट्रेनिंग लें।

**आदेश की कॉपी ज्यूडिशल कमिश्नर को भेजी :** हाइकोर्ट ने अपने इस आदेश की कॉपी रांची सिविल कोर्ट के ज्यूडिशल कमिश्नर को भी हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के माध्यम से भेजी है। उन्हें निर्देश दिया है कि हाईकोर्ट के इस आदेश का अनुपालन कर रिपोर्ट दी जाये। दरअसल, यह मामला इश्तेहार जारी करने के आदेश को रद्द करने से जुड़ा हुआ है। रांची जेएमएफसी के कोर्ट ने राहुल राय के खिलाफ इश्तेहार जारी करने का आदेश पारित कर दिया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी थी। इस मामले में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अंकित अपूर्व ने बहस की।

# कुली के ड्रेस में राहुल ने उठाया सामान, सुना दर्द

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की। उन्होंने कुलियों से बात कर उनकी परेशानियां सुनी। इस दौरान राहुल ने कुली की ड्रेस पहनकर यात्रियों का सामान भी उठाया। जिसका वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है।



दरअसल, अगस्त के महीने में कुलियों ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी, जिसका एक वीडियो सामने भी आया था। जिसके बाद अब राहुल गांधी ने कुलियों से मुलाकात की है। वीडियो में राहुल गांधी कुली की ड्रेस पहन यात्रियों का सामान सिर पर उठाकर ले जाते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ कुली उनके साथ चल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, जननायक राहुल गांधी दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

## कनाडा बना आतंकी गतिविधियों का केंद्र : भारत

# कनाडा के नागरिकों की इंट्री रोकी, वीजा भी बंद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच गतिरोध बढ़ता जा रहा है। तनाव के बीच केंद्र सरकार ने एक और बड़ा ऐक्शन लेते हुए कनाडा के नागरिकों के लिए भारत एंट्री पर रोक लगा दी है। वहां के लोगों के लिए भारत ने वीजा सेवाओं को अनिश्चितकाल तक के लिए बंद कर दिया है। भारत ने एक बार फिर से कहा है कि कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। वहां भारतीय दूतावास के कर्मचारी सुरक्षित नहीं हैं। भारत ने गुरुवार को कहा कि कनाडा की ओर से खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में भारत को एक भी सबूत नहीं दिये गये।

(शेष पेज 11 पर)

### कनाडा में एक और आतंकी सुक्खा दुनुके की हत्या

नयी दिल्ली। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद एक और गैंगस्टर का मर्डर हो गया। कनाडा के पीनीपेग सिटी में सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनुके की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। सुक्खा आतंकवादी अर्शदीप सिंह उर्फ अर्श का राइट हैंड माना जाता था। वह खुफिया एजेंसी एनआइए की वॉटेंड लिस्ट में भी शामिल था। सूत्रों के मुताबिक सुक्खा को करीब 15 गोलियां मारी गयीं। सुक्खा की हत्या की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेन्स बिश्नोई गैंग ने ली है। (पेज 12 भी देखें)

## कृषि उत्पादन बाजार समिति धनबाद से बाहरी लोगों को दुकान देने का मामला

# जांच करने टीम पहुंची, 48 घंटे में मांगी रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि उत्पादन बाजार समिति धनबाद के प्रभारी सचिव द्वारा नियम कानून की अवहेलना कर पैसे लेकर दुकान बेचने के मामले की जांच होगी। जांच टीम धनबाद रवाना हो गयी है। 48 घंटे में जांच कर रिपोर्ट मांगी गयी है। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबू बकर सिद्दीक ने बुधवार को ही धनबाद डीसी और मार्केटिंग बोर्ड की एमडी से जांच करने को कहा है। उन्होंने दोनों अधिकारियों से दो दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट मांगी है। कृषि सचिव ने धनबाद डीसी से कहा है कि एडीएम स्तर के अधिकारी से पूरे मामले की जांच कर कर दो दिनों में रिपोर्ट दें। वहीं, मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक कमलेश्वर प्रसाद सिंह से भी दो दिनों में जांच रिपोर्ट मांगी है। इससे संबंधित खबर आपके अपने अखबार दैनिक खबर मन्त्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। बाजार समिति ने 40 लख रुपये में यूपी के व्यापारी को बेच दी दो दुकान नामक शीर्षक से प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया है।

(शेष पेज 11 पर)

### खबर मन्त्र इंपैक्ट

### तीन सदस्यीय जांच टीम बनी

कृषि सचिव के आदेश के आलोक में मार्केटिंग बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने जांच कमेटी बनाकर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट देने को कहा है। गुरुवार को उन्होंने चिट्ठी जारी की। मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक ने बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में तीन सदस्य कमेटी बनायी है। इसमें दो पत्राचार लिपिक विनोद उरांव और दूसरे अर्जुन कुमार पंडित भी शामिल हैं। हालांकि बोर्ड के कर्मियों का कहना है कि पत्राचार लिपिक की जगह बोर्ड में कार्यरत नियंत्रक और निगरानी को जांच टीम में शामिल किया जाना चाहिए था। परंतु बोर्ड की ओर से पत्राचार लिपिक को जांच कमेटी में शामिल किया गया है। उनका मानना है कि क्या पत्राचार लिपक एक प्रभारी सचिव के खिलाफ सही जांच कर पायेगे। बोर्ड के कुछ कर्मियों और कमेटी के सुपरवाइजरों ने जांच कमेटी पर सवाल खड़े किये हैं। वहीं प्रबंध निदेशक का कहना है की बोर्ड सचिव की अध्यक्षता में टीम बनी है। जांच रिपोर्ट इन्हें देना है, जिन बिंदुओं पर इन्हें जांच रिपोर्ट देने को कहा गया है। वह एक-एक बिंदु की जांच करेंगे।

# आज हाइकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं सीएम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इडी के समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन आज शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते है। इडी नें समन जारी कर सीएम से 23 सितंबर को ची स्थित जोनल कार्यालय में पूछताछ को बुलाया है। इडी समन के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन पहले सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ ने पहले उन्हें झारखंड हाइकोर्ट जाने को कहा था। सीएम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि ईडी को धारा 50 के

- इडी समन को चुनौती का मामला



अंतर्गत बयान दर्ज कराने या पूछताछ के दौरान ही किसी को गिरफ्तार करने का अधिकार है। इसलिए समन को स्थगित करने और पीड़क कार्रवाई नहीं करने को लेकर याचिका दायर कर सकते है। ज्ञात हो कि जमीन घोटाले में रांची के पूर्व डीसी छविरंजन, विष्णु अग्रवाल सहित 13 आरोपित जेल में बंद हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## नीमडीह स्टेशन से रेल टेका की समाप्ति, सेवा बहाल

**रांची।** सरायकेला-खरसावां जिला प्रशासन की पहल के बाद नीमडीह स्टेशन पर कुडमी समाज की ओर से जारी आंदोलन (रेल टेका) गुरुवार को समाप्त कर दिया गया। इसके बाद इस रूट से गुजरने वाली ट्रेन सेवाएं नियमित होने की उम्मीद है। सरायकेला प्रशासन की ओर से आदिवासी कुड़मी समाज और अन्य कुड़मी नेताओं के साथ हुई वार्ता में तय हुआ कि कुड़मियों को आदिवासी का दर्जा दिए जाने के मसले पर झारखंड के मुख्य सचिव के साथ वार्ता होगी।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning,**
**Road Construction Department, Nirupan Bhawan,**
**4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Short Notice, 2nd Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/57/23-24 Dated **20.09.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for 2/4-Lane configuration road from Old N.H-32 at Govindpur to Talmachcho bridge road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor , complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 6.00 Km, |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 22.09.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 05.10.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 06.10.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 10- | Pr No | 305564 Road (23-24) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
PR 307376 Road(23-24)#D Road Construction Department,Ranchi.


## सिविल जज, जूनियर डिवीजन की परीक्षा के फॉर्म भरने के लिए हाइकोर्ट से मिली 7 दिनों की छूट

**रांची।** सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में निर्धारित 35 वर्ष की उम्र पार कर जाने की वजह से परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले लाल ज्ञानरंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य को गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने सिविल जज, जूनियर डिवीजन के एग्जाम में प्रार्थियों को ऑफलाइन फॉर्म भरने के लिए और 7 दिन की छूट दी है। 21 सितंबर तक ऑफलाइन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित है। कोर्ट ने कहा है कि अब इन प्रार्थियों का एग्जाम लिया जाएगा और उनके रिजल्ट भी आएंगे। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने की।

खंडपीठ ने यह भी कहा कि प्रार्थियों का रिजल्ट इस केस के अंतिम निर्णय से प्रभावित होगा। दरअसल, प्रार्थी लाल ज्ञान रंजन नाथ शाहदेव एवं अन्य की ओर से याचिका दायर कर कहा गया था वह सिविल जज, जूनियर डिवीजन की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं। लेकिन पिछले 5 साल से सरकार ने कोई एग्जाम नहीं लिया था। इस वजह से उनकी उम्र सीमा निर्धारित 35 वर्ष से ऊपर हो चुकी है। राज्य सरकार ने पिछले 5 साल से यह एग्जाम नहीं लिया इसलिए हमें निर्धारित उच्च उम्र सीमा में छूट देते हुए एग्जाम देने की अनुमति दी जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनीत प्रकाश एवं नेहा पांडे ने पैरवी की। वहीं जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। बता दें कि जेपीएससी द्वारा सिविल जज, जूनियर डिवीजन का एग्जाम लिया जा रहा है और फॉर्म भरने की आखिरी तिथि 21 सितंबर निर्धारित की गई है।

# विधानसभा ने हाइकोर्ट को बताया तीन राज्यों में भी है नमाज कक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष के रूप में एक रूम को नोटिफाइड किए जाने को चुनौती देने वाली अजय कुमार मोदी की जनहित याचिका की सुनवाई गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में झारखंड विधानसभा की ओर से शपथ पत्र दायर कर बताया गया कि 6 राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्ष पर मंतव्य आया है, इनमें से 3 राज्यों ने कहा है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज का कक्ष है।

विधानसभा को यह भी बताया गया कि कुछ और राज्यों से नमाज कक्ष के बारे में मंतव्य अभी आना है। इसके बाद नमाज कक्ष को लेकर विधानसभा द्वारा गठित सात सदस्य वाली सर्वदलीय कमेटी अपना निर्णय लेगी। जिसे कोर्ट को अवगत कराया जाएगा। विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि बिहार, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों से विधानसभा में नमाज कक्षा के बारे में मंतव्य आ गया है इनमें से तीन राज्यों तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल एवं बिहार की ओर से बताया गया है कि उनके यहां विधानसभा में नमाज कक्ष है। कोर्ट ने मामले में 14 दिसंबर को कमेटी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश विधानसभा को दिया है।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। पूर्व की सुनवाई में उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि विधानसभा में सभी राजनीतिक पार्टियों में से 7 विधायकों की एक कमेटी बनाई गई है जो विधानसभा में नमाज कक्ष के बारे में अपनी रिपोर्ट देगी।

देश के अलग-अलग राज्यों के विधानसभा से नमाज कक्ष को लेकर एक रिपोर्ट मंगाई गई है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर कानूनी पक्ष को देखते हुए इस संबंध में बनी कमेटी अपना रिपोर्ट देगी। यह देखा जा रहा है कि देश के किन-किन राज्यों के विधानसभा में नमाज कक्ष की व्यवस्था है। बता दें कि प्रार्थी ने याचिका दाखिल कर कहा है की झारखंड विधानसभा में नमाज कक्ष नहीं होना चाहिए। झारखंड सेकुलर राज्य है, किसी समुदाय विशेष के लिए विधानसभा में कक्ष नहीं होना चाहिए।

## हाइकोर्ट ने दिया पीएफआइ सदस्यों के खिलाफ दर्ज एफआइआर रद्द करने का आदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** हाइकोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन पीएफआई (पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया) के कथित सदस्यों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। दरअसल झारखंड सरकार ने वर्ष 2018 में पीएफआई पर बैन लगाया था। जिसके बाद पाकुड़, साहेबगंज और जामताड़ा जिले में करीब सौ से ज्यादा लोगों के खिलाफ अलग-अलग जिलों में तीन एफआईआर दर्ज की गई थी, दो मामले पहले ही खत्म हो चुके थे। लेकिन तीसरा मामला अब भी कोर्ट में लंबित था। हाइकोर्ट ने फिलहाल जिस मामले में एफआइआर रद्द करने का आदेश दिया है, वह पाकुड़ जिले से जुड़ा हुआ है। पाकुड़ में पीएफआई के कथित सदस्यों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 86/2018 दर्ज की गई थी।

ओबेदूर रहमान समेत कई लोग आरोपी बनाये गये थे

एफआइआर में ओबेदूर रहमान समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। एफआइआर रद्द करने के लिए ओबेदूर रहमान ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी, जिसपर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट ने सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता ए के अल्लाम और फैसल अल्लाम ने बहस की। वहीं एफआइआर रद्द होने के बाद अब सभी लोगों को ट्रायल फेस नहीं करना होगा। पुलिस ने जो एफआइआर दर्ज की थी, उसमें पीएफआई के जनरल सेक्रेटरी अब्दुल बदुद, जिला सेक्रेटरी अब्दुल हनान, ओबेदूर रहमान, पाकुड़ यूनिट के हबीबुर रहमान और शमीम अख्तर को आरोपी बनाया गया था।

### खबर एक नजर में

## नारी शक्ति के वंदन का उत्सव : अन्नपूर्णा देवी



**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा और विधान सभाओं में महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद के दोनों सदनों से पारित होने पर हर्ष की अभिव्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि उनकी हर शुरूआत सार्थक परिणति तक अवश्य पहुंचती है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान, खेलो इंडिया, सैनिक स्कूलों और सैन्य बलों में बालिकाओं के प्रवेश, महिलाओं के लिये अबतक वर्जित खनन व औद्योगिक गतिविधियों में महिलाओं को अवसर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना आदि के माध्यम से प्रधानमंत्री ने महिला आकांक्षाओं को नई ऊंचाई तक पहुंचाया और अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से आकांक्षाओं के इस चरमोत्कर्ष की प्रतिपूर्ति की है। उन्होंने उन सभी दलों और सांसदों के प्रति आभार प्रकट किया है जिन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को दोनों सदनों से पारित कराने में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को जन सेवा के लिए प्रेरित करेगा। इससे न सिर्फ नारी सशक्तिकरण होगा बल्कि महिलाओं की व्यापक भागीदारी से भारतीय लोकतंत्र सशक्त होगा।

## सीयूजे में अब पीएचडी प्रवेश परीक्षा को 5 तक कर सकते हैं आवेदन

**रांची।** केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में इस वर्ष पीएचडी कार्यक्रम में नामांकन के लिए होनेवाले पीएचडी प्रवेश परीक्षा (सीजेआरईटी -2023) के लिए आवेदन की तिथि 5 अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दी गई है। मालूम हो कि सीयूजे में इस बार पीएचडी प्रोग्राम में नामांकन के लिए सीयूजेआरईटी -2023 का आयोजन किया जा रहा है। सीयूजेआरईटी -2023 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 सितंबर 2023 से बढ़ा कर 5 अक्टूबर 2023 कर दी गई है। जो अभ्यर्थी सीयुजे से पीएचडी करना चाहते हैं, वे विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सीयूजेआरईटी -2023 में आवेदन करने के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। सीयूजेआरईटी -2023 में दाखिले के लिए अभ्यर्थियों के पास न्यूनतम योग्यता मास्टर डिग्री होनी चाहिए। परीक्षा में कुल 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि 3 घंटे होगी। भाषा का पेपर छोड़कर सीयूजेआरईटी 2023 परीक्षा अंग्रेजी भाषा में होगी।

## 1.10 करोड़ की धोखाधड़ी में तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सीआईडी के अधीन संचालित साइबर अपराध थाने की पुलिस ने 1.10 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल तीन साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी पॉल्ट्री फार्म के नाम पर खरीदे गए पॉश मशीन के जरिए ठगी की घटना को अंजाम देते थे। गिरफ्तार आरोपियों में बोकारो के हरला थाना क्षेत्र निवासी नीरज कुमार पाण्डेय, रांची के गाड़ी गांव निवासी अशोक कुमार और तमिलनाडु के चेन्नई निवासी मो. काजिम का नाम शामिल है। नीरज कुमार पांडेय मूलरूप से बिहार के रोहतास जिले में स्थित विक्रमगंज का रहने वाला है। आरोपी अशोक कुमार रांची स्थित मेसरा इलाका में पॉल्ट्री फार्म का चलाता था और उसने ही पॉल्ट्री फार्म के नाम पर चार पॉश मशीन लिया था।

**आरबीएल बैंक के अधिकारी ने दर्ज कराई थी प्राथमिकी**

आरबीएल बैंक के अधिकारी पंकज भगत ने नीरज कुमार पांडेय के विरुद्ध रांची साईबर क्राईम थाना में 1.10 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराया था। शुरूआत में बैंक ने नीरज कुमार पाण्डेय की खाता स्थिति के आधार पर एक लाख रुपया का क्रेडिट लिमिट निर्धारित की थी। लेकिन नीरज के खाते में विदेशी बैंक,मर्चेंटस के खातों से काफी बड़े-बड़े रकम हस्तांतरण होने लगा। खाते का क्रेडिट समय-समय पर बढ़ाकर 1.10 करोड़ कर दिया गया। बैंक ने जब जांच किया तो पता चला कि आरोपी नीरज के खाते से विदेशी खातों में लेन-देन हुए हैं। इसके बाद आरबीएल बैंक के मुख्य कार्यालय शाहपुरी में कार्यरत पंकज भगत ने नीरज के खिलाफ साइबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।


**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गिरिडीह।**

**नामाकंन हेतु आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गिरिडीह के सत्र **2023-24-25** में विभिन्न व्यवसायों में 3rd Round Online Admission दिनांक **18-09-2023** से **21-09-2023** तक लिया जा रहा है। निदेशालय के पत्रांक 1434 दिनांक 14.09.2023 एवं पत्रांक 1435 दिनांक 14.09.2023 के आदेशानुसार 3rd Round Online Admission समाप्त होने के पश्चात् शेश बचे रिक्त सीटों पर दिनांक **22-09-2023** एवं **23-09-2023** को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गिरिडीह में Spot Round Online Admission लिया जाएगा। Spot Round Online Admission में वैसे अभ्यार्थी भाग लेंगे जिन्होंने सत्र **2023-24-25** में नामांकन हेतु Online आवेदन किये हैं और किसी कारण वश उनका नामांकन झारखण्ड के किसी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अभी तक नहीं हो पाया है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,
गिरिडीह।

PR 307421 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)



**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id:- kodermanagarpanchayat@gmail.com)

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सभी नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा अन्तर्गत झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के तहत् बिना अनुमति के बोरिंग करना वर्जित है सभी नागरिको से अनुरोध है कि अपने परिसर में बोरिंग करने से पूर्व कार्यालय नगर पंचायत कोडरमा से अनुमति लेना सुनिश्चित करें। बिना अनुमति के बोरिंग कराने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के तहत् बोरिंग कराने वाले तथा बोरिंग करने वाली गाडी के विरूद्ध जुर्माना वसूली करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR.NO.307382 Urban Development(23-24):D


## बाजार समिति भंग होने के बाद भी चेक पोस्ट पर जारी है अवैध वसूली

- दैनिक खबर मन्त्र के पास उपलब्ध है अवैध वसूली का ऑडियो
- रोजाना लगभग एक सौ अधिक गाड़ियों से होती है अवैध वसूली
- 5 रुपये का टोकन देकर वसूले जाते हैं 40 रुपये प्रति गाड़ी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बाजार समिति भंग होने के बाद भी धनबाद बाजार समिति के चेक पोस्ट पर ट्रैकों से अवैध वसूली जारी है। दैनिक खबर मंत्र के पास इसका ऑडियो भी उपलब्ध है। सूत्रों का कहना है कि रोजाना धनबाद बाजार समिति के चेक पोस्ट पर 100 से अधिक गाड़ियों से अवैध वसूली होती है। 5 रुपये का टोकन देकर उनसे 40 से 100 रुपये तक वसूले जाते हैं। आधी कमाई प्रभारी सचिव राकेश सिंह को मिलता है। कुछ हिस्सा मंदिर में जाता है और शेष अन्य कर्मचारी बांट लेते हैं। बताया जा रहा है कि फल वाली गाड़ियों से प्रति ट्रक 100 रुपये, किरना सामान लदे गाड़ी से 100 रुपये और पिकअप वैन से 20-40 रुपये तक लिए जाते हैं। एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि रोजाना चेक पोस्ट पर 35 से 40 हजार रुपये की कमाई होती है। इसमें से आधा पैसा प्रभारी सचिव को दिया जाता है पैसा नहीं देने वाले ट्रक संचालकों को बंदूकधारियों से डराया भी जाता है।

**2015 से डिफंट हैं राज्य की बाजार समितियां :** बताते चलें कि वर्ष 2015 से राज्य की बाजार समितियां डिफंट है। बाजार समिति को तत्कालीन भाजपा की रघुबर दास की सरकार ने यह कहते हुए भंग कर दिया था, कि बाजार समितियों में भ्रष्ट्चार का बोलबाला है। इसके बाद से राज्य की किसी भी कमेटी में वसूली नहीं हो रही है। यहां तक की धनबाद के तत्कालीन प्रभारी सचिव अनंत कौशल ने भी अवैध वसूली पर रोक लगा दिया था। परंतु वर्तमान प्रभारी सचिव राकेश सिंह ने योगदान के साथ ही गाड़ियों से अवैध वसूली शुरू कर दिया। वह अपने दो निजी बंदूक धारी से व्यापारियों को डराते हुए चेक पोस्ट पर पैसे बस की वसूली करवाते हैं। इस काम में उनके सहयोगी सुपरवाइजर मयंक सिंह और लगभग 20 वर्षों से सुरक्षा प्रहरी की सेवा दे रहे टीपी सिंह की अहम भूमिका बताई जाती है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में पूछे जाने पर कि बाजार समिति भंग होने के बाद कैसे धनबाद बाजार समिति में गाड़ियों से अवैध वसूली की जा रही है? बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। बाजार समिति भंग है तो कैसे ट्रकों से पैसे (परिवहन शुल्क) लिये जा सकते हैं। इस मामले की भी जांच होगी। उन्होंने बोर्ड के सचिव अनुज कुमार प्रसाद से इस मामले की भी जांच करने को कहा है।

### भष्ट्र प्रभारी को हटायें, नहीं तो करेंगे प्रदर्शन : एस अली

झारखंड छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष ने गुरुवार को धनबाद बाजार समिति के भ्रष्ट प्रभारी सचिव पर हमला बोला है। मार्केटिंग बोर्ड के प्रबंध निदेशक कमलेशवर सिंह और बोर्ड अध्यक्ष रबिंद्र सिंह को ज्ञापन देकर धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव को हटाने की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि भ्रष्ट और घूसखोर अधिकारी के कारण व्यापारी त्रस्त हैं। राज्य सरकार की बदनामी हो रही है। ऐसे भ्रष्ट अफसर को अविलंब हटायें, अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। अध्यक्ष और एमडी के नाम गुरुवार को सौंपे ज्ञापन में एस अली ने कहा है कि व्यापारियों और अखबारों के माध्यम से यह सूचना मिल रही है की धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव राकेश सिंह द्वारा बाजार समिति भंग होने के बाद भी दुकान, गोदाम और आईबी को पैसे लेकर बेचा जा रहा है। गढ़वा बाजार समिति में भी राकेश सिंह को दुकान आवंटन के नाम पर एक सब्जी विक्रेता से 1,00,000 रुपये घूस लेते पकड़ा गया था।


**कार्यालय नगर पंचायत, कोडरमा**
(Mail Id – kodermanagarpanchayata@gmail.com)

**–: आवश्यक सूचना :–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रान्तर्गत वैसे रेस्टोरेंट मालिक, मकान मालिक, विवाह मंडप, हॉल, होटल, लॉज, दुकानदार, आर0ओ0 प्लांट व्यवसायिक संगठन इत्यादि से अपील है कि बकाया होल्डिंग टैक्स, जल कर, ट्रेड लाइसेंस एवं अन्यान्य करों का भुगतान 30.09.2023 तक जन सुविधा केन्द्र (नगर पंचायत कोडरमा) में जमा करना सुनिश्चित करेगें अथवा suda.jharkhand.gov.in के माध्यम से (Online) जमा कर सकते है, जमा नहीं करने पर झारखण्ड नगरपालिका सम्पत्ति कर (निर्धारण, संग्रहण और वसूली) नियमावली 2013 के तहत विधिसम्मत सख्त कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड नगरपालिका सम्पति कर (निर्धारण, संग्रहण, और वसूली नियमावली 2013 अधिसूचना सं0 – 641, दिनांक 17.02.2014 सह पठित अधिसूचना संख्या – 4353 एवं संशोधित नियमावली 2015 एवं 2016) के Rule 13 द्वारा नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्रान्तर्गत सभी नागरिकों को अपने धृति (Property) का स्व–निर्धारण फॉर्म कार्यालय में जमा करना आवश्यक है, जिसके पश्चात ही होल्डिंग नं0 कार्यालय द्वारा निर्गत किया जाता है। Holding Number/Paper नहीं पाए जाने पर झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत उचित कार्रवाई करने के साथ Penalty लगाने का भी प्रावधान है। उल्लेखनीय है कि होल्डिंग सं0 के अभाव में आम सरकारी सुविधाओं से वंचित किया जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत कोडरमा

PR 307388 Urban Development(23-24)#D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डुमरी (गिरिडीह)।**
Email – dumrigovtiti2016@gmail.com

**नामांकन संबंधी सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशालय नियोजन एवं प्रशिक्षण झारखण्ड राँची के पत्रांक–1435 दिनांक–14.09.2023 के आलोक में झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित NCVT के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24–2025 में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डुमरी (गिरिडीह) में ITI Web Portal(http://iti.jharkhand.gov.in) में निबंधित उम्मीदवारों (आवेदकों) के लिये दिनांक–22.09.2023 से दिनांक– 23.09.2023 तक विभिन्न व्यवसायों यथा इलेक्ट्रीशियन फिटर मैकेनिक डीजल एवं वेल्डर में रिक्त सिटों के विरूद्ध Spot Round Online Admission लिया जाना है। नामांकन संबंधी विशेष जानकारी के लिए Portal(http://iti.jharkhand.gov.in) पर विसतृत अवलोकन किया जा सकता है।

| क्रमांक | व्यवसाय का नाम | प्रशिक्षण अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रीशियन | दो वर्ष | |
| 2 | फिटर | दो वर्ष | |
| 3 | मैकेनिक डीजल | एक वर्ष | |
| 4 | वेल्डर | एक वर्ष | |

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
डुमरी (गिरिहीह)

PR 307379 (Labour Employment and Traning) 23-24 (D)


# एचइसी को बचाने के लिए रांची से दिल्ली तक आंदोलन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची एचइसी का घेराव करते कर्मचारी।



दिल्ली में प्रर्दशन करते एचइसी के कर्मचारी।

**रांची।** एचईसी को बचाने और बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर रांची से लेकर दिल्ली तक आंदोलन तेज हो चुका है। गुरुवार को एक ओर दिल्ली के जंतर मंतर पर इंडिया गठबंधन और एचईसी बचाओ मजदूर जन संघर्ष समिति के बैनर तले धरना- प्रर्दशन किया गया। वहीं दूसरी ओर रांची में एचईसी मुख्यालय के बाहर सैकड़ों की संख्या में एचईसी के कर्मचारियों ने प्रर्दशन किया। उन्होंने एचईसी को चलाने और बकाया वेतन के जल्द भुगतान की मांग की। सरकार से एचईसी को जल्द आर्थिक मदद देने का आग्रह किया।

इसी कड़ी में गुरुवार को झारखंड इंडिया गठबंधन एवं श्रमिक संगठनों की ओर से एचईसी को बचाने के लिए दिल्ली के जंतर मंतर पर गुरुवार को जेएमएम के मुस्ताक अंसारी के नेतृत्व में धरना दिया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। धरना कार्यक्रम मे एचईसी के कर्मचारियों के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान, डॉक्टर भालचंद्र कांगो, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यसभा सांसद पी संतोष , झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सांसद महुआ माजी, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह, जनता दल यूनाइटेड के राज्यसभा सांसद झारखंड जदयू के खिरु महतो, कांग्रेस विधायक राजेश कश्यप, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पांडे, भाकपा नेता केडी सिंह शामिल रहे।

नेताओं ने कहा कि चंद्रयान के लिए लॉन्चिंग पैड बनाने वाले कारखाना हिंदुस्तान हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन हटिया रांची बंद पड़ा हुआ है। नेताओं ने केंद्र की मोदी सरकार को चेतावनी देते हुए कहा एचईसी जीर्णोद्धार नहीं किया गया और मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया तो आने वाले दिन में केंद्र सरकार के विरुद्ध बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी।

### कर्मचारियों के सामने भुखमरी की हालत : लालदेव सिंह

विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मजदूर नेता लालदेव सिंह ने कहा कि कर्मचारियों के सामने भुखमरी की हालत पैदा होने लगी है। अगले महीने से हाजिरी बनाने के लगने वाली पंचिंग मशीन का विरोध करते हुए कहा की कारखाने को जेल बनाकर यहां के कर्मचारियों को आठ घंटे कैद रखना चाहते हैं, तो इसके पहले कार्यशील पूजी का प्रबंध करें, कैंटिन तथा बुनियादी सुविधाएं चालू करें तथा कर्मचारियों का वेतन भुगतान करें।

# नदी में तब्दील हुई राजधानी की सड़क! भारी बारिश के बाद कई इलाके में जल जमाव की समस्या


रातु रोड

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार की शाम हुई बारिश ने राजधानी रांची की व्यवस्था की पोल खोल दी है। सेवासदन पथ, अपर बाजार के साथ किशोरगंज का हरमू रोड पूरी तरह से पानी से भर गया। जिस सड़क से मुख्यमंत्री और राज्यपाल समेत तमाम मंत्री और प्रतिनिधि सचिवालय समेत विधानसभा जाते हैं, उस सड़क की यह हालत है कि ऐसा लग रहा है जैसे रांची की सड़कों पर नदी बह रही हो। इसमें कोई शक नहीं कि अगर कोई छोटा बच्चा पानी के इस तेज धार में गिर जाए तो बह जाएगा। रांची में भारी बारिश के कारण कई निचले इलाके में पानी भर गया। वहीं भारी बारिश के कारण कई इलाको में बिजली गुल रही। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।


अपर बाजार


जयपाल सिंह स्टेडियम के पास

# रांची में दो दिन और वर्षा के आसार, बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन की वजह से रांची समेत झारखंड के कई जिलों में गुरुवार को जोरदार बारिश हुई। बारिश से राजधानी के कई इलाकों में जल भराव से लोग परेशान रहे, वहीं गर्मी से लोगों को राहत मिली। बारिश के बाद मौसम सुहाना हो गया।

मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 22 सितंबर से राज्य में बारिश का असर कम देखने को मिल सकता है। इस दौरान कुछ हिस्सों में भी बारिश की संभावना है। विभाग की मानें तो बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर राज्य में देखा जा रहा है। 23 सितंबर तक इसका असर रह सकता है। हालांकि इस दौरान तक बारिश का असर कम हो जायेगा। वहीं, कुछ हिस्सो में धूप निकल सकती है। तो वहीं, कुछ हिस्सो में बादल छाये रह सकते है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड में बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन का असर देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही मानसून टर्फ लाइन डाल्टेनगंज और जमशेदपुर के ऊपर से होकर गुजरने से राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश हो रही है।

### चार डिग्री सेल्सियस तक होगी तापमान में गिरावट

विभाग की मानें तो आने वाले दो दिनों तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इस दौरान चार डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी। 23 सितंबर तक राज्य में कई स्थानों पर हल्के बादल छाए रहेंगे और बारिश होने की संभावना है।

## सदर अस्पताल में अतिरिक्त फायर सेफ्टी को लेकर जांच के आदेश

**रांची।** सदर अस्पताल में भवन हैंडओवर होने के छह महीने बाद ही फायर सेफ्टी पर 1.20 करोड़ रुपये खर्च कर दिये गये। इससे पहले, भवन हैंडओवर के वक्त ही 4.43 करोड़ रुपये खर्च कर फायर फाइटिंग सिस्टम लगाए गए थे। इसका शपथ पत्र भी कंस्ट्रक्शन कंपनी ने दिया है। छह महीने के अंदर ही नए सिरे से फायर फाइटिंग सिस्टम पर 1.20 करोड़ खर्च कर दिये गये। इसकी शिकायत सोशल एक्टिविस्ट ज्योति शर्मा ने की थी और टेंडर में अनियमितता का आरोप भी लगाया था। शिकायत को लेकर सिविल सर्जन की ओर से तीन सदस्यीय जांच कमिटी गठित की गई है। कमेटी को छह दिनों के अंदर जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है। बताते चलें कि सदर अस्पताल में पहले से ही सभी जगह सेंट्रल फायर फाइटिंग सिस्टम के अलावा जगह-जगह सिलेंडर लगाए गए हैं। इसके बाद भी अब अतिरिक्त तौर पर फायर फाइटिंग बॉल जगह-जगह लगाए गए हैं।

## खबर एक नजर में

### राज्य के सभी संवर्ग के शिक्षकों को मिलेगा लाभ : संयुक्त शिक्षक मोर्चा



**रांची।** झारखंड राज्य के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को बिहार राज्य के समान एम ए सी पी 2010 के प्रावधान के अनुरूप 10 वर्ष, 20 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने के उपरांत क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय वृत्ति उन्नयन का लाभ देने की मांग विगत वर्षों से झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा, एम ए सी पी शिक्षक संघर्ष मोर्चा, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सहित राज्य के विभिन्न संघ सरकार के समक्ष करते आ रहे हैं। इस को लेकर ध्यानाकर्षण समिति की दूसरी तिथि के सुनवाई में विभाग के द्वारा समिति को बताया गया है कि राज्य सरकार ने बिहार सरकार के तर्ज.पर अपने शिक्षकों को एम ए सी पी का लाभ देने के संबंध में बिहार सरकार से पत्राचार एवं मंतव्य मांगा है। समीक्षा के उपरांत इस सम्बन्ध मे झारखंड सरकार अविलंब निर्णय लेने की बात समिति के समक्ष कही है। इस संदर्भ में एमएसीपी संघर्ष मोर्चा के संयोजक अमरनाथ के मार्गदर्शन में झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक अमीन, आशुतोष, अरुण, विजय, रामकुमार, अनुग्रह, सुमन, मकसूद, मोहम्मद, प्रदीप, राकेश, सोमेश जैसे कई शिक्षक प्रतिनिधियों का प्रयास रहा है।

### एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू

**रांची।** न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ने 2024 में प्रदान की जाने वाली एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप के दूसरे दौर के लिये आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 31 दिसंबर 2023 निर्धारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि एनआईएफ ट्रांसलेशन फैलोशिप का उद्देश्य भारतीय भाषाओं में किये गये महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कार्यों के अंग्रेजी अनुवाद को प्रोत्साहित करना है। यह फैलोशिप भारत की विभिन्न भाषाओं और साहित्यिक ज्ञान परंपराओं के माध्यम से देश के समृद्ध इतिहास को खूबसूरत तरीके से प्रदर्शित करेगी। इस फैलोशिप के पहले राउंड में बांग्ला, कन्नड़ और मराठी को दिया गया का प्रकाशन 2025 तक किया जायेगा। जिन दस भारतीय भाषाओं के लिए अनुवादकों से प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे हैं। उसमें असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल और उर्दू शामिल हैं। फैलोशिप प्राप्त करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को 6 लाख रुपये का स्टायपंड प्रदान किया जायेगा। उसे यह प्रोजेक्ट 6 महीने की अवधि में पूरा करना होगा। ऐतिहासिक भारतीय भाषा के ग्रंथों के अंग्रेजी अनुवाद पर काम करने वाले अनुवादकों-लेखकों को यह ट्रांसलेशन फैलोशिप प्रदान की जायेगी।

### उत्पाद विभाग ने छह माह में वसूला 113 प्रतिशत राजस्व

**रांची।** गुरुवार को उत्पाद भवन में मद्य निषेध विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण और अन्य बिन्दुओं पर बैठक हुई। इसमें उत्पाद विभाग ने पिछले छह महीनों में लक्ष्य के विरूद्ध 113 प्रतिशत राजस्व का संग्रह करने की बात कही। बैठक में राज्य के सभी जिलों के उत्पाद पदाधिकारियों और मानव सेवा प्रदाता एजेंसियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें विभागीय सचिव ने पिछले छह महीनों में राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। उत्पाद विभाग ने छह महीनों के लिए निर्धारित राजस्व लक्ष्य के विरूद्ध 113 प्रतिशत राजस्व संग्रहण प्राप्त किया। इस वृद्धि को बनाये रखने के निर्देश दिये गये। सचिव ने सभी खुदरा उत्पाद दुकानों में जल्द सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्देश दिया। ऐसा इसलिये कि खुदरा उत्पाद दुकानों में बिक्री की जा रही शराब के संबंध में रियल टाइम मॉनिटिरिंग की जा सके। खुदरा उत्पाद दुकानों में कार्यरत कर्मियों को ससमय मानदेय का भुगतान करने के लिये मानव प्रदाता एजेंसियों को सख्त निर्देश दिया गया। उन्होंने एमआरपी से अधिक दर पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिये सभी सहायक आयुक्त उत्पाद और अधीक्षक उत्पाद को निर्देश दिया। किसी भी परिस्थिति में एमआरपी से अधिक दर पर मदिरा की बिक्री और मदिरा के मिलावट ना हो। इसके अलावा निर्देश दिया गया कि ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली के माध्यम से ही शराब की बिक्री सुनिश्चित किया जाये। देशी और विदेशी शराब की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये जेएसबीसीए को निर्देशित किया गया। खुदरा उत्पाद दुकानों से नगद राशि का संकलन करने वाली एजेंसी एसआईएस पर अपने कार्यों में शिथिलता बरतने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

### रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन 24 सितंबर से समय सारणी पर बोर्ड का निर्णय बाकी

**रांची।** रांची-हावड़ा वंदे भारत ट्रेन 24 सितंबर से शुरू होने जा रही है। इस ट्रेन को हरी झंडी देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रवाना करेंगे। इस ट्रेन के साथ-साथ पीएम देश के अन्य नौ नई वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखायेंगे। इसकी तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। इस ट्रेन के रास्ते भी तय हो चुके हैं। चेन्नई कोच फैक्टरी से दक्षिण-पूर्व रेलवे को इस ट्रेन के लिए आठ रैक मिल चुके हैं। रांची से रवाना होने और हावड़ा से लौटने का समय सारणी अभी तय नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि दक्षिण-पूर्व रेलवे की ओर से इस ट्रेन के परिचालन को लेकर टाइमिंग तय नहीं हुई है। हालांकि इसके लिए दो समय सारणी रेलवे बोर्ड को भेजी गई है। रेलवे सूत्रों के मुताबिक जो समय सारिणी बोर्ड को भेजी गई है, उस पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड रांची से हावड़ा और हावड़ा से रांची दोनों ओर से ट्रेन के समय निर्धारित करने पर विचार कर रहा है।

### झारखंड में डेंगू के मिले 156 संदिग्ध मरीज, 22 में पुष्टि

**रांची।** राज्य राजधानी रांची भर में डेंगू का में डेंगू के 12 संक्रमण नए मामले लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को राज्य में डेंगू के 156 संदिग्ध मरीज मिले हैं। जांच के बाद 22 में डेंगू की पुष्टि हुई है। सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज राजधानी रांची में मिले हैं। यहां 40 संदिग्ध मरीजों ने जांच कराया। इनमें 12 में डेंगू की पुष्टि हुई है। वहीं पूर्वी सिंहभूम में 25 संदिग्ध मरीज मिले। जांच के बाद 4 में डेंगू की पुष्टि हुई है, जबकि रामगढ़ में 3, खूंटी में 2, देवघर में 1 डेंगू के मरीज मिले हैं।

## जेपीएससी ने विवि में गैर शैक्षणिक अफसरों के लिए निकाली वैकेंसी

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने राज्य के विश्वविद्यालयों में गैर शैक्षणिक अधिकारियों के लिए वैकेंसी निकली है इनमें रांची विश्वविद्यालय, विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, सिद्धू कानू मुर्मू विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय व जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय शामिल हैं। इन सभी विश्वविद्यालयों में रजिस्ट्रार फाइनेंस ऑफिसर, एग्जामिनेशन कंट्रोलर और डिप्टी रजिस्ट्रार के पद के लिए वैकेंसी




निकाली गयी है। अभ्यर्थी 21 नवंबर 2023 तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इन सभी पदों के आवेदन के लिए स्नातकोत्तर में 55% अंक होना अनिवार्य है। वहीं 15 साल असिस्टेंट प्रोफेसर का एक्सपीरियंस होना चाहिए।

## माल-पहाड़िया जनजाति की उम्र पर रिम्स करेगा शोध

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** माल-पहाड़िया जनजाति की औसत उम्र क्यों कम है? इस पर रिम्स की ओर से शोध किया जायेगा। मालूम हो कि झारखंड के सुदूरवर्ती संताल के इलाके में रहने वाली माल-पहाड़िया जनजाति के लोगों की औसत उम्र कम होती जा रही है। इसे लेकर रिम्स का पीएसएम विभाग रिसर्च करेगा। इसमें माल पहाड़िया जनजाति के रहन-सहन, खानपान पर शोध होगा। यह पता लगाया जायेगा कि आखिर क्या वजह है कि झारखंड की माल-पहाड़िया जनजाति की औसत आयु सीमा यूरोप के स्वीडन की सामी जनजाति से कम है इसी को आधार मानते हुए शोध किया जायेगा। इसकी तुलना झारखंड के संथाल में पाये जाने वाली माल-पहाड़िया जनजाति से होगी। मालूम हो कि स्वीडन की सामी जनजाति की औसत आयु 83 साल होती है, जबकि माल-पहाड़िया की आयु 60 वर्ष से भी कम है।

**रिसर्च को ले 5 पदों पर नियुक्ति :** औसत उम्र पर शोध को लेकर रिम्स की ओर से निकाली गयी पांच पदों पर नियुक्ति के परिणाम जारी कर दिये गये हैं। इसमें प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर (कंसलटेंट) के लिए सेसिल हेम्ब्रम का चयन किया गया है। वहीं न्यूट्रीशनिस्ट (कंसलटेंट) के लिए ममता कुमारी, डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए फारूक अंसारी, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट- (मल्टीटास्किंग) के लिए चिंटू कुमार मोदक, प्रोजेक्ट अस्सिटेंट- (मल्टीटास्किंग) के लिए विजय कुमार और अकाउंट्स सपोर्ट प्रोजेक्ट अस्सिटेंट- के लिए ब्रजेश कुमार हेम्ब्रम का चयन किया गया है। शोध के लिए रिम्स के एसोसिएट डीन रिसर्च के द्वारा साक्षात्कार के आधार पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया है।

# डीसी का निर्देश, बैंकर्स समय पर अदालत में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नीलाम पत्र से संबंधित समीक्षा बैठक गुरुवार को समाहरणालय में रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता हुई। बैठक में नीलाम पत्र पदाधिकारी संजय प्रसाद, सभी सर्टिफिकेट ऑफिसर, एलडीएम रांची, सभी बैंकों के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने बैंकर्स द्वारा केस के अपडेट से न्यायालय को अवगत कराने, रजिस्टर नौ एवं दस मिलान, मिलान के लिए निर्धारित तिथि और रोस्टर के अनुसार बैंकों की उपस्थिति, यू/एस-09 के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों पर रिजॉइंडर उपलब्ध कराने, बड़े बकायेदारों को चिन्हित करते हुए नोटिस एवं वारंट से संबंधित कार्रवाई में सहयोग करने, बैंकर्स द्वारा केस में निर्धारित तिथि को पैरवी, देनदार द्वारा राशि जमा करने के उपरांत बैंकर्स द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराने की समीक्षा की। कहा कि सभी बैंकर्स न्यायालय में अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। डीसी ने सभी बैंकर्स को निर्धारित तिथि पर नीलाम पत्र शाखा आकर रजिस्टर कएवं का मिलान करने के निर्देश दिये। साथ ही सभी बैंकर्स को इस कार्य के लिए एक व्यक्ति को नामित करने को कहा।

### बैंकों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया

डीसी ने अधिकतम लंबित वाद वाले बैंक (भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया) को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी बैंकर्स मासिक प्रगति प्रतिवेदन हर माह की 2 तारीख तक नीलाम पत्र शाखा को उपलब्ध करायें। सभी बैंकर्स को दायर रक्विजिशन में पिता का नाम, पिन कोड, संपूर्ण पता, पोस्ट एवं थाना का उल्लेख करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही देनदार द्वारा राशि जमा करने के उपरांत बैंकर्स को समय पर अनापत्ति प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने को कहा गया।

# गरीबों के अनाज की कालाबाजारी कर झोली भर रहे हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

- तोरपा विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा में मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए अपील की
- महिलाओं के आरक्षण विधेयक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति जताया आभार




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने व झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का आह्वान किया। श्री मरांडी गुरूवार को खूंटी के तोरपा में संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबी को देखा है। इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही बहनों के लिये शौचालय का निर्माण करवाया, गैस कनेक्शन दिया। अब महिलाओं के लिये लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल के तहत 33 प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। इससे पहले रक्षा बंधन में बहनों को गैस पर सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया था। इस योजना के तहत 75 लाख नये बहनों को भी जोड़ा जाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-झामुमो झारखंड को लूटने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। हेमंत सरकार में अपराधियों में कानून का डर समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार में कोयला, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है।

### सीसीएल मुख्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा का प्रदर्शन सह आम सभा आज



**रांची।** कोल इंडिया में हड़ताल को लेकर गुरुवार को सीसीएल मुख्यालय में संयुक्त मोर्चा यूनियन की बैठक बीएमएस राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 5 से 7 अक्टूबर 2023 तक प्रस्तावित हड़ताल पर चर्चा की गई। बैठक में प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने को लेकर निर्णय लिया गया कि 22 सितंबर, शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय यानी दरभंगा हाउस में दोपहर 1 बजे प्रदर्शन सह सभा का आयोजन होगा। इसमें मजदूरों को हड़ताल से संबंधित विषय वस्तु से अवगत कराया जाएगा। बैठक में भारतीय मजदूर संघ के राजीव रंजन सिंह, अनूप सिंह, राजेश्वर डे, इंटक के धर्मेंद्र गोस्वामी, सुभाष चटर्जी, संजय श्रीवास्तव, हिंद मजदूर सभा से जगन्नाथ साहू, शशि शेखर आजाद, अनिल साहनी, पिंटू सिंह, राकेश, रवि, रमेश, रोहित कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार के अलावा सभी यूनियन के कार्यकर्ता शामिल थे।

# बुंडू क्षेत्र के 18216 बकायेदारों की बिजली काटने की तैयारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के 18216 बिजली उपभोक्ता के लिए बड़ी सूचना जारी की गई है। झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बिजली बिल बकायेदारों के खिलाफ सख्त कारवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत बुंडू अनुमंडल के तमाड़, सोनाहातु तथा राहे प्रखंड 18216 बिजली उपभोक्ता की बिजली काटे जाने का निर्णय लिया है। इन सभी उपभोक्ताओं का बकाया बिल पांच हजार रुपये से अधिक है। बकाए बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं कि बिजली काट दी जायेगी। इसके लिए प्रखंड के बिजली मिस्त्रियों की टीम बनाकर बकायेदारों की सूची तैयार कर ली गयी है।

इस संबंध में बुंडू के सहायक विद्युत अभियंता जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सघन बिजली चेकिंग अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चल रहे बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 30 सितंबर तक है। बुंडू अनुमंडल क्षेत्र के सभी ग्रामीण तथा नगर के घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता इस योजना का लाभ ले सकते हैं। विदित हो कि इस योजना में दिसम्बर 2022 तक का ब्याज सरकार द्वारा माफ किया जा रहा है।

### चैंबर की वार्षिक आमसभा आज, चैंबर भवन में

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की 59वीं वार्षिक आमसभा आज चैंबर भवन में सुबह 11 बजे से आयोजित है। इस अवसर पर हमें संपूर्ण झारखण्ड के अग्रणी उद्योगपति, व्यवसायी व प्रोफेशनल्स के अलावा प्रमुख विशिष्टजनों की उपस्थिति का अवसर प्राप्त होता है। चैंबर के स्थापना से अब तक पिछले 63 वर्षों से फेडरेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने की दिशा में माननीय पूर्व अध्यक्षों ने तत्कालीन परिवेश के अनुसार बेहतरी के कई प्रयास किये हैं। चैंबर न सिर्फ व्यापार-उद्योग की उन्नति के लिए कार्यरत है बल्कि जन समस्याओं के समाधान के लिए उतनी ही सक्रियता से प्रयत्नशील है। उन्होंने चैंबर प्रदेश के व्यापारियो से शामिल होने की अपील की।

# कांग्रेस नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के समर्थन, पर भाजपा की नीयत में खोट : राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए प्रधानमंत्री ने देश की महिलाओं को भी नहीं बख्शा। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही महिला सशक्तिकरण और महिला बिल को संसद से पारित किए जाने की पक्षधर रही है। मगर आम चुनावों को देखते हुए महिला बिल पारित कराने की याद भाजपा को आ गई। महिलाओं को अगर अधिकार और भागीदारी दिलाने की मंशा भाजपा को होती, तो 2010 में राज्यसभा से पारित बिल को ही लोकसभा में लेकर भाजपा को जाना चाहिए था। अगर बिल की ही चर्चा करें तो महिला आरक्षण के पूर्व जनगणना और परिसीमन का होना अनिवार्य है, जो वर्तमान परिस्थिति में 2029 के पूर्व संभव ही नहीं है। हमारी नेत्री सोनिया गांधी ने सदन में नारी शक्ति वंदन अधीनियम-2023 का पूर्ण समर्थन करते हुए यह साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी ही वो पार्टी है, जो वास्तव में महिला सशक्तिकरण की बात या उसको लागू करने को लेकर काम करती रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह, सेवादल प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. एम. तौसीफ, सतीश पॉल मुंजनी मौजूद थे।




**इंतजार के बाद और इंतजार क्यों :** राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा पेश महिला बिल के संबंध में बताया कि स्थानीय निकायों में महिलाओं की भागीदारी तय करने वाला संविधान संशोधन स्व राजीव गांधी द्वारा ही लाया गया था, जो सिर्फ सात वोटों से गिर गया था। बाद में कांग्रेस की सरकार ही ने पूर्व प्रधानमंत्री पीवी निरसिम्हा राव के नेतृत्व में इस बिल को पारित कराया था और इसी संशोधन का परिणाम है कि देश भर के स्थानीय निकायों में 15 लाख निर्वाचित महिला नेत्री मौजूद हैं। कांग्रेस पार्टी नारी शक्ति वंदन अधिनियम का पूर्णतया समर्थन करती है और इस बिल के पारित होने से हमें बेहद प्रसन्नता है। इसके बावजूद पार्टी चिंतित भी है कि महिला शक्ति विगत 13 वर्षों से राजनीतिक जिम्मेदारी का इंतजार कर रही है। उन्हें और इंतजार करने को कहा जा रहा है। आधी आबादी के साथ सरकार का यह बर्ताव सर्वथा अनुचित है।

### एनडीए सरकार में ओबीसी की उपेक्षा: आलमगीर आलम

कांग्रेस विधायक दल के नेता सह ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की मांग है कि यह बिल अविलंब अमल में लाया जाए। साथ ही जातीय जनगणना कराकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ओबीसी महिलाओं के आरक्षण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भी महिला आरक्षण विधेयक में महिलाओं के लिए आरक्षित प्रस्तावित 33 प्रतिशत सीटों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोटा निर्धारित करने की मांग की है। उन्होंने आंकड़ा रखते हुए यह बताया कि किस प्रकार से वर्तमान स्थिति में भारत सरकार के 90 सचिवों में से केवल 3 व्यक्ति ओबीसी के हैं और भारत के बजट का 5 प्रतिशत नियंत्रित करते हैं, इससे साफ पता चलता है कि ओबीसी का प्रतिनिधित्व कितना कम है। वर्तमान की भाजपा नीत एनडीए सरकार का ओबीसी को लेकर किस प्रकार से असंवेदनशील रवैया है। इससे साफ जाहिर होता है।

## कुड़मी समाज का आंदोलन रांची रेल मंडल की तीन ट्रेनें रद्द

**रांची।** आद्रा मंडल में कुरमी समाज द्वारा जन आंदोलन एवं रेक की अनुपलब्धता की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

**ये ट्रेनें रद्द रहेंगी**

- ट्रेन संख्या 08641 आद्रा - बरकाकाना पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 21/09/2023 को रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 08695 बोकारो स्टील सिटी - रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 21/09/2023 को रद्द रहेगी।
- ट्रेन संख्या 03598 आसनसोल - रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारंभ 21/09/2023 को रद्द रहेगी।

**ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन**

- ट्रेन संख्या 18602 रांची - टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग चलेगी।
- ट्रेन संख्या 22892 रांची - हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारंभ 21/09/2023 को अपने निर्धारित मार्ग कोटशिला - पुरुलिया - चांडिल के स्थान पर मुरी - चांडिल होकर चलेगी।

## रातू रोड : उम्मीदों के फ्लाईओवर की ढलाई का काम शुरू



फोटो : संजीव मिश्रा

# संकट मोचन हनुमान मंदिर की नयी समिति ने किया पदभार ग्रहण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास पर्षद द्वारा गठित संकट मोचन हनुमान मंदिर, मेन रोड रांची की नवगठित समिति ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने वालों में समिति के अध्यक्ष विजय बर्मन, उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा सन्नी, सचिव महंत सूर्य नारायण त्यागी, कोषाध्यक्ष अजय झा, सदस्य शशि सिंह, दिवेश



कुमार सिंह, कुलदीप कुमार रवि, नंदलाल साहू, प्रसनजीत सिंह, विभूति शंकर सहाय प्रमुख है।

पदभार ग्रहण करने के बाद समिति के अध्यक्ष विजय बर्मन ने संकट मोचन हनुमान मंदिर को अब सुचारु रूप से चलाया जाएगा। मंदिर मे साफ सफाई, लाइट, रंग रोगन, मंदिर को कैसे सजाया जाए इसमें कार्य किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा सन्नी ने कहा की झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास पर्षद ने हनुमान जी का सेवा करने का मौका दिया है। उस पर मैं पूरे निष्ठा के साथ खरा उतारूंगा, मंदिर को कैसे और अच्छा बनाया जाए, इसको लेकर मंदिर के सभी सदस्यों के साथ बैठक करके उसे ठीक करेंगे और मदिर को सुचारु रूप से चलाया जाएगा।

# पार्टी का नहीं, झारखंड की माटी और मनुष्य का महाधिवेशन होगा : डॉ देवशरण

## आजसू पार्टी विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर राज्य भर में करेगी 100 सभाओं का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्व. विनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती पर आजसू पार्टी पूरे राज्य में 23 सितंबर को 100 सभाओं का आयोजन करेगी। इन सभाओं में बिनोद बिहारी महतो के 'पढ़ो और लड़ो' के सिद्धांत एवं उनके द्वारा झारखंड अलग राज्य निर्माण में किए गए संघर्षो को याद किया जाएगा तथा राज्य की वर्तमान परिदृश्य पर उनके प्रासंगिक मूल्यों पर चर्चा की जाएगी। इन सभाओं की सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। यह जानकारी पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

**विधानसभा क्षेत्र के प्रभारियों को मिली सभा आयोजन की जिम्मेवारी :** उन्होंने मीडिया को इस आयोजन की जानकारी देते हुए कहा कि सभी विधानसभा प्रभारियों को इस आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है। राजमहल - एम.टी.राजा, बरेहट - चतुरानंद पांडे, पाकुड़-अकील अख्तर सिकरीपाड़ा - सुजीत मुर्मू,दुमका - अजय सिंह, नाला - माधव चंद्र महतो,जामताड़ा - तरुण गुप्ता, मधुपुर - ध्रुव प्रसाद साह, देवघर - राजा साहनी, गोड्डा - सुरेश महतो, महागामा - संजीव कुमार महतो, कोडरमा - विजय कुमार साहू, बरकळा - प्रदीप मेहता, बरही - राज सिंह चौहान, मांडू - तिवारी महतो (निर्मल महतो), हजारीबाग - विकास राणा, बड़कागांव - रौशन लाल चौधरी, रामगढ़ - सुनिता चौधरी, सिमरिया - दिलीप दांगी, चतरा - अशोक गहलोत, बगोदर - अनूप पाण्डे, गांडेय - अर्जुन बैठा, गिरिडीह - गुड्डू यादव, डुमरी - यशोदा देवी, गोमिया - डॉ लंबोदर महतो, बेरमो - काशीनाथ सिंह, बेरमो - सचिन महतो, चंदनक्यारी - उमाकांत रजक, सिंदरी - मंटू महतो (सदानंद महतो), झरिया -



अवधेश कुमार, टुंडी, बाघमारा - हलधर महतो, बहरागोड़ा - फनीभूषण महतो, घाटशिला - श्याम मुर्मू, पोटका - सागेन हांसदा, जुगसलाई - रामचंद्र सहिस, जमशेदपुर पूर्वी - सपन सिंह देव, जमशेदपुर प×िमी - कन्हैया सिंह, ईचागढ़ - हरेलाल महतो, सरायकेला - रवि शंकर मौर्या, खरसावां - संजय जय, चाईबासा - सिद्धार्थ महतो, मझगांव - नंदलाल बिरुआ, जगरनाथपुर - मंगल सिंह सुरीन, मनोहरपुर - सुदेश कुमार महतो, चक्रधरपुर - रामलाल मुंडा, सिल्ली - सुदेश कुमार महतो, खिजरी - हसन अंसारी, हटिया-भारत कांशी, कांके-राजेन्द्र मेहता, मांडर- निर्मला भगत, तोरपा एवं खूंटी- गुंजल इकिर मुंडा, सिसई, गुमला, बिसनपुर-देव शरण भगत, सिमडेगा एवं कोलेबिरा - गोपीनाथ सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, लोहरदगा- नीरू शांति भगत, मनिका एवं लातेहार -लाल गुड्डू नाथ शाहदेव और अमित पांडेय, पांकी- इम्तियाज अहमद और विकेश शुक्ला, डालटनगंज- शिव शंकर और बबलु गुप्ता, बिश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद - शिव पूजन मेहता + दिलीप चौधरी, गढ़वा और भवनाथपुर- सतीश प्रसाद और दीपक शर्मा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है।

**महाधिवेशन के पहले दिन शहीदों को श्रद्धांजलि :** डॉ देव शरण भगत ने रांची के मोरहाबादी मैदान में धरती आबा बिरसा मुंडा के परिसर में स्व. बिनोद बिहारी महतो की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर समर्पित तीन दिवसीय महाधिवेशन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि 29 सितंबर को उद्घघाटन सत्र में झारखंड के सभी अमर वीर शहीदों को श्रधांजलि दी जाएगी और झारखंड आंदोलनकारी आजसू के पूर्व नेतृत्व काताओं को सम्मानित किया जाएगा। महाधिवेशन में राज्य के सभी 32 हजार गांवों के लोग शामिल होंगे। आयोजन में शामिल होने के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। केंद्रीय महाधिवेशन में कुल 9 विषयों पर अलग अलग सत्र के जरिए चर्चा की जाएगी। इन सभी विषयों पर चर्चा के लिए संबंधित विषय के विषय विशेषज्ञ शामिल होंगे और अपने विचार रखेंगे।

### जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम पार्टी में हुए शामिल

हरमू स्थित आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह संपन्न। मौके पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में चान्हो जिला परषिद सदस्य आदिल अजीम जी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ पार्टी की सदयस्ता ली। मौके पर उन्होंने कहा कि आज अपने घर वापस आ कर अच्छा लगा रहा है। पार्टी के आगामी महाधिवेशन में पूरे ताकत से काम करेंगे और क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में लोग इस ऐतिहासिक महाधिवेशन में शामिल हो यह सुनिश्चित करेंगे। मिलन समारोह में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, उपाध्यक्ष हसन अंसारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष भारत कांशी मुख्य रूप से मौजूद थे।

### त्यागी बाबा से मिले कमिटी के सदस्य

**रांची।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड में न्यास बोर्ड द्वारा गठित कमिटी के सदस्य आये और श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सूर्य नारायण दास त्यागी बाबा से मिले। बाबा ने सभी को भक्त समझ कर आशीर्वाद दिया। इन्होंने बोला की आप भक्त हैं, आप सेवा भाव से आए है, तो स्वागत है। लेकिन आज तक कोई कमिटी नहीं थी। यह निमोर्ही अखाड़ा परिषद के परंपरा के तहत संचालित होता है। मैने कोई स्वीकृति नहीं दी है। मैं न्यास बोर्ड से बात करूंगा कि क्या कमी दिखी की बिना बात किए कमिटी का गठन किया गया। मैं न्यास बोर्ड के अधिकारी में बात करूंगा अगर ये लोग मेरी बात को नही सुनेंगे तो फिर मैं विचार करूंगा कि आगे क्या करना है।

### इनर व्हील ने मनाया शांति दिवस

**रांची।** इनर व्हील क्लब, स्वर्णरेखा और इनर व्हील क्लब पलाश के द्वारा गुरुवार को गवर्नमेंट मिडिल स्कूल के छात्राओं के साथ अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस महात्मा गांधी वाटिका मोराबादी में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।

# झारखंड प्रदेश युवा जदयू ने किया कमेटी का विस्तार

## प्रदेश अध्यक्ष ने की जिले के प्रभारियों की नियुक्ति



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश युवा जदयू ने कमेटी का विस्तार किया है। पार्टी मुख्यालय में नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों के बीच प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने संगठन को धारदार बनाने का निर्देश देते हुए कार्यों का बंटवारा किया। मौके पर निर्मल ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर युवा जदयू के पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।

उन्होंने कहा कि राजनीतिक दृष्टिकोण से आनेवाला समय बहुत महत्वपूर्ण है। कुछ माह बाद ही लोकसभा का चुनाव है। इसे देखते हुए हमें अपनी रणनीति बनानी होगी। हमें अपनी बात गांव-गांव तक पहुंचानी होगी। अपनी विचारधारा, अपनी नीतियों को स्थानीय भाषा में लोगों को समझाना होगा। स्थानीय जन मुद्दों को लेकर धरना प्रदर्शन करना होगा।

**वर्तमान सरकार के कार्यकाल में युवा वर्ग में नाराजगी :** निर्मल ने कहा कि देश की राजनीतिक परिस्थिति बिल्कुल अलग है। वर्तमान सरकार से युवा वर्ग सबसे ज्यादा नाराज है। महंगाई से आम जनता त्रस्त है। जुमलों की सरकार से देश की जनता छुटकारा चाहती है। हम अपना प्रयास अगर ईमानदारीपूर्वक करें, तो इसमें कोई दो राय नहीं कि गठबंधन की सरकार में जदयू की एक बहुत ही मजबूत भागीदारी होगी। इस मौके पर युवा जदयू के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### इन्हें दी गयी है जिम्मेदारी

**प्रदेश उपाध्यक्ष** प्रमोद राउत को तीन जिले जामताड़ा, देवघर और गोड्डा का प्रभार दिया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल सिन्हा को दुमका, साहिबगंज और पाकुड़ तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मुख्यालय प्रभारी अशोक सिन्हा को रांची सहित धनबाद, रामगढ़ और कोडरमा जिले का प्रभारी बनाया गया। प्रदेश महासचिव चंद्र भूषण सिंह को सरायकेला-खरसांवा एवं हजारीबाग, बृज मोहन सिंह को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम तथा बोकारो की जिम्मेदारी और सुजीत वर्मा को गिरिडीह जिले का प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश सचिव रविंद्र देव चरण को लोहरदगा एवं चतरा तथा जितेंद्र दुबे को गढ़वा का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# भगवान बलभद्र की पूजा अर्चना कर मांगी खुशहाली

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्रद्धालुओं ने गुरूवार को भादो कृष्ण पक्ष की षष्ठी को भगवान बलराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मन्दिर में झारखण्ड कलवार संघ के तत्वावधान में बल्भद्र जन्मउत्सव का आयोजन किया गया, संघ से सभी सम्मानित सदस्यों के द्वारा सुबह विधि विधान से पूजन के बाद महाआरती का कार्यक्रम किया गया, भगवान के दर्शनों के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु उमडे थे। इसके बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। मौके पर श्याम बाबू प्रसाद, प्रमोद



भगत, छेदी प्रसाद भगत, प्रेम कुमार, राधेश्याम गुप्ता, मुकेश लाल ब्याहुत, साधु शरण गुप्ता, केदार प्रसाद, दिलीप कुमार, शम्भु गुप्ता, अमित भगत, सीमा प्रसाद, गीता रानी, अरविन्द शाह, ओम प्रकाश गुप्ता प्रेमवर्धन प्रसाद, कृष्ण प्रसाद साहू सह झारखंड कलवार समाज के सभी सदस्य मौजूद रहे।

### गौसेवा आयोग तुष्टिकरण की राजनीति न करे : संजय पोद्दार

**रांची।** श्री महावीर मंडल डोरंडा केंद्रीय समिति के अध्यक्ष संजय पोद्दार व मंत्री पप्पू वर्मा ने झारखंड गौसेवा आयोग पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया है। नेताद्वय ने कहा कि झारखंड गौसेवा आयोग की बैठक में अराजकता नहीं फैलाने की बात कही गयी है, यह स्वागत योग्य है। लेकिन, इसमें कहीं ना कहीं तुष्टिकरण की बू नजर आती है। गौसेवा आयोग को पता होना चाहिए कि झारखंड में गौ हत्या 2015 से प्रतिबंध है। इसके बावजूद भी झारखंड में प्रतिदिन 500 से ज्यादा गौवंश काटे जाते हैं। यहां से गौवंश की तस्करी चीन तक की जा रही है। इस पर भी स्थिति आयोग को स्पष्ट करनी चाहिए।

# गणेश पूजा पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री गणेश पूजा समिति काली मंदिर रोड डोरंडा में गुरुवार को डांस कंपीशन का आयोजन किया गया। जिसमे निर्णायक के रूप मे नागपुरी फिल्म के स्टार अभिनेता रमन गुप्ता विशेस उपास्थित थे। इस प्रतियोगिता में फर्स्ट जय कुमार, सेकंड यशस्वी मल्होत्रा, थर्ड रितिका कुमारी रहीं। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के संरक्षक टापू घोष ,नवरत्न वाली ,शंभू गुप्ता, रोहित शारदा, रंतु उरांव ,अध्यक्ष नवीन मल्होत्रा सचिव अमित गुप्ता कोषाध्यक्ष विकास गुप्ता ,विक्की घोष, बिप्तू घोष, बाबू



सोना दास, अजय घोष, बबलू दास, बापी घोष, अजय घोष, श्रयेष सिंह, विकास कुमार, माही राय, नेहा दास, तोपसी घोष, माला घोष, मुनमुन घोष, चम्पा घोष, कंपा घोष, लोकेकी घोष, मोहमिता घोष, निरुपमा देवी, बीनू देवी, सरिका गुप्ता, बिना शारदा, नम्रता सोनी का भी उल्लेखनीय योगदान रहा।

# रांची विवि के हॉस्टल नंबर 4 खाली कराने पहुंचा प्रशासन, छात्रों ने मांगी मोहलत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के हॉस्टल नंबर 4 को खाली करने के लिए छात्रों ने मोहलत मांगी है। गुरुवार सुबह 11 बजे एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट मेरी मड़की की नेतृत्व में पुलिस हॉस्टल खाली करवाने पहुंची।

छात्रों ने कहा कि उनकी परीक्षा चल रही है। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। वे इतने समर्थ नहीं हैं कि तुरंत कहीं भाड़ा पर घर ले पाएं। ऐसे में उन्हें कुछ दिनों की मोहलत दी जाये। मालूम हो कि बुधवार को भी प्रशासन की टीम हॉस्टल खाली करवाने गई थी। छात्र नेता हरीश कुमार ने कहा कि



हॉस्टल में रह रहे छात्र सहयोग कर रहे हैं। विश्वविद्यालय छात्रों के रहने की कोई व्यवस्था करे, फिर छात्र हॉस्टल खाली कर देंगे।

**प्रशासन को खाली कराने से रोका जाएगा :** इस बीच रांची विश्वविद्यालय के सीसीडीसी डॉ. प्रकाश कुमार झा मौके पर हॉस्टल नंबर 4 में उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों से वार्ता की। छात्रों ने कहा कि हमें कहीं तत्काल शिफ्ट कर दिया जाए, तब हॉस्टल खाली करवाया जाए। वहीं छात्रों से वार्ता के दौरान सीसीडीसी ने कहा कि लेटर जारी कर अभी हॉस्टल खाली करवाने से प्रशासन को रोका जाएगा।

**हॉस्टल भवन तोड़ कर लाइब्रेरी भवन बनना है :** बताया गया कि झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग और सीसीएल द्वारा लाइब्रेरी बनायी जानी है। इसके लिए रांची विश्वविद्यालय की जो जमीन चिह्नित की गयी है, उसके ठीक बगल में रांची विश्वविद्यालय का यह हॉस्टल है। इसे तोड़ कर लाइब्रेरी भवन बनाया जाएगा. आसपास की खाली पड़ी जमीन पर पिछले 10 दिनों से साफ कार्य चल रहा है।

# निर्मला कॉन्वेंट में स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एदलहातू स्थित निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में गुरुवार को स्टोरी टेलिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा पंचम तक के सभी स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने बेहद प्यारे अंदाज में मंच पर आकर अपने सहपाठियों सहित उपस्थित शिक्षकों को शॉर्ट स्टोरी सुनाया। बच्चों के मुख से निकले एक-एक शब्द उनके साथियों एवं शिक्षकों में खुशी का संचार कर रहे थे। सभी के चेहरे पर हर्ष व खुशी की चमक दिखाई दे रही थी। बच्चों ने मौके पर कई कहानियां भी सुनाई जिसको सुनकर सभी रोमांचित हो उठे।

विद्यालय के प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों के



अंदर कम उम्र से ही उनके बोलने की कला का विकास किया जाना चाहिए तभी आगे चलकर वे कुशल ज्ञाता के साथ-साथ कुशल वक्ता भी बन सकते हैं और इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विद्यालय में छोटे बच्चों के बीच स्टोरी टेलिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन कराया गया है।

वहीं, विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने बताया कि विद्यालय परिवार के सभी शिक्षकों का उद्देश्य है कि बच्चें ज्ञान अर्जन के साथ साथ प्रखर वक्ता के रूप में भी उभरें। साथ ही उन्होंने अवगत कराया की इसी का प्रभाव है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के स्टूडेंट्स अपना वर्चस्व कायम करने में सफल हो रहे हैं। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति की सचिव सीमा शर्मा के द्वारा बेहतर वक्ताओं को बधाई दी गई। साथ ही उन्हें पुरस्कृत भी किया गया, जिसमें ग्रुप ए से प्रथम एंजेल सोए, दूसरे स्थान पर माही मुंडा तथा सृष्टि कुमारी तथा तीसरे स्थान पर आकृति तिर्की एवं सृष्टि कुमारी, जबकि ग्रुप बी से पहले स्थान पर अनन्या सिंह, रौनक टोप्पो, शौर्य पांडे, इनसा अतीफा, राधिका कुमारी रही तथा ग्रुप सी से हनी कुमारी, अपूर्वा कुमारी, काव्या कुमारी, आफरीन,आराध्या पांडे, नैंसी कुमारी,अंजना कुमारी तथा समीर अंसारी प्रथम रहे। इस अवसर पर अनिमा एक्का, शिवानी कुमारी, निधि कुमारी, किरण कुमारी, निशा कुमारी, सुधा राणा, मोनीबाला शर्मा सहित अन्य शिक्षक एवं स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

# गौसेवा के साथ श्री श्याम महोत्सव शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मंडल का 56वां वार्षिक मोहत्सव गुरुवार को गौ पूजन एवं गौ सेवा के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में प्रारम्भ हुआ । प्रातः अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में भव्य आरती हुई जिसमें भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे। आरती के पश्चात श्री श्याम मंडल के लगभग 50 सदस्यों की टोली ने श्री श्याम प्रभु का जयकार करते हुए सुकुरहुटू गौशाला के लिए प्रस्थान कर गौशाला में पूर्ण विधि विधान से गौ माता का पूजन वन्दन किया एवं गौ शाला स्थित मन्दिर में सामूहिक संकीर्तन कर तत्प×ात गौशाला में स्थित सभी गौ माताओं को बड़े ही श्रद्धा भाव से गुड़, चोकर , रोटी , हरी सब्जी एवम दलिया खिलाया । इस अवसर पर गौमाता का पूर्ण प्रांगण श्री श्याम प्रभु एवम गौमाता के जयकारों से गूंज रहा था साथ ही गौ सेवा के प×ात रोली चावल से गौमाता का तिलक कर 56 वें श्री श्याम मोहत्सव की सफलता के लिए आशीर्वाद लिया गया । इस मौके पर गौरव परसरामपुरिया , अशोक लाठ, सज्जन सराफ , सर्वेश बागला , अंकित मोदी , विवेक ढांढनीयां, अनिल ढांढनीयां , ज्ञान प्रकाश बागला , राकेश सारस्वत एवं प्रदीप अग्रवाल मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### दुर्गा पूजा समिति गेतलसूद के अध्यक्ष बने जैलेंद्र कुमार



**सिकिदिरी।** दुर्गा पूजा समिति गेतलसूद के अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार को चुना गया है। गुरुवार को दुर्गा मंदिर परिसर गेतलसूद में एक बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। अध्यक्षता विमल नायक ने किया। गठित कमेटी में सचिव संजय नायक कोषाध्यक्ष गणेश लोहरा को बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मुख्य संरक्षक ईश्वर चंद्र गोस्वामी कार्यकारी अध्यक्ष में कामेश्वर महतो बिगेश्वर महतो अजय उरांव शंकर बैठा तिरथ महतो उपाध्यक्ष विमल नायक वासुदेव गोस्वामी गौरी शंकर मुंडा राजन महतो कार्तिक नायक मुन्ना नायक विक्रम बैठा को बनाया गया।

### अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक को जेल

**राहे।** राहे ओपी पुलिस ने अवैध बालू परिवहन करते एक ट्रैक्टर जेएच 05 डीसी 6952 को बुधवार रात को पकड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर के चालक सह मालिक लमस मुंडा को गुरुवार को जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि राहे के राढू नदी और कोकारो नदी से अवैध बालू खनन ओर परिवहन करने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने छापामारी कर एक ट्रैक्टर को राहे .हाहे सड़क से पकड़ा। इधर राढू नदी घाट से पोगड़ाएबसंतपुर होते हुये अनगड़ा बालू परिवहन की सूचना भी पुलिस को मिली है।

### इटकी : जर्जर सड़क पर बांस लदा ट्रक पलटा

**इटकी।** रांची-गुमला फोर लेन मार्ग पर कुर्गी बस्ती के समीप गुरुवार को खराब सड़क के कारण बांस लदा एक माल वाहक ट्रक पलटी खा गया। दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ट्रक रांची से गुमला की ओर जा रहा था। ज्ञात हो कि मुआवजा नहीं दिये जाने के कारण उक्त स्थल पर करीब 100 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लंबित पड़ा है। इससे उक्त स्थल पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है।

### भक्तवेदांत गुरुकुल में राधाष्टमी कल

**सिल्ली।** प्रखंड के कुटाम स्थित भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल में आगामी 23 सितंबर दिन शनिवार को राधाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के नाम 4 बजे से रात 8 बजे तक कई कार्यक्रम होंगे। जिसमें गौ पुजाए कीर्तनए अभिषेकए कथा एवं प्रसाद वितरण आदि शामिल है। गुरुकुल के बदरांगा दास ने इसकी जानकारी देते हुए सभी आम जनों को राधाष्टमी महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

### वज्रपात से मौत पर परिजनों को मिली मुआवजा राशि

**मांडर।** अंचल कार्यालय में गुरुवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने आपदा प्रबंधन के तहत वज्रपात व रोड एक्सीडेंट के तहत मृत्यु हुए परिजनों के बीच लाखों रुपए का चेक वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मृतक को लौटाया तो नहीं जा सकता। ना ही उनकी कमी को पूरा किया जा सकता। लेकिन सरकार द्वारा दिए जा रहे सहायता से परिवार की स्थिति को सुधारा जा सकता है। उन्होंने परिजनों से कहा कि यह राशि आप लोगों के जीवन जीने के लिए जरूरी है। इसका सदुपयोग करें। इस अवसर पर अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो, जमील मालिक, आबिद अंसारी, नसीम अंसारी, सेरोफीना मिंज समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिल्ली में सात दिवसीय योग शिविर शुरू

**सिल्ली।** सिल्ली ड्रामाटिक क्लब परिसर श में सात दिवसीय योग शिविर का उद्घाटन राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह देव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात ऊंकारए गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र संकल्प मंत्र एवं प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सहयोग शिक्षक दिलीप कुमार दे ने सुक्ष्म व्यायाम, प्रणायाम, योगिंग योग, सूर्य-नमस्कार आदि का अभ्यास कराया।

# माता-पिता के बाद शिक्षक बच्चों के सबसे बेहतर मार्गदर्शक

## माउंट कार्मेल स्कूल में डायरेक्टर-डे समारोह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** माउंट कार्मेल स्कूल ओरमांझी में गुरुवार को एक समारोह आयोजित कर डायरेक्टर-डे मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने निदेशक फादर मैथ्यू को रथ पर लेकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां विद्यालय के 2100 छात्र-छात्राओं ने एक साथ फादर मैथ्यू के अभिनंदन में चश्मा लगा कर लुंगी डांस किए। बाद में विद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कई बच्चों ने म्यूजिकल नृत्य कर बाल संरक्षण का संदेश दिया। वहीं छात्र-छात्राओं के अलावा विद्यालय के शिक्षिकों द्वारा अलग-अलग ग्रुप ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। इससे पूर्व छात्राओं द्वारा अतिथियों का तिलक लगा,



कार्यक्रम में लुंगी डांस करते 2100 स्कूली बच्चे।

फुल वर्षा व टोपी चश्मा के साथ अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रमुख अनुपमा देवी ने की और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सरहाना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम देखने को लेकर काफी उत्सुकता रहती है। विद्यालय में बच्चों की बेहतर पढ़ाई के साथ संस्कारिक शिक्षा भी दी जा रही है। उन्होंने विद्यालय के निदेशक फादर मैथ्यू की भी सरहाना की। कहा कि निदेशक ने प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का बेहतर भविष्य गढ़ने के लिए काफी मेहनत की गई है। वहीं बच्चों का स्वागत से अभिभूत प्रमुख ने कहा तिलक संस्कार अनेकता में एकता का परिचायक है। वहीं विशिष्ट अतिथि आईसीआईसी बैंक प्रबंधक अजय कुमार ने विद्यालय के बच्चों की प्रस्तुती की सरहाना की और कहा कि बच्चों के माता पिता के बाद सबसे बड़े मार्गदर्शक शिक्षक ही होते हैं। उन्होंने आश्चर्य जताया कि बैंक आने वाले 80 प्रतिशत ग्राहक बताते हैं उनके बच्चे माउंट कार्मेल स्कूल में ही पढ़ते हैं। कहा इससे पता चलता है कि इस विद्यालय में बेहतर शिक्षा दी जा रही है और क्षेत्र के लोगों में विद्यालय के प्रति काफी विश्वास व भरोषा है। वहीं निदेशक फादर मैथ्यू ने अभिनंदन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के प्रति अभार जताया और कहा विद्यालय को सफलता की ऊंचाई पर ले जाने में क्षेत्र के लोगों का मिला स्नेह व विद्यालय के प्रति विश्वास व भरोषा है। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक-शिक्षकाओं की भी सरहाना की और कहा बच्चों के बेहतर षिक्षा देने में सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वाहन कर रहे हैं। इनके अलावा अन्य अतिथियों ने भी अपने संबोधन में विद्यालय व छात्र-छात्राओं की सरहाना की।

### समारोह में कई प्रमुख लोग थे मौजूद

मौके पर प्रोवंसियल रांची कार्मलाइट के प्रतिनिधि फादर मैथ्यू, बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक दीपिका कृष्णन्न, फादर कुरियन, फादर मार्कुश, प्राचार्य सिस्टर ब्रिजिट, फादर जॉय, फिरोज अंसारी, सत्येंद्र कुमार, निक्षल परिहार, शिवशंकर दता, अरूण कुमार, फांसिस टुटी, अशोक कुमार, अफरोज आलम, ज्योति कुमारी, आषा कुमारी, प्रियंका कुमारी, रिमा रजक, सुधा कुमारी, नेहा कुमारी, पूजा कुमारी, प्रियंका सिंह के साथ अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं सहित कई लोग उपस्थित थे।


अतिथियों का स्वागत करती छोटी छात्रा।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार युवक की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के अनगड़ा हुन्डरू फॉल सडक पर शालिनी अस्पताल के पास गुरुवार की शाम करीब सात बजे एक स्कूटी चालक युवक प्रेम कुमार महतो 22 वर्ष की एक अज्ञात वाहन के चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गयी । सिर पर चक्का चढ़ने से उसका सिर बुरी तरह से कुचल गया और घटना स्थल पर हीं उसकी मौत हो गयी वह सिरका गांव के अगमलाल महतो का पुत्र था । वह अनगड़ा के एक क्रसर में पोपलेन का हेलफर था । और वह पोपलेन चालक हरिशचन्द्र गोप का स्कूटी जे एच01डीवाई 4039 को मांग कर कहीं गया था फोन कर के बुलाने पर वह वापस क्रसर जा रहा था कि रास्ते में ही किसी अज्ञात वाहन के चपेट में वह आ गया । सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव को उठाकर थाना ले गायी जहां से पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रिम्स भेज दिया गया।



### अज्ञात टेंपो के धक्के से युवक घायल



**सिल्ली।** रांची पुरुलिया मार्ग पर सिल्ली ब्लॉक के महावीर मंदिर के समीप गुरुवार को हुए एक सड़क दुर्घटना में सिल्ली के लोवापिड़ी निवासी श्री प्रकाश महतो उर्फ गामा महतो घायल हो गए उनके सिर पर गंभीर चोट आई है। घटना के संबंध में लोगों ने बताया कि उनको किसी अज्ञात टेंपो ने धक्का मार दिया था। वे सड़क पार घायल पड़े थे। उनके सिर से काफी खून बह रहा था। सिल्ली लैंप्स के गोपाल कोइरी समेत उनके एक अन्य साथी ने उनको उठाकर अस्पताल में भर्ती करवाया। समाचार लिखे जाने तक इलाज चल रहा था।

# कुल्ली गांव में पशुओं को लगा टीका, टॉनिक का हुआ वितरण

**इटकी।** प्रखंड के कुल्ली गांव में गुरुवार को विशेष पशु चिकित्सा शिविर सह एफएमडी टीकाकरण का आयोजन किया गया। शिविर में पशुओं की स्वास्थ्य की जांच कर एफएमडी, खुरपका, मुंहपका रोग का टीका लगाया गया व पशुपालकों के बीच कृमिनाशक दवा, मिनरल मिक्सचर व लिवर टॉनिक का निशुल्क वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शिवानंद कांशी ने जानकारी दी कि प्रखंड में अब तक करीब 8500 पशुओं को एफएमडी का टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खुरपका मुंहपका एक संक्रामक बीमारी है। इस बीमारी से पशुओं में दूध की कमी के साथ बांझपन भी होता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक हानि होती है। पशुओं में प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए पशुओं को एलोवेरा और हल्दी 2:1 मात्रा में मिलाकर बड़े पशु को 5 चमच्च 15 दिन तक देने की सलाह दी। शिविर में कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता विजय महतो, संजय कुमार, राजू गोप, सोहन कच्छप, कमल साव, गौतम सिंह, संदीप गोप व सुखराम मुंडा को टीकाकरण के लिये भारत पशुधन एप में एंट्री करने का प्रशिक्षण दिया गया।

## एक नजर में

### हाथियों से बचाव को पटाखा का वितरण



**सोनाहातू/राहे।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हाथियों का उत्पात जारी है। शाम होते ही गांव के सड़क सुनसान हो जारी है। गुलजार होते चौक .चौराहे वीरान हो जा रही है। हाथियों का दो झुंड किसानों को परेशान कर रखा है। 21 कि संख्या वाली झुंड सोनाहातू के बांस वन में है तथा 12 की संख्या वाली झुंड राहे प्रखंड के जाराडीह गांव के पास जंगल में है। शाम ढलते ही कोई न कोई गांव निशाने में होता है और 15 से 20 एकड़ में लगे फसल नष्ट हो जाते है। बुधवार रात जिन्तु गांव के कुवंर सिंह मुंडा ओर विश्वदेव सिंह मुंडा के खेत में तैयार हो रहे धान फसल को रौंद दिया है। किसानों ने वन विभाग से मुआवजा की मांग किया है। इधर वन विभाग के प्रभारी वनपाल राजू महतो ने अम्बाझरिया के ग्रामीणों में हाथी भागने के लिये फटाखे का वितरण किये।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता की विजेता बनी खक्सीटोली की टीम



**सिकिदिरी।** प्रखंड के बरवाटोली नवागढ़ मैदान में गुरुवार को पारंपरिक सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन रामकृष्ण मिशन मोरहाबादी के मार्गदर्शन में विवेकानंद सेवा केंद्र बरवाटोली व सभी विवेकानंद सेवा संघ ने किया था।प्रतियोगिता में रामगढ़ व अनगड़ा प्रखंड की कुल आठ टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवागढ़ मुखिया भुवनेश्वर बेदिया ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपन महाराज व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा प्रमुख दीपा उरांव झामुमो जिलाध्यक्ष रामानंद बेदिया आजसू नेता रामधन बेदिया पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया व ओपी झा उपस्थित थे।

### उदयपुर शिरि परगना के पड़हा राजा हरिश्चंद्र सिंह मुंडा का निधन, शोक

**नामकुम।** उदयपुर शिरि परगना पडहा राज के राजा हरिश्चन्द्र सिंह मुण्डा का निधन गुरूवार को हो गया। वे पिछले एक महीने से बीमार थे और रिम्स में उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार शाम लगभग पांच बजे उनका अंतिम संस्कार पारंपरिक रिति रिवाज के साथ हुड़वा के करकट्टा गांव में कर दिया गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड गए है। पडहा राजा भाजपा के सदस्य थे। अन्तिम संस्कार के अवसर पर पूरे पडहा क्षेत्र के बडी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे। उनके निधन पर पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने शोक जताया है।

### खिलाड़ियों के चयन के लिए फुटबॉल प्रतियोगिता

**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में झारखंड प्रीमियर लीग फुटबाल टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गुरुवार को खिलाड़ियों के चयन हेतु फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सिल्ली विधानसभा के क्षेत्र के लगभग 160 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉलर अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को कई टिप्स दिए एवं खेल के गुर सिखाया। मौके पर अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर अजय सिंह के साथ बिनोद कश्यप संजय दास बंकिम सिंह मनोज सिंह मौजूद थे।

# रातू और ब्राम्बे-मुड़मा सड़क किनारे चला बुलडोजर

## एनएच-75 किनारे से हटाये गये मकान और दुकान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर सीओ प्रदीप कुमार ने गुरुवार की दोपहर राष्ट्रीय राज मार्ग संख्या-75 पर किये गये अतिक्रमण को बल पूर्वक हटवा दिया। इसके लिये उन्होंने जेसीबी का सहयोग लिया। ललितग्राम स्थित एसबीआई से काठीटांड़ चौक तक सड़क के किनारे दुकान लगाने वाले लोगों को श्री कुमार ने 24 घंटे पूर्व नोटिस दी थी, लेकिन किसी ने भी इस पर अमल नहीं किया। इससे नाराज होकर जेसीबी से दुकानें तोड़वा डाली। मौके पर गश्ती दल व पीसीआर की टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी और जवान आदि मौजूद थे।

### अतिक्रमण के खिलाफ अभियान

**मांडर।** एनएच-75 मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे- मुड़मा सड़क के दोनों किनारे दर्जनों मकान एवं दुकान पर गुरुवार को प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर सड़क से अतिक्रमण खाली कराया। मांडर अंचल अधिकारी विजय हेमराज खलखो के नेतृत्व में मांडर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं दर्जनों सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया। वहीं इस बीच कई दुकानदार प्रशासन से अतिक्रमण खाली करने के लिए समय मांग रहे थे, लेकिन प्रशासन एक नहीं सुने। सीओ विजय हेमराज खलखो द्वारा यह कार्रवाई जिला पदाधिकारी के निर्देश पर की गई है। प्रशासन के इस कठोर निर्णय से प्रखंड क्षेत्र के अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मची हुई है। इस क्रम में अंचल अधिकारी ने बताया कि सभी चौक चैराहा से अतिक्रमण खाली कराया जाएगा। मौके पर मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव, एएसआई प्रदीप कुमार चौबे, एनएचएआई के अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### संघ ने आभार जताया

चौक की सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाये जाने पर दुकानदार संघ ने प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया है। वहीं प्रभावित दुकानदारों ने बताया कि उनकी तो रोजी-रोटी ही छिन गयी है। दुकान के जरिये परिवार का भरण-पोषण करते थे, लेकिन अब इसमें भी लाले पड़ गये। उन्होंने सीओ से समीप के सरकारी जमीन को चिन्हित कर दुकान लगाने की अनुमति दिये जाने की मांग की है। ताकि भुखमरी की स्थिति से निजात मिल सके।

# इंद्र पूजा समिति : जयगोविंद उर्फ लालू साहू बने मुख्य संरक्षक

## 27 को लगेगा मेला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** रामजानकी मंदिर गांगुटोली में इंद्र पूजा समिति ओरमांझी की एक महत्पूर्वण बैठक हुई। पूर्व प्रमुख जगोविंद उर्फ लालू साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में इंद्र पूजा व मेला को सफल बनाने के लिए विचार विमर्ष किया गया। बताया गया कि 27 सितंबर को एक बजे से इंद्र पूजा और दोपहर तीन बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। वहीं पूजा व मेला सफल बनाने के लिए समिति का गठन व विस्तार किया गया है। जिसमें पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू को मुख्य संरक्षक बनाया गया। वहीं अध्यक्ष शिवनारायण साहू, सचिव नोना पाहन, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष सुनील मुंडा, अरुण साहू, राजू मुंडा, नेपाल मुंडा, उपकोषाध्यक्ष दशरथ पाहन, उपसचिव अर्जुन साहू व गोपाल मुंडा, मीडिया प्रभारी कृष्णा पाहन को बनाया गया।

### इनका हुआ चयने

रूपेश साहू, मुकेंद्र मुंडा, प्रकाश मुंडा, मनोज साहू, महेश साहू, अनोज मुंडा, हरिश्चंद्र साहू, दीपक मुंडा, दिनेश साहू, सिकेन्द्र मुंडा, भानू साहू, विमल मुंडा, महेश मुंडा, कविश्वर मुंडा, गणेश महतो, प्रकाश मुंडा, दीपक मुंडा, दिलेश्वर मुंडा, सागर मुंडा, मनोज मुंडा, सुजीत मुंडा, राजू मुंडा, सन्नी करमाली, करण मुंडा, सचिन साहू, पन्नालाल मुंडा, मंगेश साहू, किशोर मुंडा, रामधिरन मुंडा, मुकेश मुंडा, शशि मुंडा, विनोद मुंडा, आदित्य मुंडा, अशोक साहू आदि शामिल हैं।

# खलारी में खनिज संपदा रहते रैयत हैं बोरोजगर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के 13वां स्थापना दिवस गुरुवार को डकरा अम्बेडकर पार्क में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्याथिति के रूप में आरवीएम केंद्रीय अध्यक्ष फागु बेसरा व विशिष्ट अतिथि आरवीएम के महासचिव सैनाथ गंझू मौजूद थे। इस दौरान अतिथियों को डकरा पुल से कार्यक्रम स्थल तक आदिवासी पारंपरिक नृत्य ढोल नगाड़े मंदार के थाप के साथ स्वगत किया गया। मौके पर फागु बेसरा ने कहा कि खनिज संपदा रहते हुए भी रैयत विस्थापित बोरोजगर है। आज स्तिथि ऐसा है कि लोग पलायन करने पर मजबूर है। आदिवासियों की भूमि लूट रही है। और उनका अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीसीएल जिस तरह रैयतों का जमीन लेकर खदान चला रही है। इस तरह से रैयतों को अनदेखी किया जा रहा है, जबकि नियमतः रैयतों को विस्थापित करने के बाद पक्का मकान नल, जल, बिजली व्यवस्था देना है, परन्तु एनके एरिया के रैयतों को पांच डिसमिल जमीन देकर छोड़ दिया जा रहा है। इसे लेकर लड़ाई लड़नी होगी। आरवीएम एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन जिस तरह से रैयतों का शोषण कर रही है।



### कार्यक्रम में थे मौजूद

मौके पर रंथू उरांव, नरेश गंझू, बिनय खलखो, अब्दुल्ला अंसारी, अमृत भोगता, इकबाल हुसैन, मुक्कदर लोहरा, मनोज चंद्रा, रामचंद्र उरांव, जेपी महाराज, इस्लाम अंसारी, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, प्रकाश महतो, इंद्रा देवी, सरस्वती देवी, कासिम उर्फ मुन्ना, सोनू पांडेय, सुनील सिंह, अनिता एक्का, गोल्डन यादव, सुनील सिंह, पुतुल देवी, पुष्पा खलखो, दीपमाला कुमारी, ललिता देवी, सुनीता देवी, शांति सेवी, जगनारायण महतो सहित अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खोड़हा दलों ने नृत्य से बांधा समां मांदर की थाप पर झूम उठे लोग

## लापुंग प्रखंड में करम पूर्व संध्या समारोह



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लापुंग।** कोनो वने अहिरा गइया रे चराय सातो भईया सातो करम गड़ाय सातो गोतनी करम गड़ाय फगुआ भगत के आदिवासी खोड़हा नृत्य दल देवगांव की टीम की लोकगायिका बिरसमणी उरांव और मंगरी उरांव के करम गीतों पर लापुंग प्रखंड के डुगडुगिया मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह के दौरान मांदर की थाप के साथ हजारों लोग झूम उठे। लापुंग पड़हा समाज के संयुक्त तत्वावधान में लापुंग इंटर कॉलेज के निकट डुगडुगिया मैदान में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पड़हा सरकार जागरे उरांव ने कहा कि झारखंड सहित पूरे देश में आदिवासियों की संस्कृति परंपरा और रीति रिवाज ही हमें बाकी समाज से अलग करती है। अति प्राचीन काल में पड़हा व्यवस्था से ही दुनिया की प्राचीनतम लोकतांत्रिक न्यायपालिकाए कार्यपालिका तथा विधायिका की परिकल्पना आदिवासियों ने ही की थी। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि लापुंग में आदिवासियों और मूलवासियों के द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाने वाला प्रकृति का पर्व करमा भाई और बहन के प्यार का पर्व के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि आज भी लोकगीतों में सातों भईया करम गडाय़ जैसी पंक्तियां भादो एकादशी के दौरान श्रवण की जाती है। वहीं उप प्रमुख विश्वनाथ मुंडा ने कहा कि हमें अपनी पहचान के लिए आदिवासियत को बचाना बेहद जरूरी है। सुखदेव लोहरा ने भी लोगों को अपनी गीतों से प्रभावित किया। कार्यक्रम का संचालन पड़हा दीवान सह पूर्व मुखिया जयंत बरला ने किया।

# बाजपुर टंगराटोली को हरा जेजेएफसी चोरेया बना चैंपियन

## तिगरा में मारूति मंगल फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** तिगरा टिकराटोली में सामाजिक और धार्मिक संस्था मारुति मंगल परिवार की ओर से आयोजित तीन दिनी फुटबॉल टूर्नामेंट गुरुवार की शाम समाप्त हो गया। फाइनल में जेजेएफसी चोरेया ने टंगराटोली बाजपुर को रोमांचक मुकाबले में 1-0 से शिकस्त देकर चैंपियनशिप जीत ली। पराजित टीम कोई गोल न कर सकी। इससे पूर्व खेले गये सेमी फाइनल में एएफसी अरगोड़ा ने भूषण बोरिंग सेंटर, बाजपुर की टीम को पटकनी दी। विजेता को 1.11 लाख नकद व ट्रॉफी और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को 77.777 हजार नकद व ट्रॉफी तथा तीसरे व चौथे स्थान में आने वाली टीम को क्रमशः 33 हजार 333 व 11 हजार 111 रुपये नकद व ट्रॉफी भेंट की गयी। दीपक लकड़ा को मैंन ऑफ द मैच का खिताब मिला। वह ट्रॉफी से पुरस्कृत किये गये। टूनामेंट में 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक मैच में एक खिलाड़ी को मैंने ऑफ द मैच और प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी विशाल लोहरा को मेन ऑफ द सीरिज से नवाजा गया।



अतिथियों के साथ विजेता टीम के खिलाड़ी।

### इन्होंने निभायी भूमिका

मारुति मंगल परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष बिक्रम महतो, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुमेश कुमार समेत अनुज तिर्की, निरंजन गोप, भोला कोइरी, अजय योगी, मदन कुमार, मुकुंद महतो, संदीप रुद्रा, कामेश्वर महतो, दीनदयाल लोहरा, अमरनाथ भोक्ता, संजय कुमार, कामेश्वर भोक्ता, पवन कुमार, मनोज महतो, छोटन महतो, तपेश्वर कुमार, बिक्की कुमार, बबलू कुमार, धर्मचंद महतो, अजित कुमार, दुर्गा, सुरेंद्र गोप व सुरेश महतो आदि।

### जानें क्या है उद्देश्य

पारितोषिक वितरण समारोह में बिक्रम महतो ने कहा कि परिवार का उद्देश्य खेल के प्रति ग्रामीण युवाओं को जागरूक बनाना है। इससे वह सामाजिक गतिविधि से जुड़ सकेंगे। वहीं उन्हें अपनी प्रतिभा में निखार लाने का भी मौका मिलेगा। श्री महतो ने टूर्नामेंट के दौरान अनुशासित होकर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की तारीफ करते हुये उनके उज्वल भविष्य की भी कामना की।

# खबर मन्त्र

रांची. शुक्रवार .22 सितंबर 2023




## कनाडा की क्रूरनीति

**प्र**धानमंत्री मोदी ने साफ तौर पर कह दिया था कि कनाडा को खालिस्तान जैसे आतंकी संगठन पर कठोर कदम उठाने होंगे। लगता है भारत की नसीहत जस्टिन ट्रूडो को अच्छी नहीं लगी। जी-20 के सम्मेलन से वापस लौटने के बाद बगैर सबूत के हरजीत सिंह निज्जर की हत्या का आरोप उन्होंने भारत पर मढ़ दिया। हालाँकि भारत ने इससे साफ तौर से इनकार किया है। लेकिन यह कनाडा की राजनीतिक चाल है। जस्टिन सरकार कनाडा में रह रहे भारतीय मूल के सिख समुदाय की सहानुभूति लेना चाहती है। जबकि सच यह है कि सरकार अभी तक यह पता ही नहीं लगा पाई की निज्जर की हत्या क्यों और किसने की। इस मामले कनाडा जाँच आयोग क्यों नहीं बैठाता। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस मामले पर जल्दबाजी दिखाते हुए भारतीय राजनयिक को देश से निकल जाने का फरमान सुना दिया। लिहाजा भारत को भी ऐसा करना था, भारत ने भी कनाडा के डिप्लोमैट को देश छोड़ने का आदेश दे दिया। इस घटना के बाद से दोनों देशों के रिश्ते तनावपूर्ण होते जा रहे हैं। भारत आतंकवाद के खिलाफ हमेशा से दुनिया के मंच पर आवाज उठाता रहा है। वह संयुक्त राष्ट्र, जी-20 और दूसरे वैश्विक मंचों पर अपनी बात बेहद मजबूती से करता रहा है। क्योंकि आतंकवाद से वह स्वयं पीड़ित है। आतंकवाद की जितनी पीड़ा भारत झेल रहा है शायद दुनिया का कोई भी देश इस समस्या से ग्रसित हो। पाकिस्तान और कनाडा हमेशा से अलगाववादी संगठन खालिस्तान का समर्थन करता रहा है। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब का रहने वाला था। जून में उसकी हत्या कनाडा में हुईं थी। जिस पर काफी प्रदर्शन हुआ था। कनाडा में इस मामले ने इतना तूल पकड़ा की प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को संसद में बयान देना पड़ा। यह कनाडा की अच्छी नीति नहीं है यह क्रूरनीति है।

## बेहाल किसान

**कु**दरत की मार के बाद किसान अब धान की सरकारी बोली का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यह लगातार बढ़ता जा रहा है। आढ़तियों, किसानों को उम्मीद थी कि धान की सरकारी बोली 15 सितंबर से शुरू होगी, लेकिन अब 25 सितंबर तो कभी एक अक्तूबर से होने के कयास लगाएं जा रहे हैं। प्रत्येक आढ़ती के पास प्रतिदिन 150 से 200 किसानों के फोन बज रहे हैं, जो सरकारी बोली के बारे में पूछते हैं। उधर मंडियों में फैली अव्यवस्थाएं और खरीद एजेंसियों की नाकाफी तैयारियां कुछ और इशारा कर रही हैं। इन हालात में किसान, आढ़ती परेशान हैं, वहीं प्राइवेट खरीदारों के चेहरे खिले हुए हैं। किसानों को प्रति एकड़ 12 हजार से अधिक का नुकसान झेलना पड़ रहा है, ये पैसा सीधे तौर पर निजी खरीदारों की जेब में जा रहा है। किसानों का कहना है कि उन्होंने सरकार के नियम अनुसार सही समय पर धान की फसलें लगाई थी, जो समय पर पक कर तैयार हो चुकी हैं। अब सरकार फसलें खरीदने के लिए आगे नहीं आ रही, जबकि प्राइवेट खरीदार उनकी पीआर धान महज 1700 से 1800 रुपये प्रति क्विंटल में खरीद रहे हैं। मंडी में पीआर धान की आवक होने लगी है, जिसके 1825 से 1950 रुपये तक मिल रहे हैं, जबकि 1509 धान का रेट 3400 रुपये क्विंटल तक मिल रहा है। पंजाब हरियाणा की यह स्थिति है तो आने वाले समय में पूरे देश में यह समस्या सामने आयेगी।किसानों को प्रति एकड़ 12 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है, सरकारी खरीद कब होगी, कुछ स्पष्ट नहीं है। किसान कब तक फसल को खेतों में रोके। प्रदेशभर के आढ़ती सरकार से मांग कर रहे हैं कि अतिशीघ्र सरकारी बोली शुरू करवाई जाए। लेकिन अभी तक खरीद एजेंसियों ने तैयारियां तक नहीं की हैं, पॉलिसी तक नहीं बनी है।

# दिनकर और नेहरू के बीच संबंध बहुत गहरे थे

रामधारी सिंह 'दिनकर' की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पुस्तक है 'लोकदेव नेहरू'। पंडित नेहरू के राजनीतिक और अन्तरंग जीवन के कई अनछुए पहलुओं को जिस निकटता से प्रस्तुत करती है यह पुस्तक, वह केवल दिनकर जी के ही वश की बात लगती है। दिनकर जी ने 'लोकदेव' शब्द विनोबा जी से लिया था जिसे उन्होंने नेहरू जी की श्रद्धांजलि के अवसर पर व्यक्त किया था। दिनकर जी का मानना भी है कि 'पंडित जी, सचमुच ही, भारतीय जनता के देवता थे।' जैसे परमहंस रामकृष्णदेव की कथा चलाए बिना स्वामी विवेकानन्द का प्रसंग पूरा नहीं होता, वैसे ही गांधी जी की कथा चलाए बिना नेहरू जी का प्रसंग अधूरा छूट जाता है। इसीलिए इस पुस्तक में एक लम्बे विवरण में यह समझाने की कोशिश गई है कि इन दो महापुरुषों के प्र सम्बन्ध कैसे थे और गांधी जी के दर्पण में नेहरू जी का रूप कैसा दिखाई देता है। गांधी जी और नेहरू जी के प्रसंग में स्तालिन की चर्चा, वैसे तो बिलकुल बेतुकी-सी लगती है, लेकिन नेहरू जी के जीवन-काल में छिपे-छिपे यह कानाफूसी भी चलती थी कि उनके भीतर तानाशाही की भी थोड़ी-बहुत प्रवृत्ति है। अतः इस पुस्तक में पाठक नेहरू जी के प्रति दिनकर जी के आलोचनात्मक आकलन से भी अवगत होंगे। वस्तुतः दिनकर जी के शब्दों में कहें तो 'यह पुस्तक पंडित जी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है।' पंडितजी से मैंने कभी भी कोई चीज अपने लिए नहीं माँगी सिवाय इसके कि 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका लिखने को मैंने उन्हें लाचार किया था ।और पंडितजी ने भी मुझे मंत्रित्व आदि का कभी कोई लोभ नहीं दिखाया । मेरे कानों में अनेक सूत्रों से जो खबरें बराबर आती रहीं, उनका निचोड़ यह था कि सन 1953 ई. से ही उनकी इच्छा थी कि मैं मंत्री बना दिया जाऊं । चूँकि मैंने उनके किसी भी दोस्त के सामने कभी मुझेहाँह नहीं खोला, इसलिए सूची में मेरा नाम पंडितजी खुद रखते थे और खुद ही अंत में उसे काट डालते थे ।.


रामधारी सिंह 'दिनकर' की एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण पुस्तक है 'लोकदेव नेहरू'। पंडित नेहरू के राजनीतिक और अन्तरंग जीवन के कई अनछुए पहलुओं को जिस निकटता से प्रस्तुत करती है यह पुस्तक, वह केवल दिनकर जी के ही वश की बात लगती है। दिनकर जी ने 'लोकदेव' शब्द







-नागेन्द्र सिंह

> भारत में बसने वाली कोई भी जाति यह दावा नहीं कर सकती कि भारत के समस्त मन और विचारों पर उसी का एकाधिकार है ! भारत आज जो कुछ है, उसकी रचना में भारतीय जनता के प्रत्येक भाग का योगदान है ! यदि हम इस बुनियादी बात को नहीं समझ पाते तो फिर हम भारत को भी समझने में असमर्थ रहेंगे !


विनोबा जी से लिया था जिसे उन्होंने नेहरू जी की श्रद्धांजलि के अवसर पर व्यक्त किया था। दिनकर जी का मानना भी है कि 'पंडित जी, सचमुच ही, भारतीय जनता के देवता थे।' जैसे परमहंस रामकृष्णदेव की कथा चलाए बिना स्वामी विवेकानन्द का प्रसंग पूरा नहीं होता, वैसे ही गांधी जी की कथा चलाए बिना नेहरू जी का प्रसंग अधूरा छूट जाता है। इसीलिए इस पुस्तक में एक लम्बे विवरण में यह समझाने की कोशिश गई है कि इन दो महापुरुषों के प्र सम्बन्ध कैसे थे और गांधी जी के दर्पण में नेहरू जी का रूप कैसा दिखाई देता है। गांधी जी और नेहरू जी के प्रसंग में स्तालिन की चर्चा, वैसे तो बिलकुल बेतुकी-सी लगती है, लेकिन नेहरू जी के जीवन-काल में छिपे-छिपे यह कानाफूसी भी चलती थी कि उनके भीतर तानाशाही की भी थोड़ी-बहुत प्रवृत्ति है। अतः इस पुस्तक में पाठक नेहरू जी के प्रति दिनकर जी के आलोचनात्मक आकलन से भी अवगत होंगे। वस्तुतः दिनकर जी के शब्दों में कहें तो 'यह पुस्तक पंडित जी के प्रति विनम्र श्रद्धांजलि है।' पंडितजी से मैंने कभी भी कोई चीज अपने लिए नहीं माँगी सिवाय इसके कि 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका लिखने को मैंने उन्हें लाचार किया था ।और पंडितजी ने भी मुझे मंत्रित्व आदि का कभी कोई लोभ नहीं दिखाया । मेरे कानों में अनेक सूत्रों से जो खबरें बराबर आती रहीं, उनका निचोड़ यह था कि सन 1953 ई. से ही उनकी इच्छा थी कि मैं मंत्री बना दिया जाऊं । चूँकि मैंने

उनके किसी भी दोस्त के सामने कभी मुझेहाँह नहीं खोला, इसलिए सूची में मेरा नाम पंडितजी खुद रखते थे और खुद ही अंत में उसे काट डालते थे ।.


वे अहिन्दीभाषी जनता में भी बहुत लोकप्रिय थे क्योंकि उनका हिन्दी प्रेम दूसरों की अपनी मातृभाषा के प्रति श्रद्धा और प्रेम का विरोधी नहीं, बल्कि प्रेरक था ।

- हजारीप्रसाद द्विवेदी दिनकर जी ने श्रमसाध्य जीवन जिया । उनकी साहित्य साधना अपूर्व थी । कुछ समय पहले मुझे एक सज्जन ने कलकत्ता से पत्र लिखा कि दिनकर को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिलना कितना उपयुक्त है ? मैंने उन्हें उत्तर में लिखा था कि- यदि चार ज्ञानपीठ पुरस्कार उन्हें मिलते, तो उनका उचित सम्मान होता- गद्य, पद्य, भाषणों और हिन्दी प्रचार के लिए । - हरिवंश राय ' बच्चन, उनकी राष्ट्रीय चेतना और व्यापक सांस्कृतिक दृष्टि, उनकी वाणी का ओज और काव्यभाषा के तत्वों पर बल, उनका सात्विक मूल्यों का आग्रह उन्हें पारम्परिक रीति से जोड़े रखता है । - अज्ञेय

यह संभव है कि संसार में जो बड़ी-बड़ी ताकतें काम कर रही हैं, उन्हें हम पूरी तरह न समझ सकें, लेकिन इतना तो हमें समझना ही चाहिए कि भारत क्या है और कैसे इस राष्ट्र ने अपने सामाजिक व्यक्तित्व के विभिन्न पहलू कौन से हैं और उसकी सुदृढ़ एकता कहाँ छिपी हुई है ! भारत में बसने वाली कोई भी जाति यह दावा नहीं कर सकती कि भारत के समस्त मन और विचारों पर उसी का एकाधिकार है ! भारत आज जो कुछ है, उसकी रचना में भारतीय जनता के प्रत्येक भाग का योगदान है ! यदि हम इस बुनियादी बात को नहीं समझ पाते तो फिर हम भारत को भी समझने में असमर्थ रहेंगे ! और यदि भारत को हम नहीं समझ सके तो हमारे भाव, विचार और काम सब-के-सब अधूरे रह जायंगे और हम देश की ऐसी कोई सेवा नहीं कर सकेंगे, जो ठोस और प्रभावपूर्ण हो ! मेरा विचार है कि दिनकर की पुस्तक इस बातों को समझने में, एक हद तक, सहायक होगी ! इसलिए, मैं इसकी सराहना करता हूं और आशा करता हूं कि इसे पढ़कर अनेक लोग लाभावित होंगे !

युवाओं के जीवन में रश्मिरथी की सैकड़ों पंक्तिया आज भी स्वर पाती है उनमें मैं भी एक हूं। (लेखक बुद्धिजीवी और मोटिवेटर काउंसलर हैं।)

### खास बात

## दिनकर का पत्र

प्रियवर,

कविता मिली। पढ़कर बड़ा मजा आया। मुझे आपने जो गालियां दी होगी, उन्हें मैंने नहीं देखा, न आज से पहले यह बात मुझे मालूम थी। लेकिन अच्छा हुआ कि आपने स्वयं अपना मार्जन कर लिया। यह शुद्ध हृदय का लक्षण है, यह इस बात का संकेत है कि आप वैयक्तिक मालिन्य से ऊपर रहना चाहते हैं। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में चरित्र ही प्रधान है।

'परशुराम की प्रतीक्षा' से दो प्रकार के लोग बहुत नाराज हैं। एक वे जो यह समझते हैं कि चीनी आक्रमण के विरुद्ध जगनेवाला क्रोध जल्दी शांत हो जाए, नहीं तो यह क्रोध देश की प्रगतिशील प्रवृत्तियों के विरुद्ध पड़ेगा। दूसरे वे लोग जो यह समझते हैं कि युद्ध का जवाब युद्ध से न देने की भावना यदि बढ़ी तो वह गांधी-धर्म के प्रतिकूल जायगी।

मेरे जानते दोनों के दोनों गलती पर हैं। भारत साम्यवादी हो जाए तब भी चीन से उसकी खटपट चलती रहेगी जैसे रूस के साथ चल रही है। और गांधी धर्म को भी मैं एक दूसरे रूप में समझता हूं। गांधीजी कहते थे, कायरता सबसे बुरी चीज है, उनके बहुत से शिष्य ऐसे हैं, जो केवल यह मानते हैं कि अहिंसा सबसे अच्छी चीज है। लेकिन जो कायर भी नहीं है और अहिंसक भी नहीं वह क्या करे? इस सवाल का जवाब गांधीजी के पास था. लेकिन सर्वोदयवालों के पास नहीं हैं। इसलिए उनमें से कुछ लोग मुझे हिंसावादी मानकर मेरी निन्दा करते हैं।पिछले 15 वर्षों में देश कहां से कहां पहुंचा है, यह बात मेरे प्रसंग में भी देखी जा सकती है। 1946 में 'कुरुक्षेत्र निकला था। उसी में यह पंक्ति थी 'जिनको सहारा नहीं भुज के प्रताप का है. बैठते भरोसा किए वे ही आत्मबल का' लेकिन कुरुक्षेत्र पर द्वेष के उतने तीखे बाण नहीं बरसे थे जितने परशुराम पर बरस रहे हैं। 27 साल की अहिंसा-साधना का नतीजा यह निकला कि छह लाख हिन्दू और मुसलमान पाप की तलवार से काटे गये। यदि देश की निर्वीर्यता नहीं टूटी तो वह कितना बलिदान लेगी, यह कवि और चिन्तक समझ सकते हैं। बाकी लोगों की समझ में यह बात तब आयेगी जब दुर्घटना घटित हो चुकेगी। कितना लिखूं? केवल आपको धन्यवाद देता हूं। आप बड़े अच्छे हैं।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम' महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। हमनें पंचायत चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। वैसे ही इस बिल के कानून बन जाने के बाद देश के सबसे बड़ी पंचायत में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। बधाई। **– सुदेश महतो, आजसू**

### आपके ट्वीट

'विश्व शांति दिवस' की प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं!

'वसुधैव कुटुंबकम्' पर विश्वास करने वाली महान सनातन संस्कृति में शांति का संकल्प अंतर्निहित है।

**– योगी आदित्यनाथ**





**नारी** शक्ति वंदन अधिनियम के साथ नए सदन की शानदार शुरूआत हुई है। इससे महिलाओं के नेतृत्व में विकास को अभूतपूर्व गति मिलने वाली है। इसे जिस प्रकार से सभी राजनीतिक दलों का ऐतिहासिक समर्थन मिला है। **– नरेन्द्र मोदी**

# दुनिया एक परिवार

### धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**महर्षि** वसिष्ठ ने विश्वामित्र से कहा दुष्टों एवं असुरों सहित राक्षसराज रावण के संहार करने एवं ऋषि-महर्षि तथा आम जन के उद्धार के लिये विद्यालोक से अयोध्या में रामावतार होने वाला है। उनकी पराशक्ति सीता जनकपुर में अवतरित होने वाली है। आप वापस सिद्धाश्रम (आज का बक्सर शहर) लौट जाइये। ज्योंही जनकपुर में सीता विवाह का नियत समय आयेगा आप किसी बहाने अयोध्या जाकर श्री राम को लेते आइयेगा और राम एवं सीता का विवाह करा दिजिएगा। ब्रम्हर्षि सिद्धाश्रम लौट आये और राम-सीता विवार के नियम समय का प्रतीक्षा किये। इस बीच की अवधि में विश्वामित्र ने गायत्री मंत्र की रचना की। गायत्री मंत्र भक्ति का मंत्र है। भू यानी भू लोक में अर्जित की हुई सारी संपति रिश्ते नाते इत्यादि, भुव : यानी मन, बुद्धि एवं चित, स्वः यानी अहंकार जब तत् सविता यानी सद्गुरु को समर्पित कर दिया जाए तो इन्द्रियां देवतुल्य हो जाती है। जिस प्रकार प्रकृति के देवता परमात्मा के लिये कार्य करते हैं उसी प्रकार मन बुद्धि तथाअतः करण परा का हो जाता है।

**प्रसंग का अध्यात्म**

इसका सारांश यह है कि साधन के माध्यम से कभी भी मनुष्य चाहे कि ज्ञान हो जाए तो नहीं होगा। विश्वमित्र जी इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। चाहे नारदजी हो, उद्धव जी हो या चण्डकौशिक मुनि हो जिन्होंने सोचा कि साधन के द्वारा ज्ञान हो जाए उन्हें नहीं हुआ। जब भी ज्ञान संपन्न करेगा तो गुरु के प्रति जो भक्ति है वहीं ज्ञान संपन्न कर सकता है।

(ब्रम्ह विद्यालय सह आश्रम)

### कार्टून वर्ल्ड

**अब नारी शक्ति भी...**



## नदियों को जोड़ें

**अटल** बिहारी वाजपेयी के समय शुरू की गई नदी जोड़ो परियोजना उपयोगी है। देश की सभी नदियों को जोड़ने के साथ-साथ ही इनकी साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देना होगा साथ ही उन इलाकों की मानसून पर निर्भरता भी खत्म होगी, जहां सूखा पड़ता है। किसानों को खेती के लिए समुचित सिंचाई का लाभ भी मिलेगा। गंगा उत्सव इसीका एक हिस्सा है।

**– प्रकाश शर्मा, रांची**

## तेल का खेल

**केन्द्र** सरकार के आय के अनेकों साधन हैं लेकिन राज्यों के पास आय के साधन सीमित है। शराब और पेट्रोलियम उत्पाद पर टैक्स दो सबसे बड़ा जरिया है । ऐसे में पेट्रोल-डीजल पर सरकार जो भी फैसला ले, उसमें राज्यऔर केंद्र दोनों के हितों का ख़्याल रखना जरूरी होगा। साथ ही ये भी तय करना होगा कि आम जनता की जेब भी ज्यादा ढीली न हो।

**– रविकांत सिंह, खूंटी**

# क्रांति और असीम संभावनाओं के साहित्सकार दिनकर

**इमाम हाशमी**

### जयंती विशेष

**राष्ट्रकवि** रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्य एक ऐसे कवि थे, जो सत्ता के करीब रहते हुए भी जनता के दिलों में रहे। देश की आजादी की लड़ाई से लेकर आजादी मिलने तक के सफर को दिनकर ने अपनी कविताओं द्वारा व्यक्त किया। यहीं नहीं, देश की हार-जीत और हर कठिन परिस्थिति को दिनकर ने अपनी कविताओं में उतारा। एक ओर उनकी कविताओं में ओज, विद्रोह, आक्रोश और क्रांति की पुकार है तो दूसरी ओर कोमल श्रृंगारिक भावनाओं का जादू आज भी उतना ही कायम व दायम है। दिनकर किसी एक विचारधारा का समर्थन नहीं करते थे। रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं का सहारा राजनीति हो या देशभक्ति हर जगह लिया जाता है।

***अच्छे लगते मार्क्स, किंतु है अधिक प्रेम गांधी से,प्रिय है शीतल पवन, प्रेरणा लेता हूं आंधी से***

एक साधारण किसान रवि सिंह तथा उनकी पत्नी मनरूप देवी के पुत्र के रूप में जन्में रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्य पर लिखना कविता के शिखर को स्पर्श भर करना है। आज से 113 वर्ष पहले बिहार के बेगूसराय जिले स्थित सिमरिया में 23 सितंबर, 1908 को जन्मे रामधारी सिंह ह्यदिनकरह्य एक ओजस्वी राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत कवि के रूप में जाने जाते हैं। जब वे मात्र दो वर्ष के थे, उनके पिता का देहावसान हो गया। परिणमतः दिनकर और उनके भाई-बहनों का पालन-पोषण उनकी विधवा माता ने किया। अपनी रचनाओं के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना का भी सृजन किया। इसकी एक मिसाल संपूर्ण क्रांति के दौर में मिलती है। दिल्ली के रामलीला मैदान में लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने हजारों लोगों के समक्ष दिनकर की पंक्ति सिंहासन खाली करो कि जनता आती हैह्य का उद्घोष करके तत्कालीन सरकार के खिलाफ विद्रोह का शंखनाद किया था। मौजूदा दौर के मशहूर कवि प्रेम जनमेजय के एक पुराने साक्षात्कार के अनुसार, ह्यदिनकरह्य ने गुलाम भारत और आजाद भारत दोनों में अपनी कविताओं को विस्तार दिया। आजादी के समय और चीन के हमले के समय दिनकर ने अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों के बीच राष्ट्रीय चेतना को जगाया और बढ़ाया। भूषण के बाद दिनकर ही एक मात्र ऐसे कवि रहें, जिन्होंने वीर रस का खूब इस्तेमाल किया। वह एक ऐसा दौर था, जब लोगों के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को अपनी कविता के माध्यम से आगे बढ़ाया। वे जनकवि थे इसीलिए उनहें राष्ट्रकवि भी कहा गया।ह्य

देश की आजादी की लड़ाई में भी दिनकर ने अपना योगदान दिया। वे बापू के बड़े मुरीद थे। साल 1928 में मैट्रिक के बाद उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से इतिहास, राजनीतिक शास्त्र और दर्शन शास्त्र और राजनीति विज्ञान में बीए किया। उन्होंने संस्कृत, बांग्ला, अंग्रेजी और उर्दू का गहन अध्ययन किया था। हिन्दी के विभागाध्यक्ष रहे, भागलपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के पद पर कार्य किया और उसके बाद भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार बने। हालांकि, बाद में उनका झुकाव साहित्य की ओर मायल हुआ। अल्लामा इकबाल और रवींद्रनाथ टैगोर उनके प्रेरणा स्रोत थे। उन्होंने टैगोर की रचनाओं का बांग्ला से हिंदी में अनुवाद किया। उनकी पहली रचना रेणुका 1935 में प्रकाशित हुई।

तीन वर्ष बाद जब उनकी रचना हुंकार प्रकाशित हुई, तो देश के युवा वर्ग ने उनकी कविताओं को बहुत पसंद किया। 1952 में जब भारत की प्रथम संसद का निर्माण हुआ, तो उन्हें राज्यसभा का सदस्य चुना गया और वह दिल्ली आ गए। दिनकर को साहित्य अकादमी पुरस्कार, ज्ञानपीठ पुरस्कार, पद्मविभूषण आदि तमाम बड़े पुरस्कारों से नवाजा गया।

# महिला आरक्षण पर मचेगी श्रेय लेने की होड़

**डॉ. प्रभात ओझा**

### सामयिक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के हर काम का अपना ढंग है। लोकसभा में 128वां संविधान संशोधन विधेयक 2023' पास हो चुका है। खास बात यह है कि कुछ क्षेत्रीय दलों के ना- नुकुर के मुकाबले इस विधेयक को सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस, दोनों का ही समर्थन हासिल है। स्पष्ट है कि विधेयक के कानून बनने में कोई अड़चन नहीं है। मुद्दा यह है मोदी सरकार ने यह राजनीतिक कदम लोकसभा, 2024 के चुनाव के ठीक पहले क्यों उठाया ? कांग्रेस भी सरकार का इतनी सहजता से समर्थन क्यों कर रही है? क्या इस बिल के कानून बनने के बाद 2024 के चुनाव से ही 33 फीसद महिला सांसद चुनी जायेंगी? इन सवालों के जवाब ढूंढ़ने के लिए थोड़ा पीछे घूमकर देखना होगा।

सबसे पहले 1996 में एचडी देवेगौड़ा सरकार के दौरान महिला आरक्षण बिल संसद में रखा गया लेकिन पास नहीं हो सका। साल 1997 में इंद्र कुमार गुजराल सरकार ने भी इस तरह की कोशिश की। वाजपेयी सरकार के दौरान 1998 में भी बिल प्रस्तुत किया गया परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात वाला ही रहा। दूसरी बार सरकार बनने पर वाजपेयी ने 1999 फिर 2002 और 2003-04 में भी इसपर अमलीजामा की कोशिश की । हर बार सरकार में शामिल दलों में मतभेद इसमें बाधक बना। वर्ष 2010 में मनमोहन सिंह सरकार का एक साल बीत चुका था। सरकार इस विधेयक को फिर से लेकर आई। यूपीए में शामिल मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी और लालू प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल इसके विरोधी थे।तब लोकसभा में बिल फिर अटक गया। राज्यसभा में कांग्रेस का बहुमत था, 9 मार्च, 2010 को बिल पास हो गया। लोकसभा का कार्यकाल खत्म होता रहा अथवा सदन भंग होता रहा। नियमानुसार सदन के सत्र के साथ विधेयकों की वैधता भी खत्म हो जाया करती है। राज्यसभा स्थायी सदन है। इसलिए वहां से यह बिल पारित माना गया है। अब सिर्फ लोकसभा की स्वीकृति चाहिए। यहीं पहले दोनों सवाल के जवाब मिल जाते हैं। हर सरकार महिला आरक्षण की बात करती आयी है। रही बात 2024 से ही इसके लागू होने की, इसका उत्तर कुछ स्थितियां स्पष्ट करने के बाद मिलेगा।

विपक्ष कह रहा है कि महिला आरक्षण 2029 लोकसभा चुनाव से पहले संभव नहीं है। यह सच भी है। असल में इस विधेयक पर अमलीजामा की लंबी संवैधानिक प्रक्रिया है। सरकार ने स्वयं कहा है कि इसे लोकसभा सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जायेगा। अभी सीटें 2011 की जनगणना के आधार पर हैं। कोरोना के चलते 2021 में यह नहीं हो सकी थी। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी सहित कई पार्टियां जाति आधारित गणना की मांग कर रही है। सरकार इस पर चुप है। बहरहाल, उसका अधिकार है कि जैसे चाहे कराए।

जनगणना के बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के साथ ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का सुझाव देगा। भविष्य में यह सीटें बदलती रहेंगी। तस्वीर साफ है कि महिला आरक्षण कानून जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इस स्थिति में 2024 के चुनाव इस कानून के मुताबिक, मुमकिन नहीं हैं।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

संपादक
अविनाश ठाकुर*

फोन : 95704-48433

पिनः -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मनरेगा, रोजगार, सार्वजनिक कार्यों, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## मनरेगा के काम में लायें तेजी : बीपीओ

रजरप्पा। चितरपुर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में मनरेगा के तहत प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी (बीपीओ) कुमार विवेक ने सभी रोजगार सेवकों के साथ बैठक कर सभी को मनरेगा कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पिछले 12 व 13 सितंबर को पूरे प्रखंड में ग्राम सभा के माध्यम से 588 योजनाओं का चयन किया गया था। जिसकी स्वीकृति भी प्रदान की जा चुकी है। इसलिए सभी रोजगार सेवक स्वीकृत 205 बिरसा कूप योजना, 132 शेड, 12 आम बागवानी, 16 डोभा, 190 दीदी बाड़ी योजना, 30 टीसीबी व 03 पोटो हो खेल मैदान योजना को जल्द से जल्द शुरू करने का कार्य करें। ताकि प्रखंड का विकास हो सके। उन्होंने सभी पंचायत के मुखिया से खेल मैदान व आम बागवानी योजना को बढ़ाने का अनुरोध किया है। मौके पर जेई यमुना करमाली, रोजगार सेवक शत्रुधन सिन्हा, मो. इरशाद, रुपेश कुमार, कपूर राम आदि मौजूद थे।

## हड़ताल को लेकर महाप्रबंधक को नोटिस



भुरकुंडा (रामगढ़)। कोल इंडिया में 5 से 7 अक्टूबर तक होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को लेकर ऑल इंडिया सेंट्रल काउंसिल ट्रेड यूनियन से संबद्ध कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने यूनियन की ओर से गुरुवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक के नाम नोटिस सौंपा है। नोटिस में वेतन समझौता जल्द लागू करने की मांग करते हुए डॉ. आशीष कुमार ने कहा कि कई मायनो में कोल इंडिया में तीन दिवसीय हड़ताल ऐतिहासिक होगी। नोटिस देने वालो में डॉ. आशीष कुमार, श्रमिक विकास संगठन के प्रदेश महासचिव राजेश वर्मा, रामशरण गिरी, श्याम महतो, नवीन राम, मधु बाउरी आदि शामिल थे।

## वायरस ने एसआरएच को हराया

रामगढ़। एसपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में तीसरे दिन वायरस और एसआरएच टीम के बीच क्वालीफायर राउंड का मैच खेला गया। जिसमें कृष्ण प्रसाद अग्रवाल मौजूद थे। वायरस और एसआरएच टीम के बीच खेले गए मैच में वायरस की टीम ने जीत दर्ज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वायरस की टीम ने उमेश राणा के शानदार 64 रनों की बदौलत छह ओवर में 106 रनों का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में एसआरएच की टीम ने सिर्फ 86 रनों पर सिमट गई। वायरस की टीम 20 रन से मैच जितने में सफल रही। कृष्ण प्रसाद अग्रवाल ने उमेश राणा को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। उन्होंने कहा कि कहा रामगढ़ खेलकूद के मामले में काफी विकास कर रहा है। आज इस टूर्नामेंट में इतनी अधिक भीड़ का होना यहां की जनता का खेल के प्रति प्रेम दिखता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के खेलों से प्रतिभावान खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान होता है, साथ ही उन्हें अपनी प्रतिभा की बदौलत आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने आनेवाले समय में इस तरह के आयोजन में मदद की बात कही।

## चिकोर पैक्स में उमड़ी किसानों की भीड़



भुरकुंडा (रामगढ़)। चिकोर पैक्स कार्यालय भुरकुंडा में झारखंड राज्य फसल राहत योजना का आवेदन देने के लिए गुरूवार को किसानों की भारी भीड़ उमड़ी रही। चिकोर पैक्स के अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा ने बताया कि अभी तक पतरातू प्रखंड के 230 किसानों का आवेदन प्राप्त किया जा चुका है। अधिकांश का आवेदन ऑनलाइन सफलतापूर्वक अपलोड किया जा चुका है। कुछ आवेदन को एक-दो दिन के अंदर अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा की आवेदन लेने की प्रक्रिया 30 सितंबर तक जारी रहेगा। पैक्स में लादी, चिकोर, मतकमा, देवारिया, बलकुदरा, कुरसे, पाली, निमी, लपंगा, चोरधरा, कुसियारा आदि गांव के किसानों ने आवेदन दिया है।

## हर समस्याओं का होगा हल : मुखिया



बासल (रामगढ़)। बलकुदरा पंचायत के पंचायत भवन में गुरूवार को शिविर के माध्यम से राशन कार्डधारियों का कार्ड में आधार लिंक कराया गया। आधार लिंक को लेकर पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, पंचायत समिति राजू कुमार मुंडा, पंचायत सचिव संगीता कुमारी के नेतृत्व में सभी डीलरों के साथ शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जो कार्डधारी का राशन कार्ड में आधार लिंक नहीं था आधार लिंक किया गया। साथ ही जिनके परिवार में कोई सदस्य का मृत्यु हो गया है उसका राशन कार्ड से नाम हटाने को लेकर सभी लाभुको को जनकारी दी गई। ताकि गरीब परिवार में छुटे लाभुक को राशन कार्ड से जोड़ा जा सके। कार्डधारियों द्वारा डीलरों के प्रति शिकायतें भी किए गए। कहा गया कि अगस्त माह में चावल नहीं दिया गया है और सितंबर माह में कटौती करके अनाज दिया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा डीलरों के प्रति विरोध करता देख पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने कार्डधारियों की बातें सुनी। साथ ही मुखिया श्री मुंडा ने सबों का भरोसा दिलाया की हर हाल में आपकी समस्याओं का समाधान होगा। आपकी मांगे जायज है। राशन पूरा मिलना चाहिए था लेकिन नहीं मिलना डीलरों की मनमानी को दशार्ता है। जिसे बर्दाश्त किया नहीं जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा की आपकी समस्याओं को लेकर प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला कार्यलय तक रखा जाएगा। जो डीलर अनाज देने में गड़बड़ कर रहे हैं उनके ऊपर कार्रवाई को लेकर आवेदन भी दिया जाएगा। डीलरो के प्रति विरोध करने वाले में नरायन साव, सुरेश यादव, देवंती देवी, सुशिला देवी, रमेश मुंडा, राजेश मुंडा, लक्ष्मी देवी, सरस्वती देवी, फुलो देवी, सुषमा देवी, सतीश मुंडा, अनिता देवी सहित कई कार्डधारी शामिल हैं।

# एनटीपीसी ने जिला प्रशासन को दिया पांच लाख

▶▶ इस राशि से हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में लॉन टेनिस कोर्ट का किया जायेगा पुनर्निर्माण



खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने एक बार पुनः अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सामाजिक नैगमिक दायित्वों के तहत जिला प्रशासन को 5 लाख रुपए का चेक सौंपा है। इस राशि के माध्यम से हजारीबाग के कर्जन ग्राउंड में स्थित लॉन टेनिस कोर्ट का पुनर्निर्माण किया जाएगा। इससे पहले भी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ओर से जिला प्रशासन को निरंतर विभिन्न सामाजिक कार्यों के लिए सहायता राशि दी जाती रही है। वो बात चाहे ओपन एमपी थिएटर के सौंदर्यीकरण की हो या फिर पुलिस बल को सशक्त बनाने के लिए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट के लिए राशि देने की पकरी बरवाडीह ने हमेशा से हीं जिला प्रशासन को विभिन्न कार्यों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। उपायुक्त महोदया ने पकरी बरवाडीह परियोजना द्वारा दिए जाने वाले समय समय पर सहयोग की सराहना की और कहा कि ज़िले के विकास में इस तरह का सहयोग काफी महत्व रखता है। जिला प्रशासन के अलावा अगर बड़का गांव प्रखंड के आसपास के क्षेत्र की बात करें तो यहां भी परियोजना की ओर से कई सामाजिक काम किए गए हैं जिनमें सड़कों का निर्माण, डीप बोरवेल, हैंडपंप इत्यादि के अलावा सैकड़ो मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय, अपर समाहर्ता राकेश रौशन, अनुमंडल पदाधिकारी विद्याभूषण कुमार के अलावा एनटीपीसी पकरी बरवाडीह से उप-महाप्रबंधक भू-अर्जन गुंजन राव एवं कार्यपालक अधिकारी सीएसआर रिचा नंदा के साथ ही एनटीपीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी फैज तैयब, नवीन गुप्ता, प्रवीण अनंतराम पांडे शहीत एनटीपीसी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध खनन पर पूरी तरह लगाएं रोक : डीसी

जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त ने दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई, जिसके उपरांत उपायुक्त ने विगत एक माह में अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने के मद्देनजर बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीसीएल सहित अन्य एजेंसियों के महाप्रबंधकों, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें अच्छी तरह से बंद कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी, अंचल अधिकारियों को वन भूमि एवं गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध खनन, ईट भटठों का संचालन न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने वर्तमान में गैरमजरूआ सहित अन्य सरकारी जमीनों पर चल रही अवैध गतिविधियों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके क्षेत्र में संचालित कारखाने में 24×7 सीसीटीवी कैमरों का चलना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, वहीं, उपायुक्त ने औचक रूप से कारखानों की जांच कर किसी प्रकार की अवैध गतिविधि के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अवैध खनन में इस्तेमाल की जा रही बिजली पर रोक के मद्देनजर स्थलों को चिन्हित कर अवैध रूप में इस्तेमाल किए जा रहे हैं विद्युत ट्रांसफार्मरों को हटाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में वर्तमान में संचालित चेक नाकों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को रेलवे/निजी साइडिंग पर विशेष ध्यान देने एवं किसी भी तरह का अवैध परिवहन अथवा गतिविधि संचालित नहीं होने देने का निर्देश दिया। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त सह अपर समाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, जिला खनन पदाधिकारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों, विभिन्न एजेंसियों के महाप्रबंधकों/ प्रतिनिधियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## ऐतिहासिक होगा आजसू का महाधिवेशन : मिश्रा



भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू भुरकुंडा पंचायत कमेटी की बैठक गुरुवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में हुई। बैठक में 29 सितंबर से 1 अक्टुबर तक तीन दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन को सफल बनने पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुये वरिष्ठ नेता सह भुरकुंडा पंचायत प्रभारी संजय मिश्रा ने कहा कि पार्टी का केंद्रीय महाधिवेशन ऐतिहासिक होगा। एक अक्टूबर को रांची मोरहाबादी मैदान मे खुला अधिवेशन में सैंकडो की संख्या में पंचायत से महिला पुरूष हिस्सा लेंगे। बैठक में मुहल्ला प्रभारी का चयन किया गया। जिसमे नीचे धौड़ा मुहल्ला प्रभारी आजाद भुईयां, विक्राल करमाली, राजेंद्र करमाली, कौशल्या देवी, हॉस्पिटल कॉलोनी का अमित कुमार पासवान, रेखा कुमारी, मनीष घोष, वापी सिंह, रेणुका देवी, जोगेंद्र करमाली, अरूण राम, बंगला कुआ जितेंद्र वर्मा, सेराज खान, जयप्रकाश नगर टालीमान धौडा का मनोज पासवान, राजेश मिश्रा, रामश्रृष्ठ, जयंती देवी, प्रभाष दास, श्रवण कुमार, सीतेश सरकार का चयन किया गया।

## महिला आरक्षण बिल में ओबीसी व अल्पसंख्यकों को ठगा : विनोद यादव

बड़कागांव। संसद में महिला आरक्षण बिल पास किया, जिसमें ओबीसी, अल्पसंख्यक वर्ग को आरक्षण से वंचित रखा गया। यह बिल का समर्थन कांग्रेस विपक्षी पार्टियों ने भी किया जबकि दोनों पार्टियो में ओबीसी वर्ग सम्मिलित है या दोनों पार्टियों एक सिक्के के दो पहलू है जब यह बिल पूर्व के कांग्रेस सरकार ने लाई थी उस समय संसद में राजद के सांसद बिल का विरोध किया, लेकिन वर्तमान में राजद का सांसद नहीं है और पिछड़ो की बाते करने वाली पार्टियां नहीं रहने से बड़ा वर्ग के साथ न्याय नहीं किया जा रहा है। यदि सरकार के रवैया यही रही तो पिछड़ो एवं अल्पसंख्यक को बाध्य होकर आंदोलित होना पड़ेगा । इस निर्णय से बड़कागांव के ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग मे घोर निराशा है।बिल का विरोध करने वाले में शिक्षक किरण कुमार,मो शमशेर अंसारी,मो मोदशार,दीपक कुमार, अजय निराला,रुपेश कुमार, हरिवंश कुमार शामिल हैं।उक्त आसय की जानकारी यादव युवा समाज जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने दी।

## वीर सपूतों का सम्मान करें बच्चे : माला शर्मा



भुरकुंडा (रामगढ़)। ए ला एंग्लाइज विद्यालय में गुरूवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति दिवस के मौके पर लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय के प्रथम कक्षा से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल हुए। विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने सभी बच्चों को अपने जीवन में शांति के महत्व को समझने और शांति के संदेश को जानने के लिए पुरातन भारत के महान दार्शनिकों, समाज सुधारकों, राजनीतिज्ञों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में एकमात्र ऐसा देश है जिसने कभी भी विश्व के किसी भी देश पर पहले आक्रमण नहीं किया। कार्यक्रम में लायंस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लायन माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी, कार्यक्रम प्रभारी विजयंत कुमार, संजय कुमार, अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, एचएन यादव, राजेंद्र महतो सहित क्लब के तमाम सदस्यों ने भी बच्चों को शांति के संदेश को आगे बढ़ने की बात कही। माला शर्मा ने कहा कि आज के दौर में हमसभी को शांति के साथ जीवन का अनुसरण करना चाहिए। माला शर्मा ने बच्चों से आग्रह करते हुए कहा कि हमसभी को अपने देश के वीर सपूतों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में सूरज देव सिंह, सिद्धार्थ कुमार, कंचन दास, मिथिलेश बेदिया, वैभव कुमार, अनुराग मद्धेशिया, धर्मेश कुमार सोनी, गौरव साहू, कंचन सोनी, बबीता सिंह, नीतू सिंह, सीमा हेंब्रम, सुनीत एक्का सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थें।

## बाइक पर पीछे बैठे व्यक्ति को भी हेलमेट अनिवार्य : डीटीओ



रामगढ़। जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी के नेतृत्व में गुरुवार को शहर के सुभाष चौक के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान बाइक चालकों से हेलमेट, इंश्योरेंस, प्रदूषण, फिटनेस, टैक्स, लाइसेंस, ट्रिपल राइड आदि की जांच की गई एवं त्रुटि पाए जाने वाले करीब 10 बाइक चालकों से 15000 रुपए का जुमर्नाना वसूला गया। मौके पर मौजूद सड़क सुरक्षा की टीम द्वारा यातायात के नियमों एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित बुकलेट बाटकर लोगों को जागरुक भी किया गया। साथ ही नियमों का उलंघन करने वालो को भविष्य में ऐसी गलती न करने की हिदायत गई। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया कि बाइक एक्सीडेंट होने पर चालक के साथ साथ पीछे बैठे सवारी को भी चोट लगती है,इसलिए चालक एवं सवारी दोनों को हेलमेट पहनना एवं कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे किसी भी हालत में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे को दो पहिया वाहन ना चलाने दें । उन्होंने बताया कि जिले भर में दुर्घटनाओं को कम करने के मद्देनजर वाहन जांच अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा।

# हिन्दी की विश्व में है प्रधानता : डॉ विमल किशोर

रामनारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में हिंदी पखवाड़ा आयोजित




खबर मन्त्र संवाददाता

बरही। रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय परिसर में हिन्दी पखवाड़ा दिवस महोत्सव हिन्दी विभाग द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो हीरामन साव ने किया।

साथ ही महाविद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने मुख्य अतिथि सह प्राचार्य डॉ विमल किशोर को संयुक्त रूप से कुबेर का पौधा सप्रेम भेंट किया गया। हिन्दी विभाग के द्वारा मुख्य अतिथि को धार्मिक पुस्तक, श्रीमद्भगीता भी भेंट किया गया। डॉ विमल किशोर कहा कि जहां पर सभी भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा है, वहीं पर, हिन्दी भाषा सभी भाषाओं में प्रधान भाषा है । हिन्दी भाषा की विश्व में प्रधानता है।

बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर के साथ इतिहास विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ अरुणा रानी, अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार बर्णवाल, राजनीति शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ अजय रविदास, समाज शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ गिरधारी लाल यादव, कामर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ ब्रह्मदेव मोदी, अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अजय प्रताप सिंह, उर्दू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ नय्यर इकबाल, भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरूण कुमार रामानुज, दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ सरिता सिन्हा, सहित हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ बद्री साव, डॉ सुषमा कुमारी, संजय कुमार बख्शी, डॉ संगीता चौधरी, जागेश्वर यादव, महेश यादव, डॉ अशोक कुमार, अंजलि कुसूम ओम, डॉ सीमा सिन्हा, अब्बास अंसारी, तमन्ना परवीण सहित सभी प्राध्यापक गण के साथ महाविद्यालय के शिक्षकेत्तर कर्मचारी प्रधान लिपिक जिनेश्वर प्रसाद यादव, लेखापाल नागेश्वर यादव, सुमित्रा कुमारी, आनन्द कुमार मौर्य, दिनेश यादव, त्रिभुवन यादव, राजू यादव, महेन्द्र ठाकुर, गामा कपरदार, हरेन्द्र सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष निजामुद्दीन अकेला, अर्चना कुमारी, गीता, रीना सहित सैकड़ों छात्र, छात्राओं ने भाग लिया। बतौर मुख्य अतिथि सह महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बिमल किशोर ने शिक्षकों के साथ संयुक्त रूप से केक काटकर हिन्दी पखवाड़ा-दिवस कार्यक्रम की शुरूआत की।

एक नजर में

## कटकमसांडी चट्टी में गणपति पूजा में शामिल हुए सदर विधायक मनीष जायसवाल



कटकमसांडी। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को स्थानीय कटकमसांडी चट्टी में अनुराग मित्तल के आवास के सामने अवस्थित गणेश पुजनोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पंडाल परिसर को आकर्षक साज- सज्जा का स्वरूप दिया गया। मौके पर विशेष रूप से विधायक मनीष जायसवाल भी गणपति पूजन उत्सव में शामिल हुए और भक्ति- भाव से विधिवत पूजन- अर्चन के पश्चात भगवान गणेश की महा आरती किया। गाजे-बाजे, ढोल- ताशे के संग नाचते- झूमते बच्चों ने गणपति बप्पा की प्रतिमा को रंग-गुलाल और पुष्प अर्पित करते हुए गणपति बप्पा मोरया के जमकर जयघोष करते हुए उनकी प्रतिमा स्थापित की गई। कटकमसांडी चट्टी और आस पास के बच्चों द्वारा किए गए जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया । मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान गणेश को प्रथम पूज्यनीय माना जाता है। किसी भी शुभ कार्य विवाह, गृह प्रवेश, और भूमि पूजन आदि से पहले गणेश जी की पूजा करके आगे का विधि विधान किया जाता है।निश्चित रूप से संस्कृति और सभ्यता से बच्चों को रूबरू कराया जाना बच्चों के चारित्रिक विकास में मददगार साबित होगा। इस पूजा का निदेशक अनुराग मित्तल उर्फ सीकू ने बताया कि वर्तमान दौर में लोग अपनी पुरातन संस्कृति- सभ्यता को भूलकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर अधिक अग्रसर हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को पुरानी परंपरा, धर्म, संस्कृति व सभ्यता से जोड़ें रखने के उद्देश्य से पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी परिसर में धूमधाम से गणपति पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया है ।

## भारतीय जनतंत्र मोर्चा में शामिल हुए निशि पांडे



बड़कागांव। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पतरातू निवासी समाजसेवी निशि पांडे भारतीय जनतंत्र मोर्चा का दामन थाम लिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि कुछ दिन पूर्व उन्होंने निजी कारण से आजसू पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।निशि पांडेय अपने विधानसभा क्षेत्र में लगभग 6 वर्षो से लगातार समाजसेवा का कार्य करते आ रहीं हैं। उनके कार्य को देखते हुए भारतीय जनतंत्र मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमशेदपुर विधायक सरजू राय की उपस्थिति में शामिल कराया गया।मौके पर सरयू राय ने कहा कि निशि पांडेय के समाजसेवा का कार्य को देखते हुए पार्टी में शामिल कराया गया हैं और अपने क्षेत्र में पार्टी को मजबूत करने की जिम्मेवारी सौपीं गई है।वही निशि पांडेय ने बताई कि सरजू राय हमारे आदर्श हैं ,उनकी पार्टी में शामिल होकर मुझे काफी खुशी हुई है ।पार्टी का जो भी निर्देश होगा उसका पालन मैं ईमानदारी पूर्वक करूँगी और पार्टी को मजबूत करूँगी।

## अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

बड़कागांव। बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के निर्देशानुसार थाना कांड संख्या 91/23 दि 10/3/23 धारा-461,379,411,34 भा०द०वि० के प्राथमिक अभियुक्त जदु कुमार उम्र-23 वर्ष, पिता भीम महतो, ग्राम तेलियतरी,थाना बड़कागांव,जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## इचाक में शहीद की स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट

इचाक। शहीद राजेश मिंज और शहीद रघुवीर मेहता के स्मृति में इचाक प्रखंड के छावनी स्थित स्टेडियम में फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में 32 टीमों ने भाग लिया । मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता जबकि टूर्नामेंट के उद्घाटन कर्ता के रूप में राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव उपस्थित थे। उद्घाटन मैच लोटवा और तिरंगा क्लब छावनी के बीच खेला गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन अतिथियों द्वारा फुटबाल में किक मारकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। मुख्य अतिथि जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता ने कहा कि देश के लिए अपने प्राण निक्षावर करने वाले शहीदों के स्मृति में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करना उन शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बराबर है। साथ ही कहा की ग्रामीण क्षेत्रों में इतने बृहद रूप से टूर्नामेंट का आयोजन के लिए कमेटी बधाई के पात्र हैं। खेल से शारीरिक के साथ मानसिक विकास होता है, युवा खेल से अपना कैरियर भी बना सकते है। राजद नेता राजकुमार यादव ने कहा की इचाक के लोग शुरू से खेल प्रेमी रहे हैं, आज टूनार्मेंट के आयोजन में दिख भी रहा है। साथ ही कहा की ऐसे आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। मौके पर प्रदेश महासचिव जावेद अख्तर, राजद महिला जिला अध्यक्ष सोनम देवी, राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मेहता, शत्रुघ्न राम, प्रो राजेंद्र यादव, बसंत नारायण मेहता, मुखिया संघ अध्यक्ष सकेन्द्र प्रसाद मेहता, अशोक राम, सिकंदर दास, पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, अजय मेहता, जीतेश्वर मेहता, राकेश मेहता, डॉ कौशल कुमार, सुचित प्रसाद मेहता, कामेश्वर मेहता,सुभाष मेहता, एनामुल हक, अनिल सिंह, बिनोद यादव, पप्पू रजक, राकेश यादव, जेपी यादव, मनोज राम, उपेंद्र दास समेत दर्जनों खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## मारपीट के आरोप में दो युवकों को भेजा जेल

बरही। बरही थाना कांड संख्या 451/23 धारा 323, 324, 307, 341, 379, 354, 504, 506, 34 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त विकास कुमार एवं रोहित कुमार दोनों के पिता किशोरी महतो ग्राम बरसोत बरही निवासी को वादी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से मारपीट कर जख्मी करने के आरोप में दोनो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। उल्लेखनीय है कि पीड़ित को बेहतर इलाज के लिए सदर हजारीबाग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उक्त जानकारी पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही रोहित कुमार सिंह ने दी।

## अर्जुन मुंडा से मिले सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव



बरही। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से दिल्ली में उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। गणेश यादव ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को बुके देकर उन्हें बरही आने का आग्रह किया। साथ ही विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। गणेश यादव ने कहा कि 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की चर्चा आज देश ही नही बल्कि पूरे विश्व में हो रही है। श्री यादव ने कहा कि इस बार बरही विधानसभा में स्थानीय उम्मीदवार की जरूरत है। बरही विधानसभा के लोग भी इस बार बदलाव चाहते है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के लोगों को पता चल चुका है कि अब क्षेत्र का विकास कोई कर सकता है तो स्थानीय उम्मीदवार ही कर सकता है।

## सांसद जयंत सिन्हा को केदार यादव ने दी बधाई



बरही। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा को लगातार पांचवीं बार लोकसभा की वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसे लेकर बरही विधानसभा के विधायक उम्मीदवार सह युवा नेता केदार यादव ने बधाई दिया है एवं इस कार्य के लिए उन्होंने भाजपा के आला कमान के प्रति आभार व्यक्त किया है। केदार यादव ने बताया की स्थानीय सांसद जयंत सिन्हा की काबिलियत को पहचानते हुए उन्हें पांचवी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। मुझे पूर्ण विश्वास है की सांसद जयंत सिन्हा अपनी जिम्मेदारी को कर्तव्य निष्ठ होकर पूरा करेंगे।

# युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना हमारा कर्तव्य

श्रीराम माहेश्वरी



वर्तमान समय में युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना आवश्यक है। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक क्षेत्र में वे अध्यात्म से जुड़कर प्रगति कर सकते हैं। अध्यात्म का अर्थ है आत्मा का विकास। आत्मा से जुड़कर आत्मा को जानना। ध्यान और योग के माध्यम से हम अध्यात्म से जुड़ सकते हैं। इसका निरंतर अभ्यास कर सकते हैं। इस साधना को करते हुए एक साधक का लक्ष्य रहता है-आत्म साक्षात्कार। साधनारत साधकों के लिए यही पूर्णता है।

प्राचीनकाल से भारतवर्ष में गुरुकुलों में जो शिक्षा दी जाती थी, उसमें अन्य विषयों के साथ-साथ विभिन्न कलाओं से जुड़ना, सेवा संस्कार, योग और ध्यान जैसे महत्वपूर्ण विषय भी शामिल रहते थे। बाद में यह गुरुकुल बंद होते गए। विकास को भौतिकता से जोड़ दिया गया। शिक्षण संस्थानों में भारतीय संस्कृति से जुड़े विषयों को धीरे-धीरे अलग कर दिया गया। शैक्षणिक पाठयक्रमों में अनेक विसंगतियों के कारण युवाओं के समक्ष दिशाहीनता की स्थिति पैदा हुई। हम देख रहे हैं कि शिक्षित होने के बाद जब युवाओं को रोजगार या नौकरी नहीं मिलती तो उनमें निराशा होती है। कई बार प्रयास करने के बाद जब उन्हें सफलता नहीं मिलती तो वे अपराध के मार्ग पर चलने लगते हैं या आत्महत्या जैसे गंभीर कदम उठा लेते हैं। ऐसी कठिन परिस्थिति में उन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। हमारे युवा अध्यात्म से जुड़ेंगे तो उनकी समस्याओं का उन्हें समाधान मिल सकता है।

हालांकि पिछले कुछ वर्षों में जनचेतना आई है। नई शिक्षा नीति आने के बाद शिक्षण संस्थानों का स्वरूप बदल रहा है। युवाओं ने अध्यात्म के क्षेत्र में भी रुचि दिखाई है। अच्छी बात है कि उनका मन अब इस क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। योग भारत की देन है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 11 दिसंबर 2014 को हर वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस मनाए जाने की घोषणा की। इसके बाद दुनिया में योग का महत्व अधिक व्यापक हुआ। भगवान श्रीकृष्ण ने श्रीमद्भागवत गीता में अर्जुन को उपदेश देते हुए योग का महत्व प्रतिपादित किया। श्रीकृष्ण योगेश्वर कहे जाते हैं। भगवान शिव आदियोगी हैं । उन्होंने ऋषियों को योग की शिक्षा दी। महर्षि पतंजलि ने योग शास्त्र की रचनाकर जनसाधारण के लिए इसे सुगम और सुलभ बनाया।

वैदिक शिक्षा में आरोग्य, दीघार्यु होने की भावना, अध्यात्म मार्ग से जुड़ना, ईश्वर आराधना, अनासक्ति भावना तथा विश्व कल्याण की भावना रखने पर बल दिया गया है। इसमें मानव कल्याण के साथ-साथ प्रकृति मित्र होने की भावना का भी वर्णन है।

मनु कहते हैंशब्दः स्पर्शश्च रूपञ्च रसो गंधश्च पंचमः ।

वेदादेव प्रसूयंते प्रसूति-गुण-कर्मतः।। मनु स्मृति 12.18

मनु कहते हैं-वेद से ही शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गंध उत्पन्न होते हैं। यह पांच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी के ही रूप हैं। इन पांच तत्वों से ही सृष्टि बनी है, इसलिए वेद को ब्रह्म कहना उचित है। एतरेय सूत्र के अनुसार चित चेतन है। प्राण ऊर्जा है। वाक पदार्थ है। पदार्थ से ऊर्जा सूक्ष्म है। ऊर्जा से चेतन सूक्ष्म है। सूक्ष्म का नियंत्रण स्थूल में रहता है। मंत्र से आह्वान किया जाए तो देवता प्रकट हो जाते हैं। इसके लिए कामना, इच्छा, संकल्प और श्रद्धा जरूरी है।

वेद, पुराण और उपनिषद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं। युवाओं को इनका स्वाध्याय करना चाहिए। शिक्षण संस्थाओं में ये ग्रन्थ उपलब्ध कराना चाहिए। इन ग्रंथों के सार अंशों का छोटे-छोटे भागों में प्रकाशन होना चाहिए। गीताप्रेस गोरखपुर और गायत्री परिवार की तरह अन्य संस्थाओं को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने की जरूरत है।

युवा अध्यात्म से जुड़ते हैं तो उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास संभव हो सकेगा। यह सत्य है कि यम और नियम का पालन करने वाला मनुष्य संस्कारवान और अनुशासित रहता है। ऐसे स्वस्थ व्यक्ति देश के अच्छे नागरिक बनकर लोक कल्याण का ध्येय लेकर राष्ट्र की सेवा करते हैं। अतः युवाओं को अध्यात्म से जोड़ना हम सभी का कर्तव्य है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# लिखें रोजाना तो तनाव होगा छूमंतर

अमोघा अग्रवाल

**जब मानसिक** स्वास्थ्य की बात हो तो हमारे दिमाग में कुछ शब्द आते हैं जैसे- अवसाद, मनोचिकित्सक, परामर्श व चिंता आदि, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य इससे कहीं अधिक है। हालांकि कोविड काल के बाद भारत में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में गंभीरता से बात होने लगी है, लेकिन अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक से लड़ने के साथ-साथ, हमें मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता लानी है। जागरूकता का उपयोग करने के साथ अपना ख्याल रखने की दिशा में भी काम करना होगा। हमें तनाव है, लेकिन हम नहीं जानते कि इसके बारे में किसी परामर्शदाता के पास जाने के अलावा क्या किया जाए, जो हर किसी के लिए सुविधाजनक विकल्प नहीं है। तो, सवाल है हम घर पर अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल कैसे शुरू करें?

चिकित्सीय जीवन शैली परिवर्तन (टीएलसी) अवधारणा का उपयोग हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने में मददगार बन सकता है। टीएलसी के तहत पौष्टिक आहार, शारीरिक गतिविधि, ध्यान, रूटीन आदि आते हैं। यहां जर्नलिंग एक स्व-सहायता उपकरण है जो सक्रिय योगदान दे सकता है। जर्नलिंग केवल अभ्यास, लेखन और अनफिल्टर्ड विचारों-भावनाओं को व्यक्त कर स्वयं-जागरूक होने और खुद के साथ सार्थक संबंध बनाने का एक तरीका है। एक मानसिक, भावनात्मक और व्यक्तिगत अभ्यास है जो हमें अपने आंतरिक संघर्षों और भ्रमों को सुलझाने के साथ-साथ अपने परिवेश के प्रति सचेत रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। जर्नलिंग कई प्रकार की है।

**अभिव्यंजक जर्नलिंग :** यहां, हम अपने विचारों और भावनाओं को बिना किसी फिल्टर के, जैसे ही वे आते हैं, लिखते हैं। यह हमें उन विचारों और भावनाओं से बाहर निकलने में मदद करता है जिन्हें साझा करने या स्वीकार करने में हम सहज नहीं थे। यह आपके सोचने के तरीके, ट्रिगर्स और भावनाओं के बारे में जागरूक होने में मदद करता है। सोच तर्कसंगत बनाने का भी मौका मिलता है।

**कृतज्ञता :** यह हमें उन चीजों को व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करता है जिनके लिए हम आभारी हैं। यह हमें वर्तमान जीवन, रिश्तों, स्थितियों, परिवेश और यहां तक कि स्वयं में भी अच्छाई खोजने में मदद करेगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि हम जिस चीज के लिए आभारी हैं, उसके बारे में प्रतिदिन पांच मिनट लिखने मात्र से हमारी दीर्घकालिक खुशी 10 फीसदी बढ़ सकती है।

**एक शब्द की पत्रिका :** हम अपने दिन का वर्णन केवल एक शब्द से करके और उसे लिखकर शुरू कर सकते हैं। समय के साथ, हम अपने लिए एक पंक्ति लिखने के लिए आगे बढ़ सकते हैं और कुछ डूडलिंग भी कर सकते हैं। खुद को अभिव्यक्त करना सीखने की दिशा में यह अच्छा कदम है।

**न भेजा गया पत्र :** ऐसे क्षण आते हैं जब हम किसी से कुछ कहना चाहते हैं लेकिन कह नहीं पाते। न भेजे गए पत्र जर्नलिंग का अर्थ स्वयं को वह सब कुछ लिखने की अनुमति देना है जो हम किसी से कहना चाहते हैं। इसमें हम प्रतिक्रिया की चिंता किए बिना लिख सकते हैं जो कहना चाहते हैं।

**फोटोग्राफी :** यदि हम कुछ भी लिखना नहीं चाहते हैं, तो हम बस एक दिन में उन चीजों की फोटो क्लिक कर सकते हैं जो हमें आभारी, खुश या प्रेरित महसूस कराती हैं। इन तस्वीरों को दिन की किसी महत्वपूर्ण चीज के रूप में अपनी पत्रिका में जोड़ते हैं।

**आर्ट जर्नलिंग :** हम अपनी पत्रिकाओं में पेंटिंग, स्केचिंग, कलरिंग, डूडलिंग, क्राफ्टिंग आदि के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करना शुरू कर सकते हैं और यह आत्म-जागरूकता के माध्यम से जागरूक तरीके से मार्गदर्शन करने में मदद करेगा।

**माइंडफुल और वेलनेस जर्नलिंग :** यहां, हम यहां और अभी पर ध्यान केंद्रित करते हैं और लचीलापन प्रशिक्षण का उपयोग करके अपने दिन की योजना बनाते हैं। यह हमें आशावाद और हमारे दिन का समय-निर्धारण करने में मदद करता है। जर्नलिंग मदद करता है- हमारे दिमाग को शांत करने, आत्मनिरीक्षण करने और खुद को और अधिक जानने, वर्तमान के प्रति जागरूक होने, डिजिटल अवकाश, कृतज्ञता, आशावाद जगाने में। यह लचीलापन प्रशिक्षण बेहतर निर्णय लेने में योगदान देता है और स्थितियों को तर्कसंगत बनाता है। स्वस्थ आदतों के साथ उपचारात्मक विचारों को भी विकसित करता हे। जर्नलिंग हमारे मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के लिए एक अच्छी तरह से स्थापित और सफल तरीका है वहीं सबसे किफायती, आसान और सुविधाजनक अभ्यास है। जर्नलिंग में अवसाद को रोकने, उत्साह को बढ़ावा देने की क्षमता है। ऐसे में हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना शुरू करें और इसके प्रति सचेत कदम उठाएं। तनाव अधिकांश मानसिक और शारीरिक बीमारियों का कारण बन सकता है। इसलिए जर्नलिंग के माध्यम से तनाव का प्रबंधन करना सीखना एक महत्वपूर्ण निवारक उपाय है।

# आयकर से संबंधित महत्पूर्ण सावधानी



अजय दीप वाधवा,

मुझे लगता है कि सबको यह ज्ञात है कि जब हम वर्ष 2023- 24 का इनकम टैक्स रिटर्न भरेंगे तो हमसे इनकम टैक्स डिपार्टमेंट यह आशा करेगा कि हम बाइ डिफॉल्ट नए टैक्स रिजाइम में ही टैक्स कैलकुलेट करें और रिटर्न न्यू टैक्स रिज्यूम के अनुसार ही भरें। अगले वर्ष से न्यू टैक्स रिजाईम ही डिफॉल्ट टैक्स रिजाइम होगा।

वैसे तो अभी अगले साल में देर है पर आम कर दाता को चाहिए कि वह अभी से कूच बातों का ध्यान रखें, जिस प्रमुख निम्न हैं #अपने पैन आधार को अगर अभी तक लिंक नहीं किया गया है तो उसे अवश्य लिंक करवा दें, #यह सुनिश्चित करें कि इनकम टैक्स रिटर्न को टाइम पर भर जाए इनकम टैक्स रिटर्न भरने के पहले फॉर्म 26 एस और एसीएस आदि को ठीक से देखले, #इनकम टैक्स रिटर्न में हम अपना पता और मोबाइल नंबर वगैरह अपडेट रखें, #अगर कोई जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से की गई है तो हम उसका जवाब समय पर दें , #अगर कोई एडवांस टैक्स वगैरह बनता है तो उसे हर क्वार्टर में टाइम पर पेमेंट कर दें ताकि ब्याज का बोझ ना आए, #जब हम इमूवेबल जैसे जमीन आदि संपति खरीदें तो 50 लाख रुपए से ऊपर की प्रॉपर्टी पर टीडीएस वगैरह काट कर जमा कर दें जिससे बाद में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट से कोई हमें समस्या ना खड़ी की जाएगा। #एक बात हमें याद रखना है कि जो वेतन या पेंशन लेते हैं वे प्रतिवर्ष यह निर्णय ले सकते हैं कि नए टैक्स रिज्यूम में रिटर्न भरेंगे या पुराने रिज्यूम में; पर जो व्यवसाई हैं वे सिर्फ एक बार निर्णय ले सकते हैं। वे अपना निर्णय बहुत सावधानी से लें। # हम जो भी पैसा प्रोविडेंट फंड, न्यू पेंशन स्कीम, जीवन बीमा, फिक्स्ड डिपॉजिट, नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट आदि में बचत कर रहे हैं उसको हम करते रहें क्योंकि यह सिर्फ इनकम टैक्स बचाने के साधन नहीं है, बल्कि हमारे बुढ़ापे का सहारा भी हैं। (मोटिवेटर सह कर सलाहकार, रांची)

# भारत से बढ़ता दोहरा प्रतिभा पलायन खतरनाक

आईबीएम के सीईओ और चेयरमैन अरविंद कृष्णा ने हाल में कहा कि वह कंपनी के भारत स्थित आर ऐंड डी सेंटर में विकसित हो रहे नवाचारों को लेकर बेहद उत्साहित हैं। इस बात पर हम अपनी देसी तकनीकी विशेषज्ञता पर खुद की पीठ थपथपा सकते हैं। असल में भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियां सेमीकंडक्टर और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में जितना व्यापक और गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान कर रही हैं, वह दुनिया में हाई-टेक तेजी का काफी हद तक अनजाना पहलू है। उसके बारे में लोगों को बहुत कुछ नहीं पता।

ब्रेन-ड्रेन या प्रतिभा पलायन का यह एक पहलू है। पहले सरकारी खर्च पर देश के आला संस्थानों से शिक्षित और योग्य इंजीनियर और प्रबंधन छात्र रोजगार के अवसरों के लिए पश्चिम के देशों में चले जाते थे जो उनके कौशल का फायदा उठाकर उनको करियर में आगे बढ़ने का मौका उपलब्ध कराते थे। लेकिन अब ब्रेन-ड्रेन 2 खुद भारत में ही हो रहा है। आईबीएम जैसी अभिजात्य अमेरिकी कंपनी वास्तव में भारत में भारत की ही बौद्धिक क्षमताओं से मूल्य हासिल कर रही है।

इन नवाचारों से मिलने वाले वाणिज्यिक इस्तेमाल से न्यू यॉर्क में सूचीबद्ध और वहीं के मुख्यालय वाली कंपनी के मुनाफे में ही इजाफा होगा। देश के भीतर विकसित बौद्धिक संपदा का भारत स्थित विदेशी कंपनी को चले जाना देश के कार्यकारी रोजगार बाजार की मांग के तौर-तरीके में मौजूद विसंगति की झलक देता है।प्राथमिकता के क्रम में बात करें तो विदेशी कंपनियां, खासतौर पर टेक, इंजीनियरिंग या उपभोक्ता सामान, इसमें सबसे ऊपर हैं। भारतीय निजी क्षेत्र इसका अनुसरण करता है, पर उनकी संख्या बहुत कम है। इसमें आप टाटा समूह, रिलांयस, बजाज, महिंद्रा और भारत में विकसित इन्फोसिस, एचसीएल जैसी तकनीकी दिग्गज को शामिल है।

# भारत बनाम इंडिया



सत्यनारायण गुप्ता

भारत में आयोजित की जी-20 शिखर सम्मेलन कितना सफल रहा या असफल या बहस जारी है ।इसकी क्या उपलब्धियां रहीं, सर्वसम्मत पारित प्रस्ताव ,भारत- मध्यपूर्व -यूरोप आर्थिक गलियारा पर बनी सहमति और ग्लोबल साउथ का नेतृत्व के लिए भारत की तैयारी जैसे मामलों पर अभी विमर्श जारी है। लेकिन एक बहस जो जी - 20 शिखर सम्मेलन के पूर्व से ही शुरू हो गया था वह था भारत बनाम इंडिया की बहस जी-20 के लिए सरकार की तरफ से प्रेषित निमंत्रण पत्र पर मेजबान का नाम ₹ प्रेसिडेंट ऑफ भारत₹ लिखा गया जो कुछ लोगों को नागवार गुजरा।

अब तक यही परंपरा थी कि अंग्रेजी बोलते समय हमारे देश का नाम इंडिया बोला जाता था और हिंदी बोलते समय देश के नाम के लिए भारत शब्द का इस्तेमाल किया जाता था। भारतीय संविधान में अनुच्छेद 1 में हमारे देश का नाम इंडिया डैट इज भारत लिखा हुआ है इसलिए विवाद का विषय यह है ही नहीं नहीं कि हम देश का नाम इंडिया बोलें- लिखें या भारत।अनेक संविधान विशेषज्ञो का भी यही मानना है कि हम कहीं भी कभी भी देश का नाम इंडिया अथवा भारत लिख-बोल सकते हैं। लेकिन जहां इंडिया समर्थक यह आरोप लगा रहे हैं कि सरकार धीरे-धीरे सभी जगह भारत का इस्तेमाल करना चाहती है । वहीं भारत समर्थक यह चाहते हैं कि अब देर नहीं करनी चाहिए और सविधान में संशोधन कर देश का नाम सिर्फ भारत रहने दिया जाना चाहिए। क्योंकि इंडिया शब्द गुलामी का प्रतीक है।

प्राचीन काल से भारत भूमि के अलग-अलग नाम रहे हैं जैसे जम्बूद्वीप ,भारत खंड, हिमवर्ष ,अजनाभवर्ष, भारतवर्ष ,आर्यावर्त ,हिंद ,हिंदुस्तान और इंडिया मगर इनमें भारत सबसे ज्यादा लोकप्रिय और प्रचलित रहा है।

हिंद शब्द की उत्पत्ति सिंधु से हुई है लेकिन सिंधु नदी या सिंधु सागर ।दोनों से इसका संबंध जोड़ा जा सकता है। भारत में सिंधु नदी भी बहती थी और इसे सप्त सिंधु प्रदेश भी कहा जाता था। मध्य एशिया से आए लोग स नहीं बोल पाते थे और यूरोपीयों ने ह की जगह अ बोलना शुरू कर दिया। इस तरह सिंध हिंद हो गया और हिंद इंडिया। एक प्रचलित मान्यता है कि भारत देश का नाम दुष्यंत पुत्र भरत के नाम पर पड़ा ।किंतु दशरथ पुत्र भरत और भरत मुनि जैसे भरत भी हमारी परंपरा में हैं। अनेक इतिहासकार 10 राज युद्ध में विजयी राजा भरत को भी भारत शब्द की उत्पत्ति का कारण मानते हैं।

भारत ही नहीं अनेक देशों ने विभिन्न कर्म से अपने पुराने नाम बदलकर नए नाम रखे हैं अभी हाल ही में तुर्की तुर्की यह हो गया, बर्मा म्यांमार हो गया, हॉलेंड नीदरलैंड हो गया ,सीलोन श्रीलंका हो गया, चेक गणराज चकिया हो गया। ईरान, मेसिडोनिया,थाईलैंड,ईस्ट तिमोर, इराक आदि सैकड़ो ऐसे देश हैं जिनके नाम बदले गए हैं। भारत में भी चेन्नई ,पुदुचेरी, तिरुवनंतपुरम, प्रयागराज, दीनदयाल उपाध्याय नगर, गौतम बुद्ध नगर ,कोलकाता, मुंबई और गुरुग्राम जैसे शहरों के नाम बदलकर रखे गए हैं।

लेकिन यहां मसला नाम बदलने का तो है ही नहीं, देश का नाम क्या पुकारे बहस इस पर है भारत अथवा इंडिया। हिंदी प्रेमी तो यही चाहेंगे कि देश का नाम भारत ही पुकारा जाए। इसमें कोई संवैधानिक अड़चन भी नहीं है।

# विनन्दिया रामकथा



डॉ हराधन कोईरी

**सृष्टि के कण-कण में रमे राम का व्यक्तित्व उदात्त और प्रभावशाली रहा है,** जिसका प्रभाव सम्पूर्ण भारतीय भाषा-साहित्य में देखने को मिलता है। पंचपरगनिया भाषा भी इसका अपवाद नहीं है। विनन्दिया पंचपरगनिया साहित्य के इतिहास में भक्तिकाल के सगुण धारा के कवि हैं। सगुण भक्ति की दो उपधाराएँ हैं- राम और कृष्ण। कवि विनन्दिया इन दोनों धाराओं में समान गति से कविताएँ की हैं। पंचपरगनिया साहित्य में ये- बिनोद सिंह, विनन्द, विनन्दिया, बिनन्दो और विनन्द सिंह विनन्दिया आदि नामों से जाने जाते हैं।

रामायण, महाभारत और भागवत को उपजीव्य मानकर राम और कृष्ण की लीलाओं का गान करने वाले कवियों में विनन्दिया बेजोड़ हैं। इस संदर्भ में पंचपरगनिया के युवा रचनाकार पराग किशोर सिंह लिखते हैं- राम भकति केर संगे-संगे किसन भकति केर छेतरे कबि बिनंद सिंह समान भाबे निजेक लेखनी केर सोता बहाए आहएँ।

लोककवि विनन्दिया द्वारा रचे गये पद आरंभ में मौखिक गेय रूप में पंचपरगना और उसके आस-पास के क्षेत्रों में प्रचलित थे। सिल्ली के साहित्यानुरागी राजा उपेन्द्रनाथ सिंहदेव ने अपने सम्पादकत्व में विक्रम संवत 2013 को ह्यआदि झूमर संगीतह्व के नाम से रघुवर प्रकाशन, राँची से प्रकाशित कराया। उनके प्रयास के कारण ही कवि विनन्द सिंह के पद आज भी सुरक्षित हैं।

महात्मा विनन्दिया ने रामकथा की शुरूआत ह्यबालकांडह्व के अन्तर्गत 'धनुष-यज्ञ ' प्रसंग से किया है। जनकपुर में धनुष-यज्ञ होने वाला है। इसकी सूचना पाकर विश्वामित्र राजा दशरथ के पास राम और लक्ष्मण को लेने के लिए अयोध्या को आये। रास्ते में राम के गुणों का बखान करते हुए सोचने लगे कि- राम के बिना राजा जनक का धनुष-यज्ञ कैसे सम्पन्न होगा? भगवान हर युग में अवतरित होते हैं और लोकरंजककारी लीलाएँ करते हैं। कवि के शब्दों में--

**सुनि जनक पुरे, विश्वामित्र मुनि वरे,**
**गमन करल अयोध्याय, पथे जेते राम गुण गाई।**
**गमन करल अयोध्याय, पथे जेते राम गुण गाई।।**
**राम रघु वर बिनु, के भांगिते पारे धेनु**
**युगे युगे अवतार, निला खेला चमत्कार**
**विनन्दिया चरण धेयाय, पथे जेते राम गुण गाई।**

राजा दशरथ ने जब मुनि विश्वामित्र के आने की खबर सुनी तो वे तुरंत विप्र समाज को साथ लेकर उनके पास गये ,जाकर उन्हें दंडवत प्रणाम किया। सम्मान पूर्वक अपने महल में लाये फिर अपने आसन में बैठाये। तत्पश्चात मुनि के चरण धोये और पूजन किये। साथ-ही अपने को धन्य मानते हुए कहने लगे कि आज मेरे समान कोई भाग्यवान नहीं हैं। यह पूरा कथा प्रसंग हमें तुलसीकृत ह्यरामचरितमानसह्व की याद दिलाती है। जो एक पद में मुनि विश्वामित्र के अयोध्या आने के उद्देश्य को उपस्थित करता है। यही उनकी दक्षता है।पद प्रस्तुत है--

**आवल अयोध्या पुरे, पहुँचल मुनि वरे,**
**जाह द्वारी देह समाचारी, आवल एक जटाधारी।जाह द्वारी देह समाचारी, आवल एक जटाधारी।।यह सुनी द्वारी जाय, जहाँ दशरथ राय,कुशल पुछत समाचारी, आवल एक जटाधारी।**
**बसे के आसन देला डारी, आवल एक जटाधारी।**
**बसे के आसन देला डारी, आवल एक जटाधारी।।**

विश्वामित्र ने रामचन्द्र की रूप छटा को जब देखा तब अपनी देह की सुधि भूल गये। वे बारम्बार राम के मुख की शोभा को निहार रहे हैं। ऐसे समय में राजा दशरथ विश्वामित्र से कहने लगे कि- मुनिवर आपने तो इससे पहले ऐसी कृपा नहीं की थी। आज आप किस कारण से यहाँ आये हैं,कहिए मैं उसे तत्क्षण पूरा करूँगा। तब मुनि विश्वामित्र ने राक्षसों के द्वारा सताये जाने का कारण बाताया और कहा कि राम-लक्ष्मण के द्वारा ही वे राक्षस मारे जायेंगे और हम मुनि समुदाय सानंद और सुरक्षित हो जायेंगे। राजा दशरथ ने कहा कि आप राम और लक्ष्मण के सिवाय जो कुछ माँगना चाहते हैं, उन्हें माँग लें, परन्तु राम-लक्ष्मण को नहीं। राम-लक्ष्मण देते नहीं बनते। तब गुरु वसिष्ठ ने राजा दशरथ को अनेक प्रकार से समझाया, जिससे राजा का संदेह दूर हो गया। तब आदरपूर्वक राम और लक्ष्मण को राजा दशरथ ने विश्वामित्र को सौंपा। विश्वामित्र राम-लक्ष्मण को हर्ष पूर्वक ले जाते हुए मार्ग पर ताड़का को दिखलाये। राम ने एक ही बाण से उनका प्राणांत कर दिये। इस प्रकार अहल्या का उद्धार करते हुए जनकपुर को गये। जनकपुर में राम के द्वारा धनुष भंग किया गया। धनुष भंग के पश्चात रामादि का विवाह सम्पन्न हुआ। फिर वे सहर्ष अयोध्या को लौटे। कुछ दिन बाद राजा दशरथ सोचने लगे कि अब देर न करके राम का राज तिलक किया जाय फिर मैं निश्चत हो जाऊँगा। इसके लिए ज्योतिषियों से मिले । शुभ दिन की गणना करायी गयी । तीनों पुर में नेवता भिजवाये गये---

**दशरथ दंडधारी, दिज शुभ क्षण करि,**
**नेवता भेजल तीन पुरे, लावे के जात मुनि वरे।नेवता भेजल तीन पुरे, लावे के जात मुनि वरे।।पत्र लिखन लिखी, दूत गणे देह डाकी, दंड क्षत्र सिंहासन, करब से समर्पण तिलक देवये रघुवरे, लावे के जत मुनि वरे।**
**तिलक देवये रघुवरे, लावे के जत मुनि वरे।।**

राम के राज्याभिषेक की मंगलकारी खबर सुनते ही अयोध्या में वाद्य-यंत्र बजने लगे। राम और सीता को शुभ सकुन होने लगे। उनके अंग फड़कने लगे। तब राम और सीता एक-दूसरे से कहने लगे कि ये सब शुभ संकेत भरत के आने की है। दूसरी और नगरवासी राम के राज्याभिषेक की बात सुनकर हर्षित हुए। हर्षित होकर घर द्वार सजाने लगे। मंगल का गीत गाने लगे। मन्थरा दासी ये सब देख नगरवासियों से पूछाने लगीं यह कैसा उत्सव है? उत्तर में जब राम के राजतिलक की बात सुनी, तो उनका हृदय जल उठा। वह उदास होकर भरत की माता कैकेयी के पास उसी समय चली गयीं और राम के राजतिलक की बात कहने लगीं। अनेक प्रकार से बात को घुमा-फिराकर कहने लगीं। यदि राम का राजतिलक हो जाएगा, तो कौशल्या तुम्हें उसी प्रकार दुःख देंगी , जिस प्रकार कद्रू ने विनता को दी थी। इस प्रसंग पर आधारित कवि विनन्द सिंह ने कुल छः पद लिखे हैं। उन पदों के माध्यम से राम वनवास के कारण रूप राजा दशरथ और रानी कैकेयी की पूर्व की कथा को भव्य रूप में उपस्थित किया है। कवि के शब्दों में-

**पुलके अयोध्या धाम, पाटे राजा हवे राम।**
**द्वारे बाजत नाना, मंगल ध्वनि, कैकेयी सुनी।।**
**विनन्द सिंह भाषे, दशरथ पासे।**
**कहिते लागिल जत पूरवेर काहिनी, कैकेयी सुनी।।**

पहले से राजा दशरथ वचनबद्ध थे। इसलिए कैकेयी को कुछ नहीं कह पाये। मन मारे पश्चाताप करते रहे। यह खबर राम तक पहुँची। राम सहर्ष स्वीकारते हुए- भरत के लिए राज सिंहासन और अपने लिए चौदह वर्ष का वनवास जाने के लिए तत्पर हुए। वस्तुतः गोस्वामी तुलसीदास ने कर्म की प्रधानता को हृदय पथ पर रखते हुए- ह्यकरम प्रधान बिस्व करि राखा। जो जसु करहिं तसु फल चाखा।ह्व का जो भाव उपस्थित किया है। उसी प्रकार का भाव कवि विनन्द सिंह ने भी उपस्थित किया है। यथा-

**हायरे करम दोषे, राम गेल बन बासे,**
**अयोध्या नगर शून्य हल, हाय आमार राम कथा गेल।**
**अयोध्या नगर शून्य हल, हाय आमार राम कथा गेल।।**
**नारीर वचन राखी, राम लखने ना देखी,**
**मृग मारी बारे काले, मुनि मोरे श्राप दिले,**
**सेई श्राप आमरे फलित, हाय आमार राम कथा गेल।**
**दशरथ प्राण त्यागिल, हाय आमार राम कथा गेल।**
**दशरथ प्राण त्यागिल, हाय आमार राम कथा गेल।।**

राम वनवास को जाने लगे,उनके दुःख से राजा दशरथ को वन में मृग समझकर श्रवण कुमार को मारने की कथा याद हो आती है। श्रवण कुमार के पिता ने श्राप दिया था कि जिस प्रकार आज हम पुत्र शोक में अपना प्राण त्याग रहे हैं। उसी प्रकार तुम्हें भी एक दिन पुत्र शोक से अपना प्राण त्यागना पड़ेगा। इस भाव को कवि विनन्द सिंह ने बड़ी ही मार्मिकता के साथ उपस्थित किया है। राम जब वनवास जाने को तैयार हुए, तब लक्ष्मण भी उनके साथ हुए। जब सीता को यह खबर मिली तो सीता भी उनके साथ जाने का हठ करने लगीं। राम अनेक प्रकार से समझाये, परन्तु सीता नहीं मानीं। वस्तुतः दाम्पत्य जीवन का यह अटूट प्रेम ही है कि पति जिस अवस्था में रहें, पत्नी भी उनका साथ दें। कवि की उदात्तता और भव्यता को देखकर कोई भी आश्चर्य कर सकता है। कवि की कल्पनाशीलता देखिए-

**राम लक्षुमन साथे, धनुक वाण धरि हाथे,**
**पुरी हैते हईल बाहार, सीता सुने सेई समाचार।**
**पुरी हैते हईल बाहार, सीता सुने सेई समाचार।।**
**ब्याकुल हये सीता, छाड़े प्रभु जारे कुथा,**
**चरण शरण तोमार, सीता सुने सेई समाचार।**
**चरण शरण तोमार, सीता सुने सेई समाचार।।**

राम माता कौशल्या से वन जाने की आज्ञा माँगने लगे, तब माता कौशल्या रोती हुई उनके मुख को चुमने लगीं। और कहती हैं कि- कौन-सा दोष के कारण राम वनवास को जा रहा है? अयोध्याकांड का यह प्रसंग देखिए-

**कांदिया कौशल्या माई, चांद मुखे चुम्ब खाई।**
**विदाय हये जननीर पासे, किबा दोषे राम चलिल बन बासे, किबा दोषे।**

एक तरफ माता कौशल्या और सुमित्रा क्रंदन कर रहीं। वहीं दूसरी तरफ रानी कैकेयी हँस रही हैं। पद देखिए-

**पितार सत्य पालिते, राम चिलिलेन चिते**
**सीता संगे लखन वीर से, सुनिया कैकेयी** रानी हांसे। राम,सीता और लक्ष्मण वन को चले गये। इधर भरत-शत्रुघ्न ननिहाल से अयोध्या वापस लौटे। लौटने के बाद पता चला कि राम-सीता और लक्ष्मण महल में नहीं हैं। वे चौदह वर्ष के लिए वनवास को गये हैं। वनवास की पूरी कथा को जानने के बाद भरत गुरु वसिष्ठ आदि विप्रजनों को साथ लेकर चित्रकूट के लिए निकल पड़े।

जारी..

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में चार घायल

**गुमला।** सिसई रोड स्थित संत पात्रिक गिरजाघर के समीप स्कूटी सवार ने पैदल जा रही छात्रा को धक्का मार दिया। घटना में स्कूटी में सवार तीन लोग समेत छात्रा भी घायल हो गयी। जिन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल करमडीपा के सुनील तिग्गा (24) पिता बर्थलियूस तिग्गा, फ्रांसीस तिग्गा (19) पिता बिरसुस तिग्गा, अरविंद उरांव पिता भूपेंद्र उरांव और करमडीपा की फैंसी मिंज (15) पिता विनय सिप्रियन मिंज शामिल हैं। अरविंद का एक पैर टूट गया है, जबकि अन्य दोनों युवकों को भी काफी चोट लगी।

### कश्मीर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**गुमला।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकेर नाग इलाके में आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन गुमला जिला कमेटी ने श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व सिसई रोड भट्ठी तालाब के समीप कमेटी ने रैली निकाली।जो विभिन्न मार्ग होते हुए टावर चौक पहुंच कर शहीदों के सम्मान में कैंडल जलाया गया। अध्यक्ष हेमंत कुमार ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं हैं। भारत वीरों की भूमि है। आतंकवादियों के मंसूबे कभी भी सफल नहीं होंगे। बताते चलें कि 13 सितंबर को देश के वीर सपूत कर्नल मनप्रीत सिंह, डीएसपी हुमायूं भट्ट, मेजर आशीष धोनचक शहीद हो गये थे। कार्यक्रम में अमित एक्का, सजीत पन्ना, उपाध्यक्ष रोर्बट टोप्पो, सेत कुमार एक्का, चंदन दोमनिक मिंज, सुनील राय, राजेश सिंह, एंथोनी लकड़ा, गेरो गोरी तिर्की भी थे।

### करम पूर्व संध्या कार्यक्रम 24 को



**लोहरदगा।** जिला आदिवासी कर्मचारी समिति की विशेष बैठक समिति के अध्यक्ष किशोर उरांव की अध्यक्षता में हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष करम पूर्व संध्या समारोह कार्यक्रम 24 सितंबर (रविवार) को हर्षोल्लास के साथ न्यू नगर भवन में मनाया जायेगा। सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलने वाले इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा एवं एसपी हारिस बिन जमा होंगे। कार्यक्रम में अभिषेक एक्का, सुनील मिंज, सुजीत उरांव, सुखदेव उरांव, अरबिंद उरांव, अनिल उरांव, जीतेन्द्र उरांव, दिनेश उरांव, विक्रम उरांव, विनोद उरांव, बिफई उरांव, धनंजय भगत, दिनकर टाना भगत, अंजू कुजूर, रेखा कुमारी, नेहा कुजूर, राधा देवी, पुष्पा कुजूर, मनीष कुजूर लगे हैं।

### मोहित शर्मा बने पूजा समिति के अध्यक्ष



**भंडरा।** पुराना थाना के समीप बन रहे मां सिद्धिदायिनी दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को ईश्वरी मोहन शर्मा की अध्यक्षता में मां सिद्धिदायिनी दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। जिसमें दुर्गा पूजा के सफल आयोजन को लेकर कमेटी का पुनर्गठन किया गया। साथ ही हर्सोल्लास के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष ईश्वरी मोहित शर्मा को चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष धनेश्वर साहू, आनंद साहू, मुकुल अधिकारी, पारस साहू, बिंदु साहू, सचिव राजेश गुप्ता, उप सचिव दिनेश साहू, अनित कुंदन, अमरेश रथे, पुरुषोत्तम यादव, अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद के लिए ललन सोनार, उप कोषाध्यक्ष उत्तम गुप्ता, संरक्षक राधा मोहन शर्मा, किशोरी मोहन शर्मा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, डॉ संजय कुमार को चुना गया।

### महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया जश्न



**गुमला।** लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पारित होने पर गुमला भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का आभार प्रकट किया है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष किरण बाड़ा के नेतृत्व में महिलाओं ने जश्न मनाकर और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर बधाई दिया। किरण बाड़ा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने हमेशा महिलाओं के हित में काम किया है। चाहे वह शौचालय हो उज्ज्वला गैस की योजना हो या फिर अब नारी शक्ति वंदन बिल हो। मौके पर शोभा देवी अंजनी देवी सरिता देवी, असरिता देवी, पारिबा देवी नानकी देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### छात्र ने खायी एक्सपायरी दवा, भर्ती

**गुमला।** थाना क्षेत्र के फसिया पंचायत के पोढा टोली के अंकित बाड़ा (19) ने बुधवार की रात 8 एक्सपायरी टैबलेट खा लिया। जिसके बाद उसकी हालत खराब होने लगी। जानकारी दोस्तों को मिलने के बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती किया। युवक ने बताया कि मैं अपने घर से अलग किराये की मकान में रहता हूं। किसी कारणवश वह अपने परिजनों के साथ नहीं रहता है। किसी बात को लेकर बुधवार की रात उसने 8 एक्सपायरी टैबलेट का सेवन कर लिया।

### शिविर में सफाई मित्रों की स्वास्थ्य जांच



**लोहरदगा।** नगर परिषद के सदर अस्पताल स्थित पुराना नगर परिषद कार्यालय में प्रशासक नगर परिषद लोहरदगा के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के क्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। इसमें कार्यालय के सभी सफाई मित्रों की स्वास्थ जांच जैसे डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, अस्थमा इत्यादि की जांच की गयी। जांच के बाद तुरंत दवा भी दिया गया। इस कार्यक्रम में नगर प्रशासक जयपाल सिंह, नगर प्रबंधक अनिल उरांव, बिजय कुमार, सहायक अभियंता सचिन महतो, कनीय अभियंता सुशील मिंज, आलोक कुमार तथा वेलनेस सेंटर की पूरी मेडिकल टीम उपस्थित थे।

# प्रकृति की रक्षा से ही समाज की प्रगति की उम्मीद : चमरा लिंडा

- भंडरा में धूमधाम से मनाया गया करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड के बिटपी मुरली तालाब के समीप स्थित जय सरना लूरकुड़िया भवन प्रांगण में गुरुवार को करमा पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। इसमें लोहरदगा गुमला जिले के विभिन्न गांवों से आये 50 खोड़हा समूह पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिये। सरना प्रार्थना सभा, 12 पड़हा और आदिवासी छात्र संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशुनपुर विधायक चमरा लिंडा, शिवराम कच्छप व अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



**खास बातें :** मौके पर मुख्य अतिथि चमरा लिंडा ने कहा कि प्रकृति की रक्षा से ही समाज में प्रगति आ सकती है। करमा का त्योहार आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है। इससे पर्यावरण में भी शुद्धता रहती है। आदिवासी समाज को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परंपरा को भी बनाए रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समाज को आगे लाने में युवाओं को सहयोग करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक चेतना के क्षेत्र में काम करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि शिवराम कछाप ने कहा कि करमा पर्व भाई-बहन का पवित्र त्योहार है। इसके माध्यम से बहन उपवास कर अपने भाईयों की लंबी उम्र की कामना करती है। आदिवासी परंपरा की पहचान पूरे विश्व में है। हमें अपनी संस्कृति को बचा कर रखने की जरूरत है। गांव के पाहन-पुजार मां सरना से प्रार्थना कर अच्छी फसल होने की कामना करते हैं। आदिवासियों को अपनी रीति रिवाज, सभ्यता और संस्कृति को बचाना अत्यंत ही आवश्यक है। अतिथि सरना समिति रांची संतोष तिर्की ने कहा की अनुशासन में रहकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

# आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाना ही मेरा लक्ष्य है : डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुडु।** राज्य के योजना सह वित्त विभाग वाणिज्यकर विभाग खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार के मंत्री सह स्थानीय विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा कुडू प्रखंड मुख्यालय में कला संस्कृति, खेलकूद विभाग द्वारा आयोजित मांदर वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि करमा पर्व लोहरदगा के जनता धूमधाम से मनाया इसको लेकर त्योहार से पूर्व मांदर वितरण किया जा रहा है। जिससे आदिवासी समाज अपने संस्कृति एवं सभ्यता को दिखाते हुए खुशियों के साथ मनायें।



**क्यों बंट रहे मांदर :** वर्तमान समय में मांदर वितरण किया जा रहा। ताकि वाद्य यंत्र वितरण से लोहरदगा आदिवासी धुन के साथ पूरा आदिवासी करमा परब मनाये। कहा कि नगाड़ा और मांदर की आवाज आदिवासियों की पहचान है। गीत संगीत हमारी संस्कृति है, जिससे हम आगे बढ़ा रहे है। आदिवासी संस्कृति को बचाने से पहले सजाना है, अखड़ा आदिवासियों का धरोहर है। हमारे विधायक मद से पूरे लोहरदगा विधानसभा में आदिवासी बहुल क्षेत्र में अखंडा का निर्माण लगभग 100 से अधिक निर्माण किया ताकि हम अपनी धरोहर में ही त्योहार मनायेंगे, ताकि संस्कृति को आगे बढ़ाए, रात में अंखडा में रात को नृत्य किया जाता है परंतु रौशनी नही होने से परेशानी होती थी। लेकिन मेरे द्वारा एवं जिला प्रशासन के द्वारा आदिवासी बहुल गांव के अखड़ा में सोलर लाइट निर्माण किया जायेगा। ताकि अंधेरे से उजाले के और लाया जा सके। ऐसे कार्य से संस्कृति सभ्यता को आगे बढ़ाया जा रहा है। झारखंड सरकार जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिससे आम ग्रामीण जनता को लाभ लेनी चाहिए। साथ ही लोहरदगा के जनता एवं लोहरदगा का विकास यही मेरा प्राथमिकता है। इस मौके पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी सकील अहमद, पूर्व आईएएस अधिकारी राजीव कुमार, डीएसओ नारायण राम, खेल पदाधिकारी उत्पल बाड़ा, हाजी सदरूल अंसारी, कुडू प्रमुख ऐनुल अंसारी, सुशील उरांव, संगीता उरांव भी थे।

# डिनोबली स्कूल सिंदरी में 8वीं कक्षा का छात्र बेच रहा था गन

- 48 घंटे बाद भी स्कूल प्रबंधन ने पुलिस को नहीं दी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**सिंदरी।** डिनोबली स्कूल सिंदरी में कक्षा आठ का एक छात्र मंगलवार 19 सितंबर को क्लासरूम में ही दूसरे छात्र को हथियार बेचने की कोशिश कर रहा था। दो दिन बाद गुरुवार 21 सितंबर को इसकी जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल मौसमी मुखर्जी और वाइस प्रिंसिपल बी क्रिस्टलो ने दी। हालांकि 48 घंटे बीत जाने के बाद भी स्कूल प्रबंधन ने स्कूल कैंपस से पांच सौ मीटर दूर सिंदरी थाना को इसकी सूचना देना जरूरी नहीं समझा। डिनोबली स्कूल सिंदरी प्रिंसिपल मौसमी मुखर्जी और वाइस प्रिंसिपल बी क्रिस्टलो ने बताया कि मंगलवार को कक्षा आठ बी के छात्र के स्कूल बैग से गन बरामद किया गया था। वह इसे अपने सहपाठी को बेचने के लिए पूर्व में विडियो बनाकर दिखाया था और उसे बेचने की नीयत से स्कूल में लाया था। इसकी जानकारी छात्र के परिजनों को दी गई थी। डोमगढ़ निवासी छात्र के परिजनों ने स्कूल आकर लाइसेंस नहीं होने पर उसे एयर गन बताया था। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि एयर गन की पहचान होने पर इसे परिजनों को देकर वापस घर भेज दिया। लेकिन इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को नहीं दी। क्लासरूम से लेकर पूरा स्कूल कैंपस सीसीटीवी से लैस है। बावजूद स्कूल में गन या एयरगन लेकर छात्र के पहुंचने का खुलासा होने के बाद स्कूल प्रबंधन सीसीटीवी फुटेज दिखाने पर आनाकानी कर रहा है। पत्रकारों ने जब सीसीटीवी फुटेज दिखाने का आग्रह किया तो प्रिंसिपल ने यह कर बात टालने की कोशिश की, कि स्कूल के गेम्स टीचर और गार्ड ने छात्रों को पकड़ा था।

**मामले की नहीं है जानकारी जांच रही है पुलिस : थाना प्रभारी**

सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें मामले की कोई जानकारी नहीं है। स्कूल की ओर से उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई है। इसके बावजूद पुलिस अपने स्तर से जानकारी प्राप्त कर जांच करेगी। बताते चलें कि एक वर्ष पूर्व 23 मार्च 2022 को इसी डिनोबली स्कूल सिंदरी में दसवीं कक्षा के छात्र अस्मित आकाश की रहस्यमय मौत हुई थी। इसपर आज भी प्रश्नचिन्ह बना हुआ है।

### पुलिस जांच के बगैर स्कूल प्रबंधन ने कैसे कर दी पुष्टि

खुलासा होने के बाद स्कूल प्रबंधन खुद की सवालों के घेरे में है। पहला सवाल कि पुलिस को तत्काल सकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। दूसरा सवाल कि स्कूल प्रबंधन ने बिना पुलिसिया जांच के हथियार के एयर गन होने की कैसे पुष्टि कर दी। सवाल इसलिए अहम हैं, क्योंकि अगर थोड़ी भी चूक हो जाती तो मासूम बच्चों की जान पर बन जाती।

# नावाडीह के ऊपरघाट में हाथियों का तांडव 19 घरों को तोड़ डाला

**बेरमो।** नावाडीह प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित ऊपरघाट इलके में जंगली हाथियों का उत्पात जारी हैण पोखरिया पंचायत के आदिवासी गांव वनखेतवा में 20 सितंबर बुधवार की रात हाथियों ने कहर बरपाते हुए 19 घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया और वहां रखे 100 क्विटल अनाज चट कर गएण रात लगभग डेढ़ बजे 32 हाथियों का झूंड गांव पहुंचा और चारों ओर से हमला कर दियाण हालांकि खतरे को भांपते हुए ग्रामीणों ने शाम को ही घर छोड़कर डेगागढ़ा स्थित स्कूल में शरण ले ली थीण इसी कारण सभी सुरक्षित बच गए। मिली जानकारी के अनुसार बड़े हाथी घरों को तोड़ रहे थे और छोटे हाथी घर में घुसकर अनाज बाहर निकाल कर अपने साथियों को खिला रहे थेण हाथियों ने मिट्टी के घरों तथा कई पक्के मकानों को भी तोड़कर अनाज चट कर गए। लेकिन घरों में बंधे मवेशियों को भी नही छेड़ा। वनखेतवा में आदिवासी किसानों ने बड़ी जतन से खेतों में धानए बाजराए मकई और सब्जियों की फसल लगाई थीण हाथियों सब तहस.नहस कर दिया।

# निर्दोषों को नहीं छोड़ा, तो हम लोग करेंगे आंदोलन : बलवंत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र में हुई हत्या के मामले की खुलासा के लिए पुलिस के द्वारा दोषियों के साथ-साथ मृतक के परिवार वालों को भी पकड़ कर थाने में बन्द करने के विरोध में गुरुवार को मृतक के परिजनों ने सैकड़ो की संख्या में मनिका थाना पहुंचकर जमकर बवाल काटा। वहीं मृतक के परिवार वालों ने बताया कि शव की पहचान होने के बाद अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हमलोगों के द्वारा मनिका थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद मनिका थाना के द्वारा कार्रवाई करते हुए लगभग 6 दिन पहले ही कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं मृतक के परिजनों का आरोप है कि पुलिस के द्वारा दोषियों के साथ-साथ मृतक के चाचा अनद सिंह व सनद सिंह दोनों पिता स्वर्गीय राम भकत सिंह को भी पड़कर थाने में लाया गया है। परिजनों ने बताया कि मृतक चंदन सिंह की मां का बचपन में ही निधन हो गया था जिसके बाद उसके चाचा और चाची ही उसका पालन पोषण किए हैं तो फिर उसके चाचा उसका हत्या कैसे कर सकते है। परिजनों ने बताया कि हम लोग मृतक के चाचा से मिलने के लिए थाना में आए हुए थे लेकिन हमें उन लोगों से मिलने नहीं दिया जा रहा है जिसके विरोध में आज हम लोग थाना का पहुंच कर निर्दोष लोगों को छोड़ने की थाना प्रभारी से फरियाद लगा रहे हैं लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं मौके पर पहुंचे मनिका पश्चिम क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि मृतक चंदन सिंह के शव को मिले लगभग एक सप्ताह हो गया है लेकिन मृतक के पक्ष में मनिका थाना को जिस प्रकार से कार्रवाई करनी चाहिए वह नहीं की जा रही है अभी तक मनिका थाना के द्वारा दोषियों को पकड़ने की पुष्टि नहीं की गई है।

# रोजगार में स्थानीय लोगों को मिलेगी 75 प्रतिशत की भागीदारी : सत्यानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

लातेहार। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा लातेहार पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन में कौशल उत्सव सह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, जिला उपायुक्त हिमांशु मोहन, एसडीएम शेखर कुमार, जिला श्रम नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, श्रम अधीक्षक सह जिला कौशल पदाधिकारी लक्ष्मी कुमारी, बीडीओ मेघनाथ उरांव, जिला अध्यक्ष पूनम देवी, उपाध्यक्ष अनीता देवी, राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, प्रदेश नेता मोहर सिंह यादव, कांग्रेस अध्यक्ष मुनेश्वर उरांव, समेत कई अधिकारी मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की शुरूआत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त हिमांशु मोहन ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता को पौधा प्रदान कर स्वागत किये। वही मंच का संचालन आशीष टैगोर ने किया। नाटक मंडली के द्वारा अपने राज्य से बाहर कमाने ना जाने को लेकर नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें बताया गया कि अपने ही राज्य में कई तरह की योजनाएं चल रही है। **नियुक्ति पत्र मिलते ही झुमने लगे अभ्यर्थी :** कार्यक्रम के दौरान युवक युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया, जिसमें काफी संख्या में युवक युवतियां मौजूद रहे एवं नियुक्ति पत्र पाकर सभी युवक युवतियों खुशी से झूमते हुए नजर आए। कार्यक्रम के दौरान 30 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावे लाभुको के बीच साड़ी व शर्ट पैंट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्किल बुकलेट का विमोचन भी किया गया। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बहुत लोग नहीं जानते हैं कि श्रम विभाग क्या है, श्रम विभाग में होता क्या है। जब हमारी सरकार 2019 में बनी तो पूरे देश में करोना की लहर थी जिसे हमारी सरकार घबराई नहीं और डटकर सामना किया।



# जिला प्रशासन अविलंब पांकी मस्जिद चौक से बैरकैटिंग हटाये : शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने पांकी मस्जिद चौक पर एक विशेष समुदाय द्वारा सड़क के किनारे बैरकैटिंग लगाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने जिला प्रशासन से अविलंब सड़क के किनारे बैरकैटिंग हटाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरण द्वार लगाने को लेकर दो समुदाय में हिंसक झड़प हुई थी जिससे क्षेत्र काफी प्रभावित हुआ था। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि क्षेत्र के तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए तत्कालीन उपायुक्त ऐ डोडे व पलामू एसपी चंदन सिन्हा ने शांति समिति की बैठक आयोजित कर यह निर्देश जारी किया था की मस्जिद चौक पर किसी भी पर्व में बांस का बैरकैटिंग नहीं किया जायेगा। इसकै बावजूद भी मुस्लिम समुदाय द्वारा सड़क के किनारे अवैध तरीके से बैरकैटिंग किया गया है। इसे पुलिस प्रशासन अविलंब हटाये। सड़क पर जल मिनार व चाय दुकान खोल दिया गया है। इससे आये दिन लोगों को रास्तें से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर बैरकैटिंग नही हटाया गया तो सड़क के बीचों-बीच दस डीप बोर लगाया जायेगा। विधायक ने कहा की पांकी विधानसभा क्षेत्र में अमन चैन व शांति के महौल को बिगाड़ने के लिए लगातार एक विशेष समुदाय द्वारा तरह तरह का हथकंडा अपनाया जा रहा है इसे किसी भी किमत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# यह नारी शक्ति के वंदन का उत्सव : अन्नपूर्णा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा और विधान सभाओं में महिला आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संसद के दोनों सदनों से पारित होने पर हर्ष की अभिव्यक्ति की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार सिद्ध किया है कि उनकी हर शुरुआत सार्थक परिणति तक अवश्य पहुंचती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, खेलो इण्डिया, सैनिक स्कूलों और सैन्य बलों में बालिकाओं के प्रवेश, महिलाओं के लिए अबतक वर्जित खनन व औद्योगिक गतिविधियों में महिलाओं को अवसर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, स्वच्छ भारत अभियान, उज्ज्वला योजना, मुद्रा योजना आदि पहलों के माध्यम से प्रधानमंत्री ने महिला आकांक्षाओं को नई ऊंचाई तक पहुंचाया और अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से आकांक्षाओं के इस चरमोत्कर्ष की प्रतिपूर्ति की है। केंद्रीय मंत्री ने उन सभी दलों और सांसदों के प्रति आभार प्रकट किया है जिन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को दोनों सदनों से पारित कराने में सहयोग दिया है, समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय ललनाओं को जन सेवा के लिए प्रेरित करेगा, इससे न सिर्फ नारी सशक्तिकरण होगा, बल्कि महिलाओं की व्यापक भागीदारी से भारत और भारतीय लोकतंत्र सशक्त होगा। आज उत्सव का अवसर है, नारी शक्ति के पुनर्जागरण के नए युग की शुरुआत है।

# खेल हब के रूप में विकसित होगा गढ़वा : मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गढ़वा। गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान गढ़वा में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय अंतर जिला फुटबॉल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन एवं खिलाड़ियों के सम्मान में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गढ़वा स्थित अपने आवास पर सांस्कृतिक कार्यक्रम सह भोज का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विजेता एवं उप विजेता टीम के सभी खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा में मौजूद सभी खिलाड़ियों सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग शामिल हुए। बाहर से कलाकारों एवं स्थानीय कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मंत्री श्री ठाकुर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने आयोजन समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अन्य लोगों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में आयोजित अंतर जिला फुटबॉल टूनार्मेंट बहुत ही बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सफल आयोजन में आयोजन समिति, सभी जिलों के खिलाड़ी, पदाधिकारी, गढ़वा जिला फुटबाल संघ, एथलेटिक्स संघ, अन्य सभी खेल संघों के पदाधिकारी, सदस्य, जिले के अधिकारी एवं झामुमो कार्यकर्ता सहित स्थानीय लोगों आदि सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इन सबों के सहयोग से ही इस फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन सफल हो पाया है। इसके लिए मैं सभी को बहुत बहुत बधाई और धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि यदि लोगों का इसी तरह से सहयोग मिलता रहा तो भविष्य में और भी बड़े स्तर पर खेल कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा खेल का हब के रूप में विकसित होगा। जिससे गढ़वा की एक अलग पहचान बनेगी। रकार का उद्देश्य है कि राज्य के खिलाड़ी सिर्फ देश में ही नहीं पूरे विश्व में झारखंड का परचम लहराएं। मौके पर मुख्य रूप से आईजी राजकुमार लकड़ा, उपयुक्त शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, गढ़वा एसडीओ राज महेश्वरम, रंका एसडीओ राम नारायण सिंह, झारखंड फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव गुलाम रब्बानी, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जितेंद्र सिन्हा, कंचन साहू, आयोजन समिति के सचिव आलोक मिश्रा, ओलंपिक संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र पाठक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार सिंह गढ़वा, आशुतोष पांडेय, राजा सिंह, दिलीप गुप्ता, नसीम अख्तर, विकास पांडेय सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



स्पीड न्यूज

## 13 नये लोग मिले डेंगू पॉजिटिव

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिले में 21 सितंबर के सैम्पल जांच में 13 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अबतक कुल 6465 सैम्पल की जांच में 822 लोग डेंगू पॉजिटिव पाए जा चुके हैं। वर्तमान में 294 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा, 12 आईसीयू में, 282 नॉर्मल वार्ड में भर्ती हैं। 106 लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज किया गया।

## सड़क दुघर्टना में मृतक के परिजनों से मिलीं विधायक, बंधाया ढांढ़स



चांडिल। ईचागढ़ सोड़ों के खीरी निवासी बालक महतो का विगत 17 सितंबर को आदारडीह मिलन चौक में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार से ईचागढ़ के विधायक सविता महतो घर जाकर मिले और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया एवं सांत्वना दी। विधायक ने मृतक के परिजनों को सुखा राशन एवं आर्थिक सहयोग दिया एवं जल्द ही सरकार की ओर से मिलने वाले मुआवजा दिलाने का भी आश्वासन दिया। इस मौके पर झामुमो सदस्य काबलु महतो, ईचागढ़ थाना प्रभारी गौरव कुमार मिश्रा, पंचानन पातर, रामबिलास महतो, मृतक के पिता गहन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गम्हरिया नाले में लाश मिली,हत्या की आशंका

गम्हरिया। आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के बास्कोनगर रेलवे ट्रैक के समीप स्थित नाले से गुरुवार की सुबह पुलिस ने 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। शव के सिर समेत शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने हत्या कर शव को यहां फेंक दिया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## डेंगू मरीजों की सहायता को चार लोगों ने किया एसडीपी दान



जमशेदपुर। रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम का रक्तदान जागरुकता अभियान सालों भर चलता है और यह उस समय ज्यादा प्रभावी हो जाता है, जब रक्त और उसके अवयव (कम्पोनेन्ट) की आवश्यकता बड़ी मात्रा में पड़ती है, वर्तमान समय ऐसा ही है, लगातार डेंगु के बढ़ते मरीजों और उनके जीवन के लिए आवश्यक रक्त एवं कम्पोनेन्ट के रूप में प्लेटलेट्स की जरूरत को पूरा करने के लिए रेड क्रॉस के पहल पर लगातार रक्तदाता सामने आकर अपना रक्तदान व प्लेटलेट्स दान कर रहे हैं, आज इसी क्रम में रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह एवं एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह की देखरेख मे चार रक्तदाताओं ने एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट्स) का दान किया। प्लेटलेट्स दान करने वालों में पत्रकार राजमणि ने अपनी चौथा एसडीपी दान किया, उन्होने नियमित 10 रक्तदान भी किया है, टाटा स्टील कर्मी नितिश कुमार ने पहली बार एसडीपी दान किया, उन्होने तीन नियमित रक्तदान भी किया है। टाटा स्टील कर्मी राजकुमार सिंह ने तीसरी बार एसडीपी दान किया, उन्होने 4 नियमित रक्तदान भी किया है। वहीं टाटा स्टील कर्मी उमाकांत पाण्डे ने अपना पहला एसडीपी दान किया, उन्होने तीन बार प्लाज्मा एवं दो नियमित रक्तदान भी किया। रक्तदाताओं का उत्साह बढाने के लिए रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह एवं जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के प्रशासक संजय चौधरी ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया। ज्ञातब्य हो कि माननीय प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश में 15 दिवसीय सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसाईटी अधिक से अधिक जरूरतमंदों को रक्त व रक्त अवयव (कम्पोनेन्ट) उपलब्ध कराने के अपने प्रयास में रक्तदाताओं के सहयोग से और तेजी लायेगी।

## रक्तदान महायज्ञ 1 अक्तूबर को, रेडक्रॉस ने शुरू की तैयारी

जमशेदपुर। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा 1 अक्टूबर राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर रक्तदान महायज्ञ के आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गयी है। यह रक्तदान शिविर रक्तदान महायज्ञ के रूप में आयोजित किया जायेगा। रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक रक्तदाताओं के रक्तदान हेतु प्रयास किये जा रहे हैं ताकि वर्तमान समय के रक्त की कमी के संकट को दूर किया जा सके। साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर में 24 रक्तदान टेबल का उपयोग किया जायेगा। सभी रक्तदाताओं को रक्तदान शिविर के सम्बन्ध मे सूचित करने के लिए मीडिया, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों का उपयोग किया जा रहा है।

# श्रीनाथ यूनिवर्सिटी और टाटा स्ट्राइव के बीच छात्र प्लेसमेंट एवं छात्रों के शैक्षिक संसाधन के लिए हुआ करार

**श्रीनाथ विश्वविद्यालय की ओर से अपने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम**

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय और टाटा स्ट्राइव के बीच छात्र प्लेसमेंट एवं छात्रो के लिए शैक्षिक संसाधन हेतु एमओयू किया गया। श्रीनाथ विश्वविद्यालय की ओर से अपने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

**इस एमओयू की विशेषताएं हैं :** टाटा स्ट्राइव जैसै बडे क्षेत्र मे छात्रों को उन्नत शिक्षण के लिए मूल्यवान संसाधन प्रदान करना, इसके अंतर्गत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम भी होगा जिससे शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा दिया जा सके और प्लेसमेंट की सुविधा के लिए यह सुनिश्चित करना कि हमारे स्नातक अच्छे करियर में कदम रखें।

**इन्होंने किए हस्ताक्षर :** एमओयू पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के डायरेक्टर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी सुभादीप भद्रा और टाटा स्ट्राइव की ओर से प्रोजेक्ट हेड रवि शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इनके अतिरिक्त टाटा स्ट्राइव की ओर से प्रोजेक्ट को औडिनेटर मनीष मिश्र एवं टाटा स्ट्राइव की ही बीएफएसआई ट्रेनर मिसेज पूजा कुमारी भी उपस्थित थी।

इस विषय पर बात करते हुए सुभादीप भद्रा ने कहा कि निश्चित तौर पर इस एमओयू से हमारे विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की शिक्षा प्राप्त करने के रास्ते मिलेंगे साथ ही उनकी कई तरह के शैक्षिक संसाधन तक पहुंच बनेगी।

# ट्रायल रन के दौरान टाटा पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। देश की सबसे चर्चित ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का गुरुवार को रांची-टाटा-हावड़ा रूट पर ट्रायल रन किया गया। इस दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस शाम 4.35 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंची। इस दौरान ट्रेन को लेकर टाटानगर स्टेशन में लोगों में काफी उत्साह देख गया। लोग ट्रेन के साथ सेल्फी लेते देखे गए। टाटानगर स्टेशन पहुंचने के बाद ट्रेन के लोको पायलट बदल दिए गए। यहां सात मिनट रुकने के बाद ट्रेन हावड़ा की ओर रवाना हो गई। बता दें कि रविवार को दोपहर 12.30 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ट्रेन को वर्चुअल झंडी दिखा कर व्यवसायिक परिचालन के लिए लांच करेंगे। रांची में सांसद संजय सेठ और जमशेदपुर में सांसद विद्युतवरण महतो इस ट्रेन को झंडी दिखायेंगे। जहां-जहां इस ट्रेन का स्टॉपेज है वहां स्थानीय सांसद इसे झंडी दिखायेंगे।




### टाटानगर से 600 से 700 रुपये होगा किराया

रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस रांची से सुबह 5.15 खुलेगी और सुबह 8.40 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। टाटानगर स्टेशन में 5 मिनट रुकने के बाद 8.45 बजे टाटानगर स्टेशन से हावड़ा के लिए रवाना हो जायेगी। यह ट्रेन 12.20 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी। दोपहर 15.45 बजे यह ट्रेन हावड़ा से खुलेगी और 19.05 बजे टाटानगर स्टेशन पहुंचेगी। यहां 5 मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन 19.10 बजे रांची के लिए रवाना हो जायेगी। रांची के रेल कर्मी ब्रजकिशोर ने बताया कि फिलहाल इसका किराया तय नहीं किया गया है पर रांची से इसका किराया लगभग 1 एक हजार रुपए होगा वहीं टाटानगर से किराया लगभग 600 से 700 रुपए होगा।

## एमजीएम अस्पताल के डॉक्टर तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे, मरीज बेहाल

# सफेद कोट की शांति, अब बनेगी क्रांति...

### आइएमए के आह्वान पर आज से पूरे प्रदेश के डॉक्टर हड़ताल पर

**पीआइसीयू में इलाजरत बच्चे की मौत के बाद तैनात डॉक्टर से हुई थी मारपीट**

**पुलिस तीसरे दिन भी मुख्य अभियुक्त को नहीं गिरफ्तार कर पायी**

खबर मन्त्र ब्यूरो




एमजीएम अस्पताल परिसर में धरने पर बैठे युवा डॉक्टर।

जमशेदपुर। एमजीएम अस्पताल के पीआइसीयू वार्ड में तैनात डॉक्टर कमलेश उरांव के साथ अस्पताल वार्ड में मारपीट के मामले में तीसरे दिन भी मुख्य अभियुक्त की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है।

ऐसे में अस्पताल के डॉक्टर आज तीसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते एमजीएम के इमर्जेंसी सर्विसेज को छोड़ सभी विभाग ठप हैं। तीसरे दिन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर सदर अस्पताल और नर्सिंग होम के डॉक्टर भी हड़ताल पर चले गए। इससे रोगियों की परेशानी गुणात्मक रुप से बढ़ गयी है। आइएमए, जमशेदपुर के महासचिव डॉ सौरव चौधरी ने झारखंड सरकार को चेताया है कि शुक्रवार की सुबह तक डॉक्टर को बेरहमी से पीटने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल नहीं भेजा गया तो पूरे प्रदेश के डॉक्टर हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं हड़ताल के कारण इलाज कराने आये मरीजों को काफी परेशानी हुई। विगत तीन दिनों में करीब तीन हजार मरीज बिना इलाज कराये वापस चले गये। इसमें कई ऐसे मरीज थे जो आज भी इस उम्मीद में आये थे कि डॉक्टर आज उनका इलाज कर देंगे। हड़ताल के चलते मेडिसीन ऑर्थो, सर्जरी, गायनिक सभी वार्ड बंद रहे। दूसरी ओर, हड़ताल डॉक्टर कामकाज छोड़ धरना पर बैठे रहे। धरना पर बैठे युवा डॉक्टर हाथ में तख्ती लिए हुए थे जिन पर लिखा था- प्रशासन क्यों अनजान है, डॉक्टर भी इंसान हैं। वीआर हियर टू सर्व नॉट सफर और सफेद कोर्ट की शांति,अब बनेगी क्रांति।

### इमर्जेंसी में तैनात महिला होमगार्ड को डॉक्टरों ने भगाया, कहा- मेल गार्ड भेजो



जमशेदपुर। एमजीएम अस्पताल की एक महिला होमगार्ड ने आरोप लगाया कि कल रात इमर्जेंसी में डॉक्टर नशे में आये और वहां तैनात दो महिला होमगार्डों को यह कहते हुए भगा दिया कि मेल गार्ड भेजो, तुम लोगों से कुछ नहीं होगा। महिला होम गार्ड ने डॉक्टरों पर भद्दी गालियां और जाति सूचक शब्द कहने का आरोप लगाते हुए साकची थाने में शिकायत की है। इतना ही नहीं आज होमगार्डों ने डॉक्टरों के व्यवहार के खिलाफ अधीक्षक का घेराव किया। उन्होंने कहा कि वे लोग डॉक्टरों को सुरक्षा नहीं देंगे, क्योंकि वे लोग अदब से बात तक नहीं करते हैं, हमलोगों को अनपढ़ आदि कहते हैं। महिला होमगार्ड ने कहा कि डॉक्टर भले ही उच्च शिक्षित हैं किन्तु उनका महिला होम गार्ड के साथ ऐसा व्यवहार कहीं से उचित नहीं है। दूसरी ओर, आइएमए के महासचिव डॉ सौरव से जब इस मामले में पूछा गया तो उनका कहना था कि यह गलत आरोप है।

## खबर एक नजर में

### गम्हरिया के दो खिलाड़ी भारतीय खो-खो कोचिंग कैंप में भाग लेंगे



गम्हरिया। सरायकेला-खरसावां जिला अंतर्गत गम्हरिया प्रखण्ड के सालडीह बस्ती निवासी माइकल मार्डी तथा शंकरपुर निवासी रीना बास्के को खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने झारखंड राज्य से खो-खो खिलाड़ी के रूप में चयनित किया है। दोनों खिलाड़ी वर्तमान में विगत कई वर्षों से गम्हरिया के टीजीएस कॉलोनी स्थित अरुणोदय क्लब के खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें उनके खो-खो खेल के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए सरायकेला-खरसावां जिला खो खो संघ के महासचिव अखिलेश्वर प्रसाद, अध्यक्ष रणवीर सिंह, सह सचिव अरविंद कुमार, कोच सुरेश नारायण चौधरी, कुश्ती संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह समेत झारखंड स्टेट खो खो संघ के पदाधिकारी व अन्य खिलाड़ियों ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड प्रदेश के लिए यह गौरव की बात है कि जिले से दो खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। विदित है कि खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव एमएस त्यागी ने दोनों खिलाड़ियों को पत्र भेजकर शुक्रवार 22 सितंबर से नौ अक्टूबर तक चलने वाले यूएलएन हॉस्टल,न्यू दिल्ली में कोचिंग कैम्प में बतौर खिलाड़ी के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। दोनों खिलाड़ी गुरुवार को उक्त कैम्प में भाग लेने हवाई मार्ग से दिल्ली रवाना हुए।

### सोपोडेरा गणेश पूजा के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन



जमशेदपुर। गत बुधवार की रात को महात्मा गांधी मेमोरियल सोसायटी सोपोडेरा के 40 वां गणेश उत्सव पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विमल बैठा, केंद्रीय मुखी समाज मूलनिवासी के केंद्रीय अध्यक्ष हरि मुखी, समाजसेवी रजनी मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगंतुक अतिथियों का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। उसके बाद सोसाइटी का स्मृति चिन्ह सभी अतिथियों को दिया गया।उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए श्री विमल बैठा ने बस्तीवासियो को गणेश उत्सव की शुभकामना दी और सभी के सुख दुख में साथ खड़े रहने का वादा भी किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुखिया प्रभूराम मुंडा, गोरे साहू, सोसाइटी के संरक्षक सोपोन करवा, रामकांत करवा, राम मुखी, कामदेव महतो, अध्यक्ष पी के करवा, महासचिव बबलू करवा, शिव कुमार सिंह,, गिरीश करवा, मंगला मुखी, नितेश करवा, नवीन करवा, राजमुखी, आकाश मुखी, हरीश बेहरा, चैतू राम, मदन सिंह, शशि भूषण, गौतम करवा, मंगल करवा, मुकेश करवा, मिथिलेश, विभिन्न पंचायत के वार्ड सदस्य गण एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नरवेराम हंसराज स्कूल बना विश्वदीप एनवायरनमेंट क्विज विजेता



जमशेदपुर। डीबीएमएस इंग्लिश स्कूल ने 21 सितंबर, 2023 को विश्वदीप सरकार मेमोरियल इंटर स्कूल एनवायरनमेंट क्विज की मेजबानी की। यह क्विज हर साल विश्वदीप की स्मृति में आयोजित किया जाता है, जो हमारे स्कूल का छात्र था। उस दिन के क्विज मास्टर एसटीडी थे। ग्यारहवीं और कक्षा डीबीएमएस के बारहवीं के छात्र। इंग्लिश स्कूल, मेजबान स्कूल के रूप में प्रश्नोत्तरी में भाग नहीं लेता है। स्कूल इस प्रश्नोत्तरी के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने और सभी को हमारे पर्यावरण की नाजुकता और इसकी सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करने में विश्वास रखता है। प्रश्नोत्तरी कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए है। आठवीं, नौवीं और दसवीं। प्रारंभिक दौर में 12 स्कूलों ने भाग लिया। पांच टीमों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। वह थे: नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल, राजेंद्र विद्यालय, सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, लोयोला स्कूल, और लिटिल फ्लावर स्कूल। कड़े मुकाबले में नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल 100 अंकों के साथ विजेता बनकर उभरा जबकि 71 अंकों के साथ लोयोला स्कूल को दूसरा स्थान मिला। तीसरे स्थान पर 70 अंकों के साथ लिटिलफ्लावर स्कूल रहा। प्रश्नोत्तरी को डीबीएमएस के सदस्यों ने देखा। इंग्लिश स्कूल प्रबंधन समिति, प्रिंसिपल रजनी शेखर और वाइस प्रिंसिपल पी के साहू, जिनके सक्षम मार्गदर्शन और प्रोत्साहन के बिना इस क्विज प्रतियोगिता की मेजबानी करना संभव नहीं था।

### टीम मूनका-केडिया ने किया धुआंधार चुनाव प्रचार



जमशेदपुर। सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चुनाव में बाते कम और काम ज्यादा के नारे के साथ चैम्बर में युवा और महिलाओं के सशक्त पक्षधरता के साथ चुनाव मैदान में उतरी टीम मूनका केडिया पूरी जोश के साथ चुनावी मैदान में खड़ी है। टीम मूनका केडिया अपनी लम्बी उपलब्धियां की लिस्ट लेकर व्यापारियों और उद्यमियों के बीच जनसंपर्क कर रही है। टीम मूनका ने इस वर्ष चैम्बर भवन का (जीणोद्धार एवं सौन्दर्यकरण) कर चैम्बर का नाम को राष्ट्रीय पटल पर रखने का काम किया है। चैम्बर भवन का क्लेवर अंदर से लेकर बाहर तक बदला जा चुका है।

### टाटा मोटर्स के फाउंड्री और इंजन डिवीजन में टीम आरके का अभिनंदन



जमशेदपुर। गुरुवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री श्री आर के सिंह जी का जोरदार स्वागत फाउंड्री डिविजन इंजन डिवीजन एवं फाइनल में हुआ! इस अवसर पर प्रबंधन की ओर से डॉक्टर डीएस पादन एवं कई वरीय पदाधिकारी एवं यूनियन के सभी पदाधिकारी शामिल हुए। सभी को फूलमाला, स्मृतिचिन्ह के साथ-साथ शोल ओढा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर महामंत्री आर के सिंह ने कहा आप सब ने जो स्वागत किया है उसके लिए बहुत-बहुत आभार। सही लीडर वही है जो वर्तमान नहीं बल्कि भविष्य की योजना लेकर उसे सफल सुलभ एवं व्यावहारिक बनाने का प्रयास करें मेरा प्रयास है कि आने वाले समय में कर्मचारी के बच्चों का नियोजन उनके शिक्षा के अनुसार कैसे संभव हो। साथ ही साथ वर्तमान में भी मल्टी स्किल जैसे स्कीम जो किसी कारणवश बंद हो गई थी उसे पुन आरंभ कराया गया ताकि वर्तमान भी बेहतर हो। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आप सबका स्नेह हमेशा ऐसा ही बना रहे।

## स्वच्छ चांडिल, स्वस्थ चांडिल कूड़ा उठाव अभियान लांच



चांडिल। चांडिल को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने के उद्देश्य से मैन रोड एवं डैम रोड में जगह-जगह जमा होने वाले कचरा से निकलने वाली दुर्गंध से अब चांडिल वासियों को राहत मिलेगी। गुरुवार को चांडिल चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एच एस शेखर ने चांडिल के होटल राहुल पैलेस के संचालक सह झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम के सौजन्य से संचालित कूड़ा उठाव वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। सुखराम हेंम्ब्रम ने कहा सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए चांडिल को साफ सुथरा रखने एवं चांडिल के विकास के लिए आने वाले दिनों में और कार्य किए जाएंगे। यह कूड़ावाहन रोजाना सुबह सात बजे से चांडिल मुख्य बाजार एवं डैम रोड में कचरा का उठाव करेगी। उन्होंने चांडिल वासियों से अपने घर का कूड़ा कचरा कूड़ा उठाव वाहन में ही डालने का अपील किया है।

## टीआरएफ ने पद्मश्री जमुना टुडू का अभिनंदन किया

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। टीआरएफ लिमिटेड ने प्रकृति के पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के लिए वन संरक्षण की दिशा में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार विजेता और झारखंड की लेडी टार्जन के रूप में प्रसिद्ध जमुना टुडू को आमंत्रित किया। जमुना टुडू ने झारखंड और उसके आस पास के क्षेत्रों में वनों की कटाई को रोकने के लिए अपने नेतृत्व के प्रयासों और वन भूमि के संरक्षण में अपने सकारात्मक प्रभाव के बारे में अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कुछ समान विचारधारा वाली महिलाओं के साथ मिलकर एक वन सुरक्षा समिति बनाई। इस अवसर पर सीएफओ आनंद चंद, सीएचआरओ अभिजीत सिंह, टाटा रॉबिन्स फ्रेजर लेबर यूनियन के महासचिव एम एच हीरामणिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और स्वयंसेवक कार्यक्रम में उपस्थित थे और उनके अनुभव से लाभ उठाया। इस अवसर पर सीएफओ आनंद चंद ने टुडू को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और सीएचआरओ अभिजीत सिंह ने उन्हें टीआरएफ परिवार की ओर से एक स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन एम एच उस्मानी ने किया। इस कार्यक्रम की शुरूआत कौशिक दत्ता एवं संतोष कुमार सिंह द्वारा की गई।

## भागवत कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है : पंडित मनीष शंकर

**साकची अग्रसेन भवन में भागवत कथा का चौथा दिन**

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। साकची श्री अग्रसेन भवन में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गुरूवार को व्यासपीठ से कथावाचक पंडित मनीष शंकर जी महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, श्रीराम जन्म, गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन प्रसंग की कथा का काफी सुंदर विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने भागवत कथा का महत्व बताते हुए प्रभु श्री राम एवं श्री कृष्ण जन्म प्रसंग का इतना सुंदर बखान किया की पंडाल में सभी लोग भावविभोर हो गए। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से जीव को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही जन्म जन्मांतर के पापों का अंत भी होता है। महाराज श्री ने कहा कि श्रीकृष्ण पूर्ण रूप से भगवान विष्णु एवं राम के ही अवतार थे, पर इनका जन्म मथुरा के कारागार में हुआ था। उस समय दुष्ट कंश का शासन था। इसलिए उनका जन्मोत्सव गोपनीय तरीके से ही मनाया जाता था. लेकिन जब भगवान श्रीकृष्ण एवं बलराम ने अपने 14वें वर्ष में मामा कंश का वध किया तब से इनका जन्मोत्सव भव्यता से मनाया जाने लगा। कथा वाचक ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म हुआ तो अपने आप जेल के ताले खुल गए और वासुदेव की बेड़ियां खुल गईं। वासुदेव भगवान ने श्रीकृष्ण इस संसार के पालनहार हैं।

## शिक्षा में तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ क्षेत्र अनुभव और कक्षा का मिश्रण जरूरी: डॉ संजीव

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के आईक्यूएसी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर केंद्रित आमंत्रित व्याख्यान के एक कार्यक्रम में झारखंड के महामहिम राज्यपाल के एकेडमिक एडवाइजर प्रो (डॉ) ई. बालागुरुसामी और ओएसडी, शिक्षा डॉ. संजीव राय का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि केवल एक वर्ष की छोटी अवधि में, जेडब्ल्यू की वीसी प्रो.(डॉ.) अंजिला गुप्ता ने छात्रों को शिक्षा, पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों और पाठ्येतर उपलब्धियों में उत्कृष्टता प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण प्रगति और प्रयास किए हैं। स्वागत भाषण आईक्यूएसी निदेशक डॉ. रत्ना मित्रा ने दिया। राज्यपाल के ओएसडी, शिक्षा डॉ. संजीव राय ने अपने संबोधन में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बात की, जिसमें आज की पीढ़ी की जरूरतों को पूरा करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता के साथ-साथ क्षेत्र के अनुभव और कक्षा कक्ष का मिश्रण होना चाहिए। प्रो बालागुरुसामी, राज्यपाल के अकादमिक सलाहकार, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के एक विद्वान पारखी और असंख्य पुरस्कार और मान्यता प्राप्त शिक्षाविद हैं। अपने संबोधन में बालागुरुसामी ने छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के पुनरुत्थान और नैतिक गुणों पर जोर दिया।

## टाटा स्टील के चाइल्डहुड कैंसर जागरूकता सत्र में 150 से अधिक ने लिया भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर/शुकिंदा। अपने परिचालन और उसके आसपास के समुदायों के कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, टाटा स्टील ने अपने सुकिंदा क्रोमाइट माइन परिसर में चाइल्डहुड कैंसर पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया। सत्र में क्षेत्र के किशोरों और छोटे बच्चों के माता-पिता सहित 150 से अधिक लोगों ने भाग लिया। बचपन के कैंसर के बारे में लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से, टाटा स्टील के असिस्टेंट डिविजनल मैनेजर (एम्प्लॉयी वेलनेस) डॉ. एवेलिना प्रशांत मुजुमदार ने सत्र में इस विषय पर विचार-विमर्श किया और गंभीर वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दे से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के जवाब दिए। सत्र में डॉ. मुजुमदार ने बचपन के कैंसर से संबंधित मिथकों को दूर किया और बीमारी से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य प्रस्तुत किए। उन्होंने सभा को ल्यूकेमिया, लिम्फोमा, मस्तिष्क कैंसर, सॉलिड ट्यूमर और चेतावनी संकेतों जैसे बचपन के कैंसर के सबसे सामान्य प्रकारों के बारे में बताया। इस अवसर पर डॉक्टर ने एक बाह्य रोगी परामर्श कार्यक्रम भी आयोजित किया, जहां आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों ने विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर उनसे परामर्श किया। कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, टाटा स्टील के फेरो अलॉय और मिनरल्स डिवीजन के एग्जीक्यूटिव इंचार्ज पंकज सतीजा ने कहा, उच्च आय वाले देशों और निम्न-मध्यम आय वाले देशों में कैंसर से पीड़ित बच्चों की जीवित रहने की दर के बीच अंतर बहुत अधिक है और अब समय आ गया है कि हम घातक बीमारी से पीड़ित सभी बच्चों को ठीक करने के लिए कैंसर देखभाल में अंतर को मिटाने के लिए आगे आएं। टाटा स्टील की डिलीवरी आर्म टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) की मदद से आयोजित जागरूकता सत्र में कर्मचारियों, उनके परिवारों और स्थानीय समुदाय के सदस्यों को बचपन के कैंसर के लक्षणों और उपलब्ध सहायता प्रणालियों के बारे में जानने का मौका मिला। इस कार्यक्रम ने स्थानीय समुदाय की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित किया, बचपन के कैंसर के खिलाफ लड़ाई में एकता और साझा जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दिया।

## बिहार के पूर्व सीएम भोला पासवान की जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश ने दी श्रद्धांजलि, कहा

# हमलोग तो चाहते थे कि महिला आरक्षण बिल पास हो

**पटना (हि.स.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्व. भोला पासवान शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते थे कि महिला आरक्षण बिल पास हो। यह लोकसभा से पास हो गया है। अब महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाए हैं, इसलिए इसमें देरी होगी । सीएम ने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए। जिस तरह से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया गया है, उसी तरह से इसमें पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग की



महिलाओं को भी आरक्षण मिलना चाहिए। हम तो चाहते हैं कि जल्दी से जल्दी महिलाओं को इसका लाभ मिले। हमने महिला आरक्षण बिल का समर्थन किया है। सीएम ने जाति आधारित जनगणना की मांग से संबंधित पत्रकारों के सवाल पर कहा कि हमलोग यंगर एज से इसकी मांग करते रहे हैं। जनगणना का काम वर्ष 2021 में होना चाहिए था जो नहीं हुआ। ये सब काम करा दिए जायेंगे तो लोगों को काफी फायदा होगा । लोगों के एक-एक चीज के बारे में जानकारी मिलेगी। उनकी स्थिति के बारे में जानकारी मिलेगी, जिससे उनके हित में काम किए जा सकेंगे। हमलोग सबके उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। नीतीश ने कहा कि हमलोगों ने अपने राज्य में महिलाओं के उत्थान के लिए काफी काम किए हैं। वर्ष 2013 तक हम 19:30 बजे तक मुख्य सचिवालय अपने कार्यालय में आते थे। हमको जानकारी मिली कि लोग समय पर नहीं आ रहे हैं तो हम कल भी और आज भी सचिवालय आकर निरीक्षण किए हैं। हमने तय किया है कि तीन दिन सचिवालय आयेंगे। हम चाहते हैं कि सभी लोग समय पर कार्यालय पहुंचे और ठीक ढंग से काम करें।भाजपा कह रही है कि पूरे देश में वर्ष 2024 में लोकसभा चुनाव के बाद जातिगत जनगणना कराया जाएगा, इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक यह हो जाना चाहिए था, इसमें देरी क्यों हो रही है। वर्ष 2024 में शुरू करने की क्या जरूरत है इसको तत्काल शुरू कर देना चाहिए। वर्ष 1931 से जनगणना का काम किया जा रहा है। प्रत्येक दस वर्ष पर जनगणना का काम किया जाता है। यह पिछली बार नहीं किया गया, ये अच्छी बात नहीं है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी से मुलाकात के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के नेताओं से हमारी मुलाकात होती रहती है। आपस में बातचीत होती रहती है। भाजपा के लोग कहते हैं कि कोई काम नहीं दिख रहा है, इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग जानते हैं कि क्या-क्या काम हो रहा है लेकिन मीडिया पर उनलोगों का नियंत्रण है, इसलिए चाहकर भी आपलोग सही बात नहीं रख पाते हैं। जब उनलोगों से आपलोगों को मुक्ति मिलेगी, आपको अधिकार मिलेगा तब आप अपनी बातों को रख पाएंगे।

## एक नजर में

### महगामा विधायक ने किया कई सड़कों चेक डैम और तालाब का उद्घाटन



**गोड्डा।** महगामा —ठाकुर गंगटी विधायक दीपिका पांडे सिंह ने गुरुवार को ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में खरखोदिया से चांदचक डुमरिया गांव तक मुख्य सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास,चांदा गांव में काली मंदिर के निकट तालाब में घाट निर्माण कार्य का उद्घाटन,चांदा बासा खरवा तालाब का उद्घाटन और तेतनाहा बांध चेक डैम का उद्घाटन सहित कई अन्य योजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया ।विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पोखरिया मैदान पर आयोजित वार्षिक तीन दिवसीय फुटबॉल मैच का उद्घाटन किया ।वही झखरा गांव में लगने वाले वार्षिक मेले में भी ग्रामीणों से मिलकर रूबरू हुई और उनके उत्साह को बढ़ाया ।जगह–जगह पर समर्थकों,कार्यकताओं, किसानों,मजदूरों,गरीब ग्रामीणों द्वारा विधायक दीपिका पांडे सिंह का जोरदार स्वागत किया गया सभी जगह पर उन्हें फूल माला,पुष्प गुच्छ आदि से सम्मानित किया गया ।चांदा पंचायत सचिवालय में कार्यकताओं,समर्थकों, किसानों,मजदूरों,गरीब ग्रामीण आदि को संबोधित करते हुए कहा कि अब तक के कार्यकाल में जो बन पड़ा है उनके द्वारा काफी कम समय में तेजी से काफी अधिक विकास किया जा रहा है ।क्योंकि कोरोना कल की वजह से भी दो वर्ष सभी प्रकार के कार्यों में व्यवधान आ गया था ।ग्रामीणों की जो मांग रही है उसके अनुसार प्रत्येक आवश्यक वाले जगह पर हाई मास्क लाइट,सड़क, पुल,पुलिया,चेक डैम, तालाब खुदाई,घाट आदि निर्माण कार्य कराया गया है। और भी ग्रामीणों के द्वारा जिन कार्यों के बारे में ध्यान आकृष्ट कराया गया है और जो ग्रामीणों की मांग रही है उस दिशा में भी तेजी से कम किया जा रहा है। जल्द से जल्द ही ग्रामीणों की हर प्रकार की समस्याओं को तेजी से दूर किया जाएगा ।चाहे जितनी भी मेहनत करनी पड़े ग्रामीणों को समस्या से जूझने नहीं दिया जाएगा ।हर संभव हर तबके के ग्रामीणों का शत प्रतिशत सहयोग किया जाएगा ।कहा कि जब भी किसी ग्रामीणों को जरूरत पड़े तो सीधे मिलकर या मोबाइल फोन के माध्यम से बात कर सकते हैं ।निश्चित रूप से सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा ।इस अवसर पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, जिला सचिव सुभाष मंडल, युवा अध्यक्ष मिस्टर खान, मुखिया मनोरंजन कुमार, पूर्व मुखिया बिंदेश्वरी झा, योगेश यादव रंजन सिंह, दिलीप सिंह, बबली उर्फ विनय कुमार,असदुल्ला अंसारी,करमू यादव, सुबोध यादव,श्याम रामानी,अनिल मंडल शहीद ठाकुर गणपति प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के इंडिया महागठबंधन दल के गांव पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक के दर्जनों कार्यकर्ता और मर्म प्रखंड क्षेत्र के भी कई बार वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित सैकड़ो ग्रामीण समर्थक किसान मजदूर शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### एसकेएमयू की वित्त समिति की हुई बैठक

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में वित्त समिति की बैठक गुरुवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने किया। बैठक में पिछले बैठक में लिए गए निर्णयों को स्वीकृति देने के साथ विभिन्न महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय कैंपस में चल विकासात्मक कार्यों के लिए वित्त प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के वित्त सलाहकार संजोय कुमार वर्मा, वित्त पदाधिकारी डॉ राजीव कुमार, कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा, सीसीडीसी डॉ बिजय कुमार, डॉ जयनेंद्र यादव एवं डॉ अब्दुस सत्तार आदि शामिल हुए।

### एसपी कॉलेज में भर्ती 23 को कैम्प का आयोजन

दुमका। झारखंड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा 23 सितंबर 2023 शनिवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। संताल परगना महाविद्यालय के सभी वर्तमान विद्यार्थियों एवं जो इस महाविद्यालय से उतीर्ण हो चुके हैं, वो भी इस कैंप में भाग ले सकते हैं। इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में 22 सितंबर को 10 बजे से कांफ्रेंस हॉल में पंजीकरण प्रक्रिया होगी। जिसके लिए विद्यार्थियों को अंतिम परीक्षा की अंकपत्र, एक फोटो तथा निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ ससमय उपस्थित होना है। इस भर्ती कैम्प के द्वारा सैंकड़ों अभ्यर्थियों का चयन झारखण्ड के क्षेत्र में कार्य करने के लिए किया जाएगा।

### सहायक अभियंता के खाते से साइबर अपराधियों ने उड़ाया 2.24 लाख

दुमका। रानीश्वर में मनरेगा के सहायक अभियंता कचल मार्तंड के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने 2.24 लाख उड़ा लिए। रसिकपुर निवासी अभियंता ने गुरुवार को नगर थाना में आवेदन देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। सहायक अभियंता ने बताया कि रसिकपुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में उनका खाता है। 12 सितंबर को एटीएम पिन जनरेट करने के बाद एटीएम में जाकर बैलेंस चेक किया तो पता चला कि खाते में मात्र 30 रुपए है। जब इस संबंध में बैंक जाकर स्टेटमेंट निकाला तो पता चला कि आठ से दस अगस्त के बीच उनके बैंक खाते से 2.24 लाख रुपए की निकासी कर ली गई है, जबकि निकासी के संबंध में उन्हें किसी प्रकार की जानकारी नहीं है ना ही किसी ने उनसे बैंक संबंधी कोई जानकारी मांगी।

### जेपी नड्डा पांच अक्टूबर को आएंगे बिहार

पटना(हि .स.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पांच अक्टूबर को पटना आएंगे। वे भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, पूर्व अध्यक्ष और गुजरात के पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती पर बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने गुरुवार को दी। तय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि कैलाशपति मिश्र के कार्यकाल को बिहार भाजपा प्रदर्शनी के माध्यम से दिखायेगी।

## नारी शक्ति वंदन विधेयक को कोर्ट के चक्कर में फंसाना चाहते हैं नीतीश : सुशील मोदी

**पटना (हि.स.)।** राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा कि नीतीश कुमार, राबड़ी देवी और कांग्रेस के जो लोग महिला आरक्षण विधेयक को तुरंत लागू करने के लिए दबाव बना रहे हैं, वे चाहते हैं कि यह विधेयक संसद से पारित होते ही सुप्रीम कोर्ट में जाकर फंस जाए। सुशील मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक लोकसभा में दो तिहाई से भी अधिक बहुमत से पारित कराने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिली सफलता विपक्ष को पच नहीं रही। इसलिए वे इसके लागू होने पर संदेह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक पूरी वैधानिकता के साथ 2029 में अवश्य लागू होगा। यह भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिना जनगणना कराए सरकार यह नहीं तय कर सकती कि कितनी



और कौन-कौन सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।आजादी के बाद से यही परम्परा रही कि जनगणना के आंकड़ों के आधार पर परिसीमन आयोग आरक्षित सीटों का निर्धारण करता है। जो लोग जल्दबाजी में महिला आरक्षण को 2024 के संसदीय चुनाव से लागू कराने की बात कर रहे हैं, वही ऐसे कदम के खिलाफ सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। उन्होंने कहा 1991 में नरसिंह राव की सरकार ने कार्यपालक आदेश जारी कर ऊंची जाति के गरीबों को 10 फीसदी आरक्षण दे दिया था।

## अनाज घोटाले में बीडीओ सह एमओ ने बीईओ के खिलाफ कराया मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** गरीबों के निबाला पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता द्वारा डाका डालने का मामला दुमका जिला में कई बार सामने आया और संबंधित पीडीएस दुकानदारों पर कार्यवाई भी हुई। लेकिन ताजा मामला काफी चौकाने वाला है। इस बार छात्रों के निबाला पर अधिकारी द्वारा डाका डाला गया और 101.50 क्विंटल एमडीएम खाद्यान का गबन किया गया। सदर बीडीओ की जांच में इसका खुलासा हुआ। बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा एमडीएम गोदाम प्रभारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाशपति पातर पर गबन की प्राथमिकी नगर थाना में दर्ज कराया। दुमका डीसी के निर्देश पर सदर प्रखंड कार्यालय परिषर स्थित एमडीएम गोदाम में पड़े अवशेष खाद्यान्न की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। दर असल अप्रैल 2023 से विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के तहत पोषाहार की आपूर्ति जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से चयनित एजेंसी के द्वारा किया जा रहा है। पूर्व में एमडीएम गोदाम प्रभारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा किया जा रहा था। यह सूचना प्राप्त हुई थी कि प्रखंड परिसर स्थित एमडीएम गोदाम में काफी मात्रा में पोषाहार पड़ा हुआ है। इसके लिए एमडीएम गोदाम प्रभारी कैलाशपति पातर को इसका उठाव कर संबंधित एजेंसी के माध्यम से विद्यालयों में आपूर्ति करने का निर्देश प्रखंड स्तरीय स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में दिया गया था, परंतु एमडीएम गोदाम प्रभारी द्वारा ना तो इसका वितरण कराया गया और ना ही यह सूचना दी गई की एमडीएम गोदाम में कुल कितनी मात्रा में पोषाहार अवशेष के रूप में पड़ा हुआ है। जिसके बाद एक प्रखंड स्तरीय टीम गठित कर एमडीएम गोदाम का भौतिक सत्यापन एमडीएम गोदाम प्रभारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कैलाशपति पातर की उपस्थिति में किया गया। भौतिक सत्यापन में कुल 1057 बोरा अर्थात 528.5 क्विंटल पोषाहार पाया गया। एमडीएम गोदाम प्रभारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराए गए वितरण पंजी से कैलाशपति पातर के कार्यकाल में वितरित हुए खाद्यान्न का मिलान किया गया।

## देवेंद्र माझी मेमोरियल प्रीमियर लीग टी-20 क्रिकेट 27 से

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर में टी-20 की तर्ज पर अंडर-16 देवेंद्र माझी मेमोरियल प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन होगा। देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में होने वाले टूनार्मेंट में देशभर के विभिन्न राज्यों की टीमें हिस्सा लेगी। टूनार्मेंट का उद्घाटन 27 सितंबर से भारत भवन स्थित मिनी फुटबॉल स्टेडियम में होगा। टूनार्मेंट के सफल आयोजन को लेकर देवेंद्र माझी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष जगत माझी की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक हुई। बैठक में टूनार्मेंट का भव्य आयोजन कर क्षेत्र में क्रिकेट को बढ़ावा देने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष जगत माझी ने



कहा टूनार्मेंट के आयोजन का उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को बेहतर मंच प्रदान करना है। इसके साथ ही स्थानीय खिलाड़ियों का उत्साह भी बढ़ाना है। उन्होंने सदस्यों को बेहतर आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। सचिव ओवैश अंसारी ने बताया कि टूनार्मेंट में दिल्ली, कोलकाता, ओडिसा व झारखंड समेत 12 टीमें हिस्सा लेगी। बाहर से आने वाले खिलाड़ियों के रहने व भोजन की व्यवस्था स्टेडियम में ही की जा रही है। प्रत्येक दिन दो मैच खेले जाएंगे। बैठक में महासचिव मंजर आलम, उपाध्यक्ष इकबाल खान, पीके दास, शाहनवाज अंसारी, साजिद अनवर, एसएफ रहमान, रिंकी कुजूर, मुमताज अंसारी, रिजवान खान, साजिद हुसैन, मोहम्मद जावेद, एसके जलाल, करण कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वन भूमि से कोयला खनन व जोत आबाद में नौ को छह माह की कैद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने गुरुवार को वन भूमि में हल बैल से जोत आबाद कर खेत बनाने व कोयला खनन करने से संबंधित दो अलग-अलग मामले में नौ आरोपियों को छह छह माह की कारावास की सजा सुनायी है। सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली ने बताया कि शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के भलकी गांव के नामजद आरोपी रुबेन हेम्ब्रम,लुखी राम मुर्मू,बुधन हेम्ब्रम,धन हेम्ब्रम,मोती लाल हेम्ब्रम,चरण मुर्मू और मार्शल हेम्ब्रम को छह - छह माह के कारावास की सजा सुनायी गयी। शिकारीपाड़ा वन उप परिसर के वन रक्षी धीरज रवि दास के 19 अगस्त 2015 के प्रतिवेदन पर उक्त नामजद आरोपियों के खिलाफ ओसीआर केस दर्ज कराया गया था। वहीं शिकारीपाड़ा के बांसपहाड़ी उप परिसर के वन रक्षी धीरज रविदास के सात जनवरी 2016 के लिखित प्रतिवेदन पर ओसीआर केस दर्ज किया गया था। इस मामले में भारतीय वन अधिनियम और बिहार वन संशोधन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत जोगी खोप गांव के नसीरुद्दीन अंसारी और रूस्तम अंसारी को आरोपित बनाया गया था।

## असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करें : पुलिस अधीक्षक

**गोड्डा।** पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने गुरुवार को ठाकुर गंगटी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। अधिकारियों को लंबित कांडों का समीक्षा कर संबंधित पुलिस पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया ।लंबित वारंट और कुर्की का निष्पादन अभिलंब करने को कहा।



फरारी अभियुक्तों की अविलंब गिरफ्तारी करने को कहा। सभी निरीक्षण से संबंधित पंजियों का अवलोकन कर उसमें पाए गए कर्मियों का निराकरण, प्रविष्टि आदि का भी दिशा निर्देश दिया ।आम नागरिकों के द्वारा प्राप्त शिकायत पत्रों का अभिलंब निष्पादन करने को कहा और सामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखते हुए विधि संवत कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिव शंकर तिवारी, पुलिस निरीक्षक बलवीर सिंह,थाना प्रभारी रफीक आलम, सहायक विनोद शाह, बिमल शर्मा सहित सभी पुलिसकर्मी ग्रामीण पुलिस शामिल थे।

## बीडीओ ने पंचायत जन प्रतिनिधियों के साथ चलो आवास पूरा करें अभियान को लेकर बैठक की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** आज चलो आवास करें पूरा अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में वरीय पदाधिकारी सहित प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा चलो करें आवास पूरा अभियान कार्यक्रम को लेकर सभी पंचायतों के मुखिया एवं ग्रमीणों के साथ बैठक की गई। चलो करें आवास पूरा₹ अभियान से संबंधित बैठक प्रतिनियुक्त वरीय पदाधिकारीगण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि लाभुकों को आवास पूर्ण करने के निमित्त हर आवश्यक सहायता लाभुकों को मुहैया कराई जाए। 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक यह अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। पंचायत स्तर के अधिकारी अपूर्ण आवास को पूर्ण कराने में आवश्यक सहयोग करें। अभियान में बेहतर कार्य करने वालों को जिला स्तर पर कार्यक्रम



आयोजित कर सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक के दौरान निर्देश दिया गया कि मिशन मोड में सभी अपूर्ण आवास को पूर्ण कराया जाए, संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित स्थानीय जन प्रतिनिधियों से कहा कि लाभुकों को आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किए जाएं ।साथ ही साथ आवास निर्माण के बचे किस्तों का भुगतान ससमय किया जाए।

## प्रत्येक जीवों की आत्मा में परमात्मा का निवास है : अभयानंद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी के मोरडीहा ग्राम में भागवत कथा सुनाते कथावाचक स्वामी अभिनानंद उर्फ अभिषेक शास्त्री जी महाराज2,3कथा सुनते श्रद्धालु3 आरती गाते श्रद्धालु। संवाद सहयोगी ठाकुर गंगटी(गोड्डा) ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के मोरडीहा ग्राम मैं गणेश उत्सव के अवसर पर दुर्गा मंदिर परिसर में चल रहे भागवत कथा की दूसरी रात्रि स्वामी अभयानंद जी महाराज उर्फ अभिषेक शास्त्री ने दूसरे दिन बालक ध्रुव और भक्त प्रहलाद का वर्णन किया ।बताया कि भक्ति करने



की कोई उम्र नहीं होती।भक्त प्रहलाद और ध्रुव दोनों बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति के थे और भक्ति का काम बचपन से ही शुरू कर दिया। भक्त प्रहलाद की माता सुनीति थी और उसकी छोटी मां सुरुचि थी।भक्त प्रहलाद जब पांच वर्ष के हो गए तो एक दिन वे अपने पिता की गोद में बैठने के लिए गए।तो जैसे ही पिता के गोद में बैठने के लिए किया तो छोटी मां ने खींचकर हटा दिया और बोला कि पिता की गोद में बैठने के लिए तुम्हें मेरी गर्व से जन्म लेना होगा।इस बात पर ध्रुव काफी सोचा बिचारी करने लगे और अपनी मां के पास गया।रोने लगा उसकी माता ने कहा कि बैठना ही है तो परमपिता परमेश्वर की गोद में बैठो।उसी समय भक्त ध्रुव घर से निकल गए और वन की ओर चल पड़े। रास्ते में नारद जी मिले और फिर पूछने पर नारद जी ने उसे मंत्र दिया और उसके कथनानुसार ही रास्ते पर चलकर जंगल में जाकर ओम नमो भगवते वासुदेवाय का जाप करने लगा।

बताया की उम्र छोटा और बड़ा नहीं होता है इस तपस्या से ही उन्होंने भगवान को प्राप्त कर लिया। जो कि आज भी ध्रुव तारा के रूप में बालक ध्रुव जाना जाता है।इस प्रकार हिरणकस्यपु का पुत्र भक्त प्रहलाद हुआ उन्होंने भी बचपन से ही भक्ति करना शुरू कर दिया और एक दिन अंत में यह साबित कर दिखा दिया कि भगवान को जहां खोजेंगे वहां मिलेगा। हिरणकस्यपु ने जब पूछा कि तुम्हारा भगवान कहां है तो उन्होंने कहा कि आप जहां खोजें हर जगह भगवान है।तो उन्होंने कहा कि क्या इस खंबे में तुम्हारा भगवान है तो उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से भगवान है।और इतना बोलते हिरणकस्यपु के अहंकार से खंभे से नरसिंह भगवान अवतार ले लिया। और हिरणकस्यपु का वध कर दिया। तो इस प्रकार भगवान को कहीं खोजने की आवश्यकता नहीं है।

## पेज 1 का शेष

### सर्वसम्मति से राज्यसभा...

सरकारों को संवैधानिक तरीके से काम करना होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दो चीजें आवश्यक हैं, पहला, जनगणना और फिर न्यायिक निकाय के माध्यम से जन सुनवाई। **हम समर्थन में हैं, पर ये जुमला नहीं हो : खड़गे–** महिला आरक्षण बिल पर राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, हम समर्थन कर रहे हैं, लेकिन ये जुमला नहीं हो। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल में ओबीसी के लिए भी आरक्षण नहीं है। इसमें संशोधन कर सकते हैं, ओबीसी को आरक्षण दे सकते हैं। आप ओबीसी महिलाओं को पीछे क्यों छोड़ रहे हैं। क्या आप उन्हें साथ नहीं लेना चाहते। **महिला आरक्षण बिल पास होना स्वर्णिम पल :** पीएम मोदी ने लोकसभा से महिला आरक्षण विधेयक के पारित होने को भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मातृशक्ति का भरोसा देश को नयी दिशा देगा। गुरुवार को सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई अध्यक्ष ओम बिरला ने पीएम को सदन को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। पीएम ने सभी सदस्यों का आभार जताते हुए कहा कि इसके हकदार सदन के सभी सभी दल उसके नेता और सदन के सभी सदस्य हैं। विधेयक पारित होने से देश की मातृशक्ति में नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। महिला आरक्षण विधेयक देश की मातृशक्ति का भरोसा देश को नयी दिशा देगा। निचले सदन में कांग्रेस, सपा, द्रमुक, टीएमसी, जदयू समेत सभी विपक्षी दलों ने विधेयक का समर्थन किया था। हालांकि असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआइएमआइएम ने विधेयक का विरोध किया। लोकसभा में ओवैसी समेत एआईएमआईएम के दो सदस्य हैं।

### कनाडा के नागरिकों की...

भारत द्वारा कनाडा की धरती पर भारत विरोधी गतिविधियों के कई सबूत मुहैया कराने के बावजूद वहां कोई कार्रवाई नहीं की गयी। कनाडा आतंकवादी गतिविधियों का केंद्र बन चुका है। भारत ने इस मुद्दे पर उसे लताड़ा और कहा कि कनाडा में आतंकवादी भारतीय राजनयिकों के लिए भी खतरा बन चुका है। भारतीय दूतावास के कर्मचारी सुरक्षित नहीं हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को कहा, अगर कोई देश है जिसे अपनी प्रतिष्ठा पर पर ध्यान देने की जरूरत है, तो मुझे लगता है कि यह कनाडा है। आतंकवादियों के लिए, चरमपंथियों के लिए और संगठित अपराध के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के रूप में कनाडा की प्रतिष्ठा बढ़ी है। **वीजा देने पर बेमियादी रोक :** मोदी सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए कनाडा के नागरिकों की भारत में एंट्री पर रोक लगा दी है। खालिस्तान के मसले पर बढ़ते तनाव के बीच भारत ने यह कदम उठाया है। उच्चायोग की ओर से वीजा सेवाएं गुरुवार से निलंबित कर दी गयी हैं। भारत ने कनाडा के नागरिकों के लिए भारत ने वीजा सेवाओं को अनिश्चितकाल तक के लिए बंद कर दिया है। कनाडा में वीजा केंद्रों को संचालन करने वाले बीएलएस इंटरनेशनल ने अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी है। इस नोटिस में लिखा गया है, 'भारतीय मिशन की तरफ से महत्वपूर्ण सूचना : ऑपरेशनल कारणों से भारत की वीजा सेवाएं 21 सितंबर से अगली सूचना तक रहेगी।' भारत के एक वरिष्ठ राजनयिक ने इस बात की पुष्टि भी की है। कोरोना काल के बाद यह पहला मौका है, जब भारत ने किसी भी देश के नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को बंद किया है।

### आज हाईकोर्ट में याचिका...

जमीन घोटाले मामले में इडी ने सीएम पहली बार 24 अगस्त को पूछताछ के लिए समन भेजा था। सीएम इसके जवाब में पत्र भेजकर समन को गैरकानूनी बताते हुए कानूनी कार्रवाई की बात कही थी। इडी पिछले साल 17 नवंबर को करीब 9 घंटे तक सीएम से पूछताछ कर चुकी है।

### घपले की जांच करने टीम पहुंची...

**दागी अफसर की पोस्टिंग पर उठे सवाल :** धनबाद जैसे बड़े बाजार समिति में घूस लेने के आरोपी पदाधिकारी की पोस्टिंग कैसे कर दी गयी? इस मामले की भी जांच होगी। अगर संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ मामले सही पाये जाते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। एमडी ने कहा कि अब हम लोगों को कमेटी की रिपोर्ट की प्रतीक्षा है। आरोप है कि धनबाद बाजार समिति के प्रभारी सचिव ने नियम कानून को ताक पर रखकर आईबी समेत करीब 29 दुकानों को पैसे लेकर अवैध तरीके से आवंटन कर दिया है। साथ ही कई दुकानों में नये और 80 प्रतिशत तक के साझेदारी भी बना दिए हैं। बोर्ड के अधिकारी अब इन सभी बिंदुओं पर जांच करेंगे और जांच रिपोर्ट एमडी के द्वारा कृषि सचिव को भेजी जायेगी।

स्पीड न्यूज

## कारगिल में मोर्टार का गोला बरामद

**कारगिल/जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के कारगिल जिले में बृहस्पतिवार को मोर्टार का एक गोला मिला, जिसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय लोगों को बटालिक सीमा क्षेत्र के शरचेय इलाके में यह गोला मिला, जिसकी सूचना उन्होंने सुरक्षा बलों को दी। उन्होंने बताया कि सेना के जवानों ने गोले को सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

## नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन का निधन

**नयी दिल्ली।** भरतनाट्यम नृत्यांगना सरोजा वैद्यनाथन का कैंसर के चलते गुरुवार तड़के यहां उनके आवास पर निधन हो गया। उनकी बहू और नृत्यांगना रमा वैद्यनाथन ने यह जानकारी दी। सरोजा 19 सितंबर को 86 वर्ष की हुई थीं। सरोजा को 2002 में पद्म श्री और 2013 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। रमा ने राष्ट्रीय राजधानी में 50 साल पहले शास्त्रीय नृत्य विद्यालय गणेश नाट्यालय की स्थापना के लिए सास और गुरु को याद किया।

## बांग्लादेश में डेंगू के 3,015 नये मामले

**ढाका।** बंगलादेश में डेंगू के 3,015 नए मामले सामने आए हैं और 21 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने बताया कि बुधवार को नए मामले सामने आने से इस वर्ष अब तक डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 1,76,810 हो गयी है और मृतकों की संख्या बढ़कर 850 तक पहुंच गयी है। इससे पहले, डीजीएचएस ने दो सितंबर को ने 21 की मौत की सूचना दी थी।

## बेंगलुरु जैविक उद्यान में 16 हिरणों की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान में पेट संबंधी बीमारी और आपसी लड़ाई के कारण 16 हिरणों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हिरणों की मौत होने की यह घटना तेंदुए के सात शावकों की मौत के ठीक बाद हुई। उक्त शावक एक अत्यधिक संक्रामक वायरस – फेलिन पैनेलुकोपेनिया– से संक्रमित थे।

## डूसू चुनाव के लिए आज पड़ेंगे वोट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव तीन साल बाद शुक्रवार को होंगे। इन चुनावों को लेकर पहली बार के मतदाताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। वहीं, सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन के मुताबिक, सुबह की पाली के विद्यार्थी सुबह साढ़े आठ बजे से दोपहर एक बजे तक मतदान कर सकेंगे जबकि शाम की पाली के विद्यार्थी दोपहर तीन से शाम साढ़े सात बजे तक वोट डाल सकेंगे। मतगणना शनिवार को होगी।



मध्य प्रदेश के नर्मदा किनारे ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की 2100 करोड़ की लागत से108 फीट ऊंची प्रतिमा का भव्य अनावरण सीएम शिवराज सिंह चौहान ने किया।

# राज्यसभा की दर्शक दीर्घा में लगा मोदी जिंदाबाद का नारा

### विपक्ष ने कड़ा विरोध करते हुए सदन से किया बहिर्गमन, सभापति ने दिया जांच के आदेश

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा की दर्शक दीर्घा में अचानक हुए घटनाक्रम में कुछ दर्शकों ने नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद का नारा लगा दिया जिसका विपक्ष के सदस्यों ने कड़ा विरोध करते हुए सदन से बहिर्गमन किया और सभापति जगदीप धनखड़ ने भी इसे गंभीरता से लेते हुए कहा कि इस पूरे मामले की सख्ती से जांच करायी जायेगी।

सदन में गुरूवार को शाम चार बजे के करीब जब भारतीय जनता पार्टी के नेता सुशील मोदी नारी शक्ति वंदन विधेयक पर अपनी बात रख रहे थे उसी समय प्रेस दीर्घा के साथ वाली दर्शक दीर्घा से कुछ दर्शकों ने बाहर जाते समय नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद का नारा लगाया। सुरक्षाकर्मियों ने हालाकि उन्हें तुरंत रोक दिया लेकिन सदन में बैठे विपक्ष के अनेक सदस्यों ने इसका



जोरदार विरोध किया। उप सभापति कविता पाटीदार ने कहा कि इस मामले का संज्ञान ले लिया गया है और सदस्य शांत रहे।

समाजवादी पार्टी की जया बच्चन, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी और तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने जोर जोर से बोलते हुए इसका कड़ा विरोध किया। हालांकि उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही थी। विपक्ष के सदस्य इसका विरोध करते हुए

- **जया बच्चन, प्रियंका चतुर्वेदी और ब्रायन ने किया विरोध**
- **सदन में किसी तरह की घुसपैठ की अनुमति नहीं दी जायेगी : धनखड़**

बहिर्गमन करने लगे इसी बीच सभापति जगदीप धनखड़ आसन पर आ गये और विपक्षी सदस्यों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पूरी जांच की जायेगी तथा किसी तरह की ढिलाई नहीं बरती जायेगी। उन्होंने कहा कि वह इस मामले की संवेदनशीलता को समझते हैं और यह सबके लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सदन में किसी तरह की घुसपैठ की अनुमति नहीं दी जायेगी। उन्होंने कहा कि वह सदन में विपक्ष के नेताओं के साथ बात करेंगे और इसकी जांच की जायेगी तथा दर्शक दीर्घा के मामले में एक मानक प्रक्रिया भी बनायी जायेगी। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा कि यदि कुछ गलत हुआ है तो उसका समाधान किया जाना जरूरी है। इसके बाद श्रीमती जया बच्चन ने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत अनुभव है कि उन्हें सदन से बाहर समूहों में महिलाएं मिल रही हैं और वे यह कहती हैं कि हम आपकी प्रशंसक हैं लेकिन समर्थन भारतीय जनता पार्टी का करती हैं। सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह समूचा परिसर सभापति के अधीन है । उन्होंने कहा कि नारे लगाने वाले दर्शक किस सांसद की सिफारिश से आये थे यह पता लगाना चाहिए और कठोर कार्रवाई किये जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा सुनियोजित ढंग से सदन की मयार्दा का हनन कर रही है। इसके बाद श्री तिवारी और श्रीमती बच्चन ने सदन से बहिर्गमन किया।

## चंद्रयान-3 से वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ा : बिरला

**नयी दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसरो की चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को लेकर देशवासियों को बधाई दी और कहा कि इस उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है तथा वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ा है। श्री बिरला ने लोकसभा में गुरुवार को चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा के दौरान ये बातें कहीं। चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के पदचिह्न का नाम तिरंगा प्वाइंट और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट रखने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नाम भारत की सदियों पुरानी विरासत के प्रति सम्मान के साथ ही हमारी वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और प्रयासों के प्रतीक भी हैं ।

# कनाडा में एक और गैंगस्टर की हत्या

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने ली सुक्खा दुनेके की हत्या की जिम्मदारी

**एजेंसी**

**ओट्टावा।** कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत और कनाडा के राजनयिक घमासान के बीच एक और खालिस्तान समर्थक गैंगस्टर की हत्या हो गयी है। भारतीय जांच एजेंसी एनआईए की वांछित सूची में शामिल सुखदूल सिंह गिल उर्फ सुक्खा दुनेके की हत्या कर दी गयी है। गैंगवार में हुई इस हत्या की जिम्मेदारी लारेंस विश्नोई गैंग ने ली है। जानकारी के मुताबिक कनाडा के मनितोबा प्रांत के विन्नीपेग में सुक्खा दुनेके की हत्या कर दी गयी। उस पर 15 राउंड गोलियां चलाई गयीं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।फर्जी दस्तावेजों के सहारे वर्ष 2017 में भारत से भाग कर कनाडा पहुंचा सुक्खा खालिस्तान समर्थक था। भारतीय जांच एजेंसी, एनआईए द्वारा जारी की गयी 41 आतंकियों व गैंगस्टरों की सूची में सुक्खा शामिल था। उसे खालिस्तानी आतंकी-गैंगस्टर अर्शदीप सिंह उर्फ



अर्श डल्ला का राइट हैंड माना जाता था। वह कनाडा में बैठकर अपने गुर्गों से भारत में रंगदारी वसूलता था। लॉरेंस गैंग ने गैंगस्टर सुक्खा के कत्ल की जिम्मेदारी ली है। लॉरेंस गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा की सुक्खा बंबीहा ग्रुप का इंचार्ज बना फिरता था। सुक्खा को हेरोइन का आदी नशेड़ी बताकर कहा गया है कि उसने सिर्फ अपने नशे के शौक को पूरा करने के लिए बहुत घर उजाड़े थे। उसकी हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए लारेंस विश्नोई गैंग ने लिखा है कि सुक्खा ने गुरलाल बराड़, विक्की मिड्डूखेड़ा, संदीप नंगल अंबिया की हत्या करवाई थी।

**विदेश से चला रहा था गिरोह**

दुनेके पंजाब के मोगा जिले के दुनेके कलां गांव से था और दिसंबर 2017 में कनाडा भाग गया था। उन्होंने बताया कि खूंखार गैंगस्टर दुनेके विदेशी धरती से अपना गिरोह चला रहा था। वह उगाही का रैकेट चलाने, स्थानीय सहयोगियों की मदद से पंजाब और आसपास के इलाकों में विरोधी गिरोह के सदस्यों की हत्या कराने तथा विदेशों में बसे सहयोगियों के नेटवर्क के प्रबंधन में भी शामिल था।

**गैंगस्टर गोल्डी बराड़ से जुड़े तार :** दुनेके की हत्या अमेरिका स्थित गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई गुरलाल बराड़ की हत्या का बदला है। हत्या को बिश्नोई गिरोह के दो सदस्यों ने अंजाम दिया और विनिपेग के एक घर में दुनेके को आठ गोलियां मारीं। बराड़ खुद हमले की निगरानी कर रहा था और चाहता था कि लोगों को पता चले कि दुनेके को गुरलाल की हत्या के लिए मारा गया है।

### हिंदू फोरम ने कनाडा सरकार से मांगी सुरक्षा

**ओट्टावा।** कनाडा में हिंदुओं के सिर पर जान का खतरा मंडरा रहा है। हिंदू फोरम कनाडा ने सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। जून माह में अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत पर आरोप लगाए जाने के बाद कनाडा में रह रहे भारतीय भी चिंतित हैं। रही सही कसर भारत में आतंकवादी के रूप में चिह्नित गुरपतवंत पन्नू ने हिंदुओं को देश छोड़कर जाने की धमकी देकर पूरी कर दी है। पन्नू प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का मुखिया भी है और भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहता है।

अब इस मसले पर कनाडा के अल्पसंख्यकों के बीच काम कर रहे मानवतावादी संगठन हिंदू फोरम कनाडा ने कनाडा के सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लीब्लेंक को पत्र लिखकर खालिस्तान समर्थक आतंकियों के खतरे को देखते हुए हिंदू समुदाय की सुरक्षा की मांग की है। फोरम ने पन्नू के बयानों के संबंध में इस मामले पर ध्यान देने और अहम कदम उठाने की मांग की है।

**भारत से कुछ और राजनयिकों को वापस बुलाएगी कनाडा सरकार :** कनाडा सरकार ने भारत से कुछ और राजनयिकों को वापस बुलाने की बात कही है। इसके पीछे सोशल मीडिया पर उन्हें मिल रही धमकियों को आधार बनाया गया है।

पहले कनाडा ने एक भारतीय राजनयिक को बर्खास्त किया, फिर भारत ने एक कनाडाई राजनयिक को बर्खास्त करने के साथ पांच दिन के भीतर देश छोड़ने के आदेश दे दिए। इसके बाद कनाडा ने अपने नागरिकों को भारत के कुछ राज्यों की यात्रा करने से बचने की सलाह दी, तो इसके जवाब में भारत सरकार ने भी अपने नागरिकों को कनाडा की यात्रा से बचने की सलाह दे डाली। इसी बीच घटनाक्रम में खासा तनाव बढ़ने के बाद अब कनाडा सरकार ने कुछ राजनयिकों को भारत से वापस बुलाने की बात कही है।

# चेन्नई में कैब ड्राइवर के खाते में आया नौ हजार करोड़

**एजेंसी**

**चेन्नई।** बैंक की गलती से एक चेन्नई के कैब टैक्सी ड्राइवर के बैंक खाते में नौ हजार करोड़ रुपये जमा हो गए, लेकिन 30 मिनट बाद बैंक ने अपनी गलती सुधार ली और उसके खाते से पूरी राशि वापस ले ली। इससे पहले कैब ड्राइवर ने इस राशि में से 21 हजार रुपये अपने दोस्त को ट्रांसफर कर लिए थे। बैंक ने वह 21 हजार रुपये वापस लेने से मना कर दिया और ड्राइवर को लोन देने का ऑफर भी दिया।

चेन्नई स्थित नेक्करपट्टी गांव के मूल निवासी राजकुमार कैब ड्राइवर है। कैब ड्राइवर के मोबाइल फोन पर 19 सितंबर को उसके तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक खाते में नौ हजार करोड़ रुपये जमा होने के मैसेज मिला। वह इतनी बड़ी धनराशि जमा होने का मैसेज पढ़ते ही घबरा गया। परेशान कैब ड्राइवर ने इस बारे में अपने एक दोस्त को बताया। कैब ड्राइवर ने सपना सा लग रही इस बात की सच्चाई जांचने के लिए अपने दोस्त के बैंक

- **30 मिनट बाद बैंक ने अपनी गलती सुधार ली और उसके खाते से पूरी राशि वापस ली**
- **ड्राइवर ने सच्चाई जांचने के लिए अपने दोस्त के खाते में 21 हजार ट्रांसफर किया**

खाते में 21 हजार रुपये ट्रांसफर करके देखा। यह रुपये उसके दोस्त के बैंक खाते में ट्रांसफर हो गए। लेकिन लगभग 30 मिनट उसकी खुशी काफूर हो गई। उसके बैंक खाते से पूरी राशि निकाल ली गई। ड्राइवर ने अगले दिन बैंक अधिकारियों से संपर्क किया, तब पता चला कि बैंक की गलती से उसके खाते में रुपया ट्रांसफर कर दिया था। इसी बीच एक अधिकारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराने की उसे धमकी दी, तो कैब ड्राइवर अपने वकील के साथ बैंक पहुंच गए। बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बैंक ने खाताधारक राजकुमार को निकाले गए 21 हजार रुपये वापस करने से मना कर दिया। साथ बैंक ने कैब ड्राइवर को कार के लिए लोन देने का ऑफर भी दिया।

## 43 वर्ष की हुई करीना कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री करीना कपूर गुरुवार को 43 वर्ष की हो गयी। 21 सितंबर 1980 को मुंबई में जन्मीं करीना कपूर को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता रणधीर कपूर अभिनेता जबकि मां बबीता और बहन करिशमा कपूर जानी मानी फिल्म अभिनेत्री थी। घर में फिल्मी माहौल रहने के कारण करीना अक्सर अपनी बहन के साथ शूटिंग देखने जाया करती थीं। इस वजह से उनका भी रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। करीना कपूर ने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म रिफ्यूजी से की। इस फिल्म में उनके नायक की भूमिका अभिषेक बच्चन ने निभायी थी जो उनकी भी पहली फिल्म थी।



हालांकि फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नही दिखा सकी।

वर्ष 2004 में करीना के अभिनय के नये आयाम देखने को मिले। इस वर्ष करीना की युवा, चमेली, हलचल और एतराज जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुयी। सुधीर मिश्रा के निर्देशन में बनी फिल्म चमेली में करीना ने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म में उनके दमदार अभिनय के लिये उन्हें फिल्म फेयर का पुरस्कार भी दिया गया।

**नौकरी के बदले जमीन घोटाला**

## तीन और आरोपियों पर चलेगा मुकदमा

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को दिल्ली की एक अदालत को सूचित किया कि पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद से जुड़े नौकरी के बदले जमीन मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए जरूरी मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय एजेंसी ने विशेष न्यायाधीश गीतांजलि गोयल को बताया कि महीप कपूर, मनोज पांडे व पीएल बनकर के संबंध में आवश्यक मंजूरी सक्षम अधिकारियों से प्राप्त की। न्यायाधीश ने दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लिया और आरोप पत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं, यह तय करने के लिए मामले को शुक्रवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। एजेंसी ने तीन जुलाई को राजद प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे और तेजस्वी यादव पर चार्जशीट दाखिल किया था।

# सेंसेक्स 571 अंक और लुढ़का

**एजेंसी**

**मुंबई।** शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला गुरुवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 570.60 अंक का गोता लगा गया। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच निवेशकों ने वाहन, बैंक और वित्तीय कंपनियों के शेयरों में बिकवाली की, जिससे बाजार नीचे आया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के महंगाई को काबू में रखने के लिये इस साल नीतिगत दर में एक बार और वृद्धि के संकेत से वैश्विक बाजारों में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 570.60 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 66,230.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 672.13 अंक

**शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, निफ्टी 159 अंक टूटकर 19,742 पर हुआ बंद**

तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 159.05 अंक यानी 0.80 अंक टूटकर 19,742.35 अंक पर बंद हुआ।

**आईसीआईसीआई में सर्वाधिक गिरावट :** सेंसेक्स के शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक में सर्वाधिक 2.81 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और पावर ग्रिड के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टेक महिंद्रा, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टुब्रो और टाइटन शामिल हैं। मझोली कंपनियों के शेयरों का सूचकांक बीएसई मिडकैप 0.99 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों का सूचकांक स्मॉलकैप 0.98 प्रतिशत टूटा। कोटक सिक्योरिटीज लि. के शोध प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा कि दुनिया के अन्य बाजारों में कमजोर धारणा से घरेलू बाजार में लगातार तीसरे दिन बिकवाली देखने को मिली। इसका कारण यह है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस साल नीतिगत दर में एक और वृद्धि के संकेत से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे।

## पाकिस्तान में जनवरी के अंतिम सप्ताह में चुनाव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लंबी मशक्कत के बाद आम चुनावों की राह खुलती नजर आ रही है। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने अगले वर्ष जनवरी के अंतिम सप्ताह में देश में आम चुनाव करने का ऐलान किया है। पाकिस्तान में आम चुनाव को लेकर खासा बवाल मचा है। नेशनल अलेंबली के भंग होने के 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने की बाध्यता के बावजूद चुनाव आयोग ने इससे इनकार कर दिया था। पाकिस्तान चुनाव आयोग ने वर्ष 2024 के जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आम चुनाव कराने की घोषणा की है। चुनाव आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर काम की समीक्षा की गई और निर्णय लिया गया कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए प्रारंभिक सूची 27 सितंबर 2023 को प्रकाशित की जाएगी।

# काल्पनिक मंदिर में अभय प्रदान करती दिखेंगी मां जगतजननी

**खबर मन्त्र का अभियान : पूजा का बने भव्य पंडाल और समस्याओं का हो समाधान**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** श्री दुर्गा पूजा समिति भुताहा तालाब में इस बार काल्पनिक मंदिर में अभय प्रदान करती दिखेंगी मां जगतजननी। मंदिर के प्रारूप वाले पंडाल के लिए कपड़ें और प्लाई की बारीकी से कटिंग बंगाल से आए कलाकार प्रदीप बंगाली और उन्की टीम के द्वारा किया जा रहा है। इस बार पंडाल की ऊंचाई 45 फीट और लंबाई 35 फीट होगा। पूजा समिति के संरक्षक उदय साहू ने बताया कि यहां मां दुर्गा की पूजा 97 वर्षो से लगातार होती आ रही है। इस बार मां दुर्गा की मूर्ति 13 फीट की होगी। प्रतीमा का निर्माण मूर्तिकार रामपाल द्वारा किया जा रहा है। पंडाल के अंदर श्री गणेश , कार्तिकेय सहित माता महालक्ष्मी

- **श्री दुर्गा पूजा समिति भुतहा तालाब में इस बार पंडाल की ऊंचाई 45 फीट और लंबाई 35 फीट होगा**

और सरस्वती विराजमान होंगी। पूजा समिति के आयोजक संजय सिंह (लल्लू सिंह) ने बताया कि आकर्षक तोरणद्वार, लाइटिंग, साउंड, प्रतीमा, पुजन सामाग्री आदि पर करीब सात लाख पचास हजार रुपए खर्च किए जाएंगे।

पंडाल की सुरक्षा में सीसीटीवी कैमरा, गार्ड तथा वॉलंटियर्स मौजूद रहेंगे । पूजा को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, वरिष्ठ संरक्षक कुमार राजा,उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, राजकुमार गुप्ता, दीपू सिंह,राजेश साहू, संरक्षक वरुण साहू, विशाल कृष्णा व अन्य लगे हुए हैं। अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, महामंत्री मनीष सेठी, कार्यकारणी अध्यक्ष राहुल सिंह, गणेश सिंह, सूरज वर्मा, भोलू सिंह, बंटी वर्मा, करण सिंह, मोहित रजक, आशीष रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह दिन-रात लगे हुए हैं।



### मुख्य समस्या सड़क जाम : उदय साहू



पूजा समिति के संरक्षक उदय साहू कहा कि सड़क पतली है। जिसके चलते जाम की समस्या बनीं रहती है। प्रशासन से निवेदन है कि पूजा के दौरान ट्रैफिक पुलिस तैनात कर दें, जिससे भक्तजनों को आने-जाने में कष्ट न हो।


VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !